आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 319, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा 15

फिल्म मटका से वापसी करेंगी नोरा फतेही 16

## एक नजर

### मुंबई में महंगी हुई सीएनजी और पीएनजी

**मुंबई।** दिल्ली के बाद में मुंबई में सीएनजी के दाम 1.50 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। जबकि पाइप के जरिए रसोई में पहुंचने वाली गैस यानी पीएनजी की कीमत एक रुपये बढ़ गई है। मुख्य रूप से कच्चे माल की लागत बढ़ने से दाम बढ़ाए गए हैं। मुंबई और आसपास के शहरों में वाहनों के लिए सीएनजी और घरों में पाइप के जरिए खाना पकाने की गैस उपलब्ध कराने वाली महानगर गैस लि. (एमजीएल) ने कहा कि बढ़ी हुई कीमतें 8 जुलाई की मध्यरात्रि से लागू होंगी।

### नीट-यूजी जांच : महाराष्ट्र से एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी में कथित हेरफेर करने के आरोप में एक व्यक्ति को महाराष्ट्र के लातूर से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने लातूर से जुड़े मामले में नंजुनेथप्पा जी नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। इस मामले की जांच पहले महाराष्ट्र पुलिस कर रही थी।

### बब्बर खालसा का आतंकी सिमरनजीत गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबलू पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की तीन अप्रैल 2024 को दो हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सीटीईटी परीक्षा में 17 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी)-2024 में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के आरोप में राज्य भर से तीन महिलाओं सहित कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दरभंगा से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि सारण से चार और बेगूसराय जिले से एक व्यक्ति को बंदी बनाया गया है।

# बारिश से बिगड़े हालात, गांवों में घुसा पानी, शाहजहांपुर में रेलवे ट्रैक डूबा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से पहाड़ों और मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए। सड़कें, पुलिया कट गईं। दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। दो लोगों की मौत हो गई। ट्रेन संचालन भी बाधित हो गया।

रविवार रात करीब एक बजे शारदा नदी में 3.51 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत में हालात बिगड़ गए। वहीं देवहा नदी में लगातार जलस्तर बढ़ने से शहर से सटे नावकूड़, चंदोई में सड़कों के साथ ही गांवों में भी पानी भरने लगा। पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग तेज बहाव के चलते कट गया जिससे कलीनगर तहसील क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। बरखेड़ा, बीसलपुर, मझोला-सितारगंज मार्ग पर कई पुलिया बह गईं। प्रशासन, पुलिस और एसएसबी के टीमें बचाव कार्य मे लगी हैं। जलभराव से पीलीभीत में युवक और बीसलपुर के मीरपुर वाहनपुर गांव में बच्चे की डूबकर मौत हुई। ट्रेन यातायात पर भी असर पड़ा। कुल 22 ट्रेनें को रद कर दिया गया जबकि 14 को शार्ट टर्मिनेट करना पड़ा। वहीं शाहजहांपुर में खन्नौत नदी में पानी बढ़ने से लोधीपुर में दूसरे दिन भी बाढ़ जैसे हालात बने रहे। घरों में पानी घुसने पर सोमवार को भी लोग अपना सामान लेकर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर पलायन करते देखे गए। रविवार की रात तेज बारिश में बिलपुर रेलवे लाइन पर पानी भर गया जिससे ट्रेनें काशन देकर निकाली गईं। लखनऊ- दिल्ली मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनें विलंब से पहुंचीं।



पीलीभीत में शाहगढ़-संडई के बीच पुलिया बहने के बाद लटका रेल ट्रैक।

### पीलीभीत में शारदा और देवहा नदी का जलस्तर बढ़ा, सड़कें-पुलियां कटीं

### कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर, फसलें डूबीं, श्रावस्ती में दो की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश के चलते कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर चली गईं हैं। कुशीनगर, बिजनौर समेत कई जिलों के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। काफी फसलें पानी में डूब गईं। ग्रामीण घरों से पलायन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बलरामपुर में बाढ़ से 26 गांव प्रभावित हैं। श्रावस्ती में राप्ती नदी के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोंडा में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय से सोमवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए। सोमवार को सुबह भी बनबसा बांध से शारदा नदी में लगभग 10 लाख क्यूसेक तथा दियूनी और नानक सागर बांध से देवहा नदी में 1.81 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया।

### रेलवे लाइन पर आया पानी, दो ट्रेनें रद

**बदायूं।** रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने से दो ट्रेनें रद कर दी गईं। बरेली इज्जतनगर के पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रैक पर पानी आ जाने से 05336 कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन को सोमवार को रद कर दिया गया। गूलरभोज में ट्रैक पर पानी आने से एक अन्य ट्रेन रद कर दी गई। बिचौली में खस्ताहाल पुल से वाहनों को गुजरने से रोकने के लिए विभाग ने चेतावनी जारी की है। इसे जर्जर घोषित किया जा चुका है। कासगंज में बाढ़ के हालात होते जा रहे हैं। बरौना, बस्तोली ब्रह्मपुरी, नगला दल व अन्य कई गांवों के किनारे गंगा का पानी पहुंच गया।

# कठुआ में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, जेसीओ समेत पांच शहीद

## छह जवान घायल, पहाड़ी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर फेंका ग्रेनेड

कठुआ/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से पांच की जान चली गई।' अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।

इससे पहले रविवार कश्मीर घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के यह सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। इस बीच 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है। हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ।



कठुआ में घायल जवान को अस्पताल पहुंचाते सैनिक। ● एजेंसी

### रियासी में श्रद्धालुओं की बस को बनाया था निशाना

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे, जो शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर कटड़ा की ओर जा रहे थे।

# शीर्ष न्यायालय ने माना लीक हुआ नीट-यूजी का प्रश्नपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। पेपर लीक के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचान हुई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली 30 से अधिक याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है।

**हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं :** पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने क्या कार्रवाई की।

- कोर्ट ने कहा- शुचिता नष्ट हुई है तो पुन: परीक्षा का आदेश देना होगा
- धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

### विशेषज्ञों की टीम गठित हो ताकि फिर ऐसा न हो



सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता 'नष्ट' हो गई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा। पीठ ने कहा कि जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। कहा कि यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?

# जमानत पर छूटे गैंगरेप के आरोपी ने पीड़िता की मां को मारकर की खुदकुशी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां, पीड़िता के पिता और बहन भी घायल, दोनों कानपुर रेफर किए गए
- उन्नाव के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव में वारदात, हल्का दरोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के आरोप में जेल से जमानत पर छूटे आरोपियों ने सोमवार तड़के पीड़ित परिवार पर सोते समय ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इसमें पीड़िता की मां व पिता सहित दो बहनें घायल हो गईं। सभी सीएचसी लाया गया, जहां मां को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता व बहनों को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में मुख्य आरोपी ने खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आईजी समेत कई अफसर गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। आईजी के निर्देश पर हल्का दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। आत्महत्या करने वाले आरोपी ने सोशल मीडिया पर खुद को निर्दोष बताकर एक वीडियो भी अपलोड किया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के अनुराग और पुनीत पर गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मार्च 2024 में दोनों जमानत पर बाहर आए थे। सोमवार तड़के करीब चार बजे पीड़ित परिवार अपने घर की छत पर सो रहा था। तभी पुनीत, अनुराग व उसके भाई अनूप पहुंचे और तमंचों से फायरिंग करने लगे, धारदार हथियार भी चलाए। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी प्रेमचंद व सीओ बांगरमऊ गांव पहुंचे। आईजी रेंज प्रशांत कुमार भी पहुंचे और पीड़ित परिवार से बात की। एक बेटी ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# गांवों में बिजली गायब, अफसर कह रहे अब मांग ही नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों से बंद चल रही उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयां अभी 15 जुलाई तक चालू नहीं होंगी। ये इकाइयां सोमवार को चालू होने वाली थीं, पर मांग में कमी का तर्क देकर इनकी बंदी एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दी गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि 660 मेगावाट की एक और इकाई को भी सप्ताह भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि भीषण उमस में प्रदेश में बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

बीते तीन-चार जुलाई को टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया था। इन इकाइयों के बंदी का कारण स्पष्ट नहीं किया था। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों को कुछ राहत देने व रखरखाव कार्य के लिए बंद किये जाने का तर्क दे रहे थे। इस मामले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी। इस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया था।



स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए सोमवार को मॉस्को पहुंचे। मॉस्को हवाई अड्डे पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# मासिक धर्म अवकाश पर बनाएं नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र व राज्य सरकारें कर सकती हैं विचार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को ''मासिक धर्म'' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा कि यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं।

### सैनेटरी पैड पर नीति का काम अंतिम चरण में : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि स्कूल जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण पर राष्ट्रीय नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी की नीति तैयार करने के लिए दो महीने का समय देने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्यों को छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# पुजारियों-संतों के लिए मानदेय नीति लाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### उप्र. के 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों को सुविधाएं देने की तैयारी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार 60 साल से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों के लिए एक मानदेय नीति लाने की तैयारी कर रही है। मानदेय देने के लिए एक बोर्ड बनाया जाएगा। इसके अलावा उनको राशन और हेल्थ कार्ड से सुविधा देने पर भी विचार किया जा रहा है। सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े तीर्थों की यात्रा के लिए अनुदान देने की योजना है। वहीं, मंदिरों का भी जीर्णोद्धार होना है।

इससे पहले राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, मंदिरों और मठों की जानकारी के साथ पुजारियों और संतों की संख्या का डेटा रखने को एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। शासन स्तर से इसके लिए दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।

दरअसल हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धर्मार्थ कार्य निदेशालय की ओर से विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इस दौरान नया पोर्टल बनाने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पहले प्रामाणिक जानकारियां जुटाई जाएं। साथ ही संतों और पुजारियों के लिए मानदेय की नीति ठीक से तैयार करने को कहा।

राज्य सरकार ने पूर्व में पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री ने इसमें तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन किया जा रहा है। इसी के ज़रिए पुरोहित-अर्चकों की मदद की जाएगी। इस योजना में सिख, जैन आदि के साथ सभी पंथों को भी शामिल किया जाएगा।



- दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने के अफसरों को दिए निर्देश

### एक टच में मिलेगी मंदिरों की जानकारी

सभी धर्मस्थलों और मंदिरों की जानकारी अब स्मार्टफोन पर एक टच में मिलेगी। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर काम चल रहा है। एप भी बनेगा जिसमें न सिर्फ़ प्रदेश के बड़े मंदिरों बल्कि हर ज़िले के प्रमुख मंदिरों की पौराणिक मान्यता, इतिहास और अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जर्जर हो चुके मंदिरों का होगा कायाकल्प

राज्य में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 100 साल से ज्यादा पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अलग से योजना तैयार की गई है। सभी 75 जिलों में लगभग 300 मंदिर इसके तहत चिन्हित किए गए हैं, जहां बजट जारी किया जा रहा है।

## एक नजर

### टुल्लू पंप में उतरा करंट चिपककर अधेड़ की मौत

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के कौशलपुरी निवासी 56 वर्षीय राजेंद्र गौड़ की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह रविवार शाम पानी के लिए टुल्लू पंप नल में लगा रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गए। परिजन हैलट ले गए जहां मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद पत्नी रजनी अचेत हो गई वहीं इकलौता पुत्र दीपक व अंजलि बदहवास हैं।

### घर में औंधे मुंह पड़ा मिला अधेड़ का शव

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र के रानी का बगीचा निवासी 54 वर्षीय दिनेश घर के बाथरूम में मृत मिला। बहन विजयलक्ष्मी और शालिनी के अनुसार वह मोटर मैकेनिक था। तीन दिन से वह घर से बाहर नहीं निकला। जिस पर इलाके के लोगों ने फोन कर सूचना दी थी। पुलिस की मौजूदगी में घर के अंदर गए तो उसका शव बाथरूम में औंधे मुंह पड़ा मिला। परिजनों के अनुसार नवंबर में पत्नी की मौत के बाद से वह शराब का लती हो गया था। उसकी बेटी शिवानी की शादी हो चुकी है।

# शादी के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा पति

- पत्नी ने की शिकायत, पनकी थानाक्षेत्र का मामला
- एडिशनल सीपी ने दिए जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंची एक महिला ने युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने इसके बाद दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था को महिला ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अफसर ने एसीपी पनकी को जांच के आदेश दिए।

कांशीराम कॉलोनी पनकी निवासी महिला ने आरोप लगाया कि जिस घर में वह रहती है उसी के तीसरे माले पर एक युवक रहता था। जिसने उससे दोस्ती की और प्रेमजाल में फंसाकर 28 अप्रैल 2024 को लखनऊ ले जाकर शादी कर ली। फिर इसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगा, कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने पनकी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

सोमवार को वह एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चंदर के सामने पेश हुई और शिकायत दर्ज कराई। जिस पर उन्होंने एसीपी पनकी श्वेता कुमारी को मामले की जांच सौंप दी। एसीपी पनकी श्वेता कुमारी ने बताया कि दोनों पति-पत्नी हैं। इनके बीच विवाद हुआ था जिसमें 18 जून 2024 को पुलिस ने समझौता कराया था। गवाहों के साथ दोनों के हस्ताक्षर भी सुलहनामा में मौजूद है। एसीपी ने कहा कि अब महिला ने यह आरोप क्यों लगाए है इसे लेकर जांच की जाएगी।

# अब आयुध नगरी बनने की तरफ 'पूरब का मैनचेस्टर'

**210** हेक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट | **10** हजार करोड़ से अधिक का निवेश | **218** हेक्टेयर से अधिक भूमि पर डिफेंस कॉरिडोर | **24** कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई | **1700** करोड़ से अधिक निवेश धरातल पर

- शहर में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से ले रहा आकार
- 18 हजार से अधिक युवाओं को रक्षा उत्पादन सेक्टर में रोजगार का अवसर मिलने का खुला रास्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कभी 'पूरब का मैनचेस्टर' कहा जाने वाला कानपुर अब आयुध नगरी की पहचान बनाने की तरफ आगे बढ़ रहा है। देश को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से आकार ले रहा है। इसके प्रदेश में छह नोडल हैं, जिसमें कानपुर नोडल में सर्वाधिक निवेश हो रहा है। कानपुर नोडल में बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादों का निर्माण होगा। इसमें छोटे-बड़े हथियारों से लेकर गोला-बारूद और सैन्य बलों के लिए अत्याधुनिक सुरक्षित वस्त्रों का निर्माण भी शामिल है। इसके साथही कानपुर नोड में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े उपकरणों को भी निर्मित किया जाएगा।

नरवल तहसील के अंतर्गत साढ़ में 218 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार अब तक यहां 24 कंपनियों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है, जिसमें पांच कंपनियों ने निवेश शुरू करते हुए कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 62 करोड़ रुपये होंगे खर्च

यूपीडा के अधिकारियों के अनुसान कानपुर नोडल के लिए अब तक 210 हेक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट की जा चुकी है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के कानपुर नोड में 18 हजार से भी अधिक रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। अब तक कुल 1700 करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है, इससे फिलहाल ढाई हजार रोजगार युवाओं को प्राप्त हुए हैं। कानपुर नोड में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए प्रदेश सरकार 62 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसमें से लगभग 33 करोड़ के कार्य पूरे हो चुके हैं। 16 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं। 13 करोड़ के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है।



इनमें सबसे बड़ा नाम अदाणी समूह का है, जिसने बीते फरवरी माह से ही यहां अपनी फैक्ट्री शुरू कर दी है।

1500 करोड़ रुपये के निवेश से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के जरिए छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोलाबारूद के विविध रेंज का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 38 करोड़ रुपये से आधुनिक मैटेरियल एंड साइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सैनिकों के लिए अत्याधुनिक सुरक्षित वस्त्रों के निर्माण का काम भी शुरू हो चुका है। 360 करोड़ रुपये से नेत्र ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड आर्टलरी शेल का निर्माण करेगी और 3500 करोड़ रुपये से अनंत टेक्नोलॉजी एलईओ और जीईओ सैटेलाइट निर्माण से जुड़े उपकरण तैयार करेगी।

○ अराजक स्कूली वाहनों की धरपकड़ की गई, कई सीज ○ आरटीओ प्रवर्तन दल ने चलाया अभियान

# सिर्फ नाम का चला चेकिंग अभियान खानापूर्ति करके चले गए साहबान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हजारों खटारा वाहनों में नौनिहालों को घर से स्कूल और स्कूल से घर ले जाने वाले वाहनों की धरपकड़ के लिए आरटीओ की टीम ने खानापूर्ति करने वाला अभियान चलाया। कई वाहनों को सीज कर दिया गया जबकि कई वाहनों के चालान किये गए। हालांकि ये अभियान कुछ ही मार्गों पर चलाया गया जबकि अन्य मार्गों पर डग्गामार वाहन धड़ल्ले से दौड़ते रहे। इससे नतीजा सिफर रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में सोमवार को स्कूली वाहनों की चेकिंग हुई। कानपुर में भी आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ विदिशा सिंह के दिशा निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज भास्कर, आरके वर्मा, कहकशां खातून ने विभिन्न मार्गों की घेराबंदी करके अभियान चलाया जिसमें कई प्राइवेट स्कूली वाहन डग्गामारी करते हुए पकड़ गए। ऐसे वाहनों की सीज कर दिया गया जबकि कई वाहनों का चालान किया गया। हालांकि ये अभियान कुछ ही रूटों पर चला। इससे पूरे शहर में मैसेज नहीं जा सका।





ई रिक्शा और वैन में ठसाठस भरे स्कूली बच्चे ढोए जाते रहे। अमृत विचार

### हजारों स्कूली वाहन बिना फिटनेस के दौड़ रहे

शहर में हजारों की संख्या में स्कूली वाहन (विशेष तौर पर वैन) दौड़ रहे हैं जिनका फिटनेस से दूर दूर तक कोई नाता नहीं है। कई ऐसे वाहन हैं जिनका पंजीयन तक नहीं है, ई रिक्शा कितनी सुरक्षित है, ये सबको पता है लेकिन उसके बाद भी ई रिक्शा पर दस दस बच्चे स्कूल ले जाये जा रहे हैं। कई स्कूली वाहनों में एलपीजी लगी है लेकिन न तो ऐसे वाहनों की एलपीजी आरटीओ से पास है और न तो उसकी कभी मानीटरिंग होती है। जब शासन से सख्ती होती है तो दो-चार दिन अभियान चलाकर फोटो खिंचवा ली जाती है, नतीजा ढाक के तीन पात ही रहता है। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार का कहना कि फिटनेस कैंप लगाया जाएगा और उनकी फिटनेस करने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

### स्कूली वाहनों के मानक

- पीले रंग का स्कूली वाहन होना चाहिए
- वाहन के चारों ओर 18 इंच लंबा, 8 इंच चौड़ा स्कूल के नाम का बोर्ड लगा होना चाहिए।
- वाहन के स्टेयरिंग साइड में वाहन के दरवाजे पर चालक का मोबाइल नंबर और नाम होना चाहिए।
- वाहन के अंदर एक कंडक्टर गेट पर होना चाहिए जिसके पास सीटी होना चाहिए।
- कंडक्टर की ड्यूटी में शामिल है कि वह बच्चे को वाहन से उतारने के बाद घर तक छोड़े।
- वाहन की स्पीड भी 40 किमी प्रतिघंटा से अधिक नहीं होना चाहिए।

### स्कूल, कालेजों को नोटिस

नगर के सभी स्कूलों के प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है कि उनके स्कूल कालेज में कितने स्कूली वाहन हैं, उनकी फिटनेस हुई है या नहीं, ये स्कूली वाहन मानकों पर खरा उतरते हैं या नहीं। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार ने बताया कि स्कूलों को नोटिस दी गई है, कोई स्कूल प्रबंधन ये कहकर नहीं बच सकता है कि अभिभावक स्वयं के संसाधन से बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में बच्चों के आते ही स्कूल की जिम्मेदारी शुरु हो जाती है।




नरौना चौराहे से एलआईसी मार्ग पर सीवर का पानी भर रहा है। अमृत विचार

# मेट्रो ने सीवर लाइन की बंद, जलभराव

**समस्या**

- एलआईसी मार्ग पर सीवर का पानी भर रहा है
- राहगीरों का निकलना मुश्किल हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से फूलबाग में सीवर लाइन चोक हो गई है। जिससे नरौना चौराहे से एलआईसी मार्ग पर सीवर का पानी भर रहा है। जिसके बीच ही राहगीर निकलने को विवश हैं। नगर निगम ने इस संबंध में यूपीएमआरसी को तत्काल सीवर लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं।

नगर निगम अधिशाषी अभियंता जोन 1 ने यूपीएमआरसी के परियोजना प्रबंधक-1ए को पत्र लिखकर कहा है कि पनचक्की चौराहा फूलबाग के पास जो नरौना चौराहे से एलआईसी चौराहे के रास्ते में सीवर लाइन पड़ी है वह मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से चोक हो गई है। जल निकासी न होने की वजह से मुख्य सड़क पर जलभराव हो रहा है। बरसात में समस्या बढ़ जा रही है जिससे राहगीर भरे पानी के बीच से निकलने को मजबूर हैं। इससे नगर निगम की छवि भी धूमिल हो रही है। इसलिये तत्काल सीवर लाइनों को साफ कराने का प्रबंध करें।

### रामादेवी से प्रयागराज को जोड़ने वाला मार्ग करें ऊंचा

रामादेवी से प्रयागराज को जोड़ने वाले हाइवे पर शेरशाहसूरी तालाब और एचएएल के बाहर भारी मात्रा में सीवर भर रहा है। मार्ग पर बने एनएचएआई के नाले से सड़क नीची होने की वजह से जलभराव हो रहा है। जिससे हाइवे पर चलने वाले राहगीरों की समस्या बढ़ गई है। अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर कहा है कि एनएचएआई की सीवर लाइनों को साफ करने के साथ ही सड़क को नाले से ऊंची करें ताकि जलभराव न हो सके।

# सरकारी सेवा में रखा जाए प्रतिरक्षा कर्मियों को

- भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के नेताओं ने रक्षा सचिव को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयुध निर्माणियों में कार्यरत कर्मचारियों को निगमीकरण के बाद डीम्ड डेपुटेशन पर रखा गया है। इसकी अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो रही है। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के नेताओं ने दिल्ली में रक्षा सचिव गिरधर अमाने को ज्ञापन देकर आयुध कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तक उसी तरह सरकारी सेवा में रखने की मांग की है, जैसा पूर्व में प्रसार भारती को निगम बनाए जाते समय वहां के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी बनाए रखा गया था।

भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश सिंह तथा जेसीएम-2 वीरेंद्र कुमार शर्मा ने रक्षा सचिव को बताया कि आयुध निर्माणियों में मृतक आश्रितों तथा मेडिकली बोर्ड आउट हुए कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति संबंधित निर्णय मंत्रालय में लंबित है, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति को शुरू किया जाए। आयुध निर्माणियों में कर्मचारियों के ओटी एरियर का भुगतान 1 जनवरी,2006 से बकाया है, न्यायालय द्वारा इस संबंध में आदेश दिए जाने के बाद भी एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूर संघ नेताओं ने कहा कि रक्षा मंत्रालय में खाली पदों को भरने के संबंध में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाए।

# कुशाग्र के पिता और चाचा से गालीगलौज व धमकी

- 30 अक्टूबर 2023 को कुशाग्र की अपहरण के बाद की गई थी हत्या
- मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा ने दी धमकी, एफआईआर के निर्देश



**कुशाग्र कांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आचार्य नगर के छात्र कुशाग्र कनोडिया हत्याकांड में जेल भेजे गए मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा ने कोर्ट में पैरवी करने पहुंचे कुशाग्र के पिता और चाचा से गाली गलौज करने के साथ धमकी दी। इस पर पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अफसरों से न्याय की गुहार लगाई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।



पुलिस ऑफिस पहुंचे कुशाग्र के पिता मनीष व चाचा सुमित। अमृत विचार

आचार्य नगर के एक अपार्टमेंट में रहने वाले सूरत के कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात और साथी शिवा को जेल भेज दिया था। वर्तमान में एडीजे सप्तम की कोर्ट में गवाही चल रही है। कुशाग्र के चाचा सुमित कनोडिया लखनऊ से पैरवी कर रहे हैं।

### हम सबको निपटा देंगे

चाचा सुमित ने बताया कि सोमवार को एडीजे (सप्तम) त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में उनके चाचा संजय की गवाही थी। वह अपने बड़े भाई मनीष के साथ कोर्ट पहुंचे थे। वह और कुशाग्र के पिता मनीष कोर्ट के बाहर खड़े थे। उसी दौरान मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा रामू शुक्ला फोन पर बात करते हुए किसी से कह रहे थे कि तुम परेशान न हो। तुम मेरे ऊपर से अपना हाथ न हटाना, हम सबको निपटा देंगे। इसके बाद बेवजह गालीगलौज शुरू कर दिया और देख लेने की धमकी दी। मनीष अपने बड़े भाई के साथ एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर के पास पहुंचे।

**हेल्थ अलर्ट** | चेस्ट हास्पिटल में आने वाली गर्भवतियों में मिल रही शिकायत

# गर्भावस्था में बढ़ रही अस्थमा की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्भावस्था के दौरान यदि किसी महिला की सांस अधिक फूल रही है तो यह अस्थमा का भी संकेत हो सकता है। गर्भावस्था के समय प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। ऐसे में सांस फूलने की समस्या को आम तकलीफ मानकर इलाज नहीं कराने पर समय से पहले प्रसव, बच्चे के विकास पर असर और उसका वजन कम होना जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिमाह 25 से 30 ऐसी गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए आती हैं, जिनको सांस लेने में तकलीफ, बेचैनी और थोड़ी दूर चलने पर हांफने जैसी समस्या होती है। जांच कराए जाने पर इनमें 80 प्रतिशत महिलाएं अस्थमा से पीड़ित मिलती हैं।

चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय कुमार वर्मा ने बताया कि अस्थमा, वायुमार्ग और फेफड़ों को प्रभावित करने वाली समस्या है। अस्थमा की समस्या होने पर फेफड़ों से हवा अंदर और बाहर ले जाने वाली नलिकाएं प्रभावित हो जाती हैं। इस कारण से श्वासनली में सूजन और संकुचन के कारण दर्द होने और सांस छोड़ते समय आवाज आने जैसी समस्या हो सकती है। जो महिलाएं कम टहलती हैं, उन्हें यह समस्या अधिक हो सकती है। हालांकि गर्भावस्था में एक तिहाई से ज्यादा महिलाओं में अस्थमा के लक्षण ठीक हो जाते हैं।

### अस्थमा के यह प्रमुख कारण

- फूलों और फसलों के परागकण, धूल और धुआं, सॉफ्ट ट्वॉय की धूल, घर की मिट्टी (डस्ट माइट), घरों के पर्दों पर जमी धूल, फर्नीचर की पॉलिश, पालतू जानवर (कुत्ता, बिल्ली और खरगोश) के बालों की एलर्जी।



### प्रदूषण और एलर्जी से बढ़ती समस्या

- सिर्फ प्रदूषण से अस्थमा नहीं होता है, लेकिन यह शरीर में मौजूद अस्थमा के कारणों को बढ़ाने में मदद जरूर करता है। प्रदूषण और एलर्जी कारक तत्व जब श्वांस नलिकाओं व फेफड़े में पहुंचते हैं तो रिएक्शन होता है। साइटोकाइन और ल्यूकोट्राइन केमिकल निकलते हैं, जिससे श्वांस नलिकाओं में सूजन, आंख में जलन, आंखें लाल होने, पानी आने, नाक में सूजन व पानी आने तथा छींक की शिकायत बढ़ जाती है। सूजन से श्वांस नली संकरी होने पर सांस लेने में दिक्कत होती है। सांस लेने में जोर लगाना पड़ता है। यही स्थिति आगे चलकर दमा का रूप ले लेती है।

# आइसक्रीम गोदाम में मिला कर्मी का शव

- चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके की घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में आइसक्रीम गोदाम में एक कर्मचारी का शव पड़ा मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए।

कानपुर देहात के बड़ा गांव खेजड़ी निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ डब्बू आइसक्रीम का ठेला लगाता था। वह आइसक्रीम फैक्ट्री के गोदाम में ही सोता था। परिजनों ने बताया कि वह शराब का लती था। चार दिन पहले वह घर से झगड़कर गोदाम चला गया था। गोदाम मालिक सनिगवां निवासी आमिर रविवार रात करीब साढ़े दस बजे घर चले गए थे। गोदाम में धर्मेंद्र के अलावा उसका साथी था। साथी के जाने के बाद धर्मेंद्र ने अंदर दरवाजा बंद कर लिया। सोमवार सुबह जब गोदाम मालिक पहुंचा तो खटखटाने के बाद भी धर्मेंद्र ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से झांककर देखने पर उसका शव दिखा। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और मृतक के परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने गोदाम के सामने लगे फुटेज देखे तो धर्मेंद्र फुटेज में देर रात 12 बजे से एक बजे तक टहलता दिखा। इसके बाद साथी के जाने के बाद वह अंदर चला गया। इस बीच कोई भी गोदाम में जाता नहीं कैद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि आशंका है कि शराब पीने से मौत हुई है।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम BALJEET SINGH से बदलकर BALJEET SINGH KANG रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। S/O : MALKEET SINGH Add: DHAKA KHERI

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में MV ACT मे दाखिल दो पहिया व चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 11.07.2024 को समय 10.00 बजे से थाना तुलसीपुर परिसर में नायब तहसीलदार तुलसीपुर के उपस्थिति में किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना तुलसीपुर परिसर मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अग्रिम धनराशि 5000/- रुपये जमा करना होगा।

**प्रभारी निरीक्षक** थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर

### सूचना

सूचित हो कि मैं नरेश कुमार गोयल निवासी आशियाना कालोनी कानपुर रोड सूचित करता हूं की मेरे पुत्र कार्तिकेय गोयल का आधार कार्ड में आशु गोयल अंकित है। मेरे पुत्र का असली नाम कार्तिकेय गोयल है। आधार कार्ड में नाम सुधार करा लिया गया है। कार्तिकेय गोयल और आशु गोयल एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पुत्र को भविष्य में कार्तिकेय गोयल के नाम से जाना जाए। **नरेश कुमार गोयल निवासी: सेक्टर के-1137 आशियाना कालोनी कानपुर रोड, लखनऊ**

### NOTICE

FOR CHANGE OF NAME OF SON OF EX-SERVICEMAN. I SHIVA SHARAN FATHER OF ABHINAV RESIDENT OF B-444, INDIRA NAGAR, RAEBARELI (UP) DO HEREBY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY SON NAME FROM ABHINAV TO ABHINAV YADAV DUE TO ADDITION OF SIR NAME. OBJECTION IF ANY MAY BE CONVENED TO THE CONCERNED AUTHORITY WITHIN SEVEN DAYS.

### सूचना

मैं, उमे हानेय इनाम (पुत्री अहमद सगीर इनाम शास्त्री, नि.- 610/984 (346) -सी, केशव नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020), मेरा नाम पहले Ume Haney था, मैंने अपना नाम बदलकर Ume Haney Inam रख लिया है । भविष्य में मुझे Ume Haney Inam के नाम से ही जाना जाये।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **तौकीर खां पुत्र अब्दुल रज्जाक खां, निवासी- ग्राम मूसेपुर खुर्द खीरी टाउन थाना व जिला खीरी,** मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम तौकीर अहमद (TAUKEER AHMAD) व पिता का नाम रज्जाक खां जन्मतिथि- 01.05.1960 अंकित हो गयी है। मेरा नाम व जन्मतिथि अन्य प्रपत्रों पर तौकीर खां (TAUKEER KHAN) व पिता का नाम अब्दुल रज्जाक खां जन्मतिथि-12.05.1966 अंकित है जो कि सत्य एवं सहीं है इन्ही नाम से मुझे जाना व पहचाना जाता है। अत: भविष्य में मुझे तौकीर खां (TAUKEER KHAN) व पिता का नाम अब्दुल रज्जाक खां, व जन्मतिथि-12.05.1966 के नाम से जाना जायेगा। जो वास्तविक रूप से सत्य है। इसी नाम से जाना पहचाना जायेगा।

### सूचना

सूचित हो कि JITENDRA SINGH पुत्र RAJKUMAR SINGH **निवासी सी - 1, 1111, गोमती इन्क्लेव निकट अलकनन्दा इन्क्लेव अवध बिहार योजना लखनऊ** 226002, मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH की रिपोर्ट कार्ड में पिता /माता का नाम JITENDRA RAJ KUMAR SINGH व माता का नाम PRIYANKA JITENDRA SINGH अंकित हो गया है। मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH के रिपोर्ट कार्ड में अंकित पिता के नाम के स्थान पर JITENDRA SINGH व माता के नाम के स्थान पर PRIYANKA SINGH दर्ज कर दिया जाये। जो सत्य व सही है। अत: मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH के रिपोर्ट कार्ड में उक्त संशोधन करके पुन: जारी किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र प्रदीप का चाल चलन अच्छा नहीं है वह बुरी संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने अपने पुत्र प्रदीप से संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दीगर व्यक्ति किसी प्रकार का लेन देन अथवा कानूनी कार्यवाही करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। हम परिवारीजनों से उसका कोई सरोकार नही है। **-पंची लाल पुत्र सुंदरे निवासी ग्राम भिड़रूआ पोस्ट हैंवरा तहसील सैफई, इटावा**

### आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

34.4⁰ अधिकतम तापमान | 24.5⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 07 : 05

### शहर में आज

- **कैंप** : रोटरी क्लब ऑफ कानपुर मेट्रो की ओर से हेल्थ चेकअप कैंप एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल इंदिरा नगर में सुबह 10 बजे।
- **स्वागत** : भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव का स्वागत प्रियदर्शन पीएसी रोड में दोपहर 12 बजे।
- **जांच** : पत्रकारों के लिए डेल्टा हास्पिटल, साकेतनगर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शाम 3.30 से 4.30 बजे।
- **व्याख्यान** : मर्चेंट चैम्बर ऑफ उ.प्र. सिविल लाइन में जीएसटी कर प्रणाली में संशोधन पर व्याख्यान शाम 4.15 बजे।

# पार्षदों का जनता से छल, लिखकर दिया कि नाला सफाई हो गई

## 39 पार्षदों ने स्वास्थ्य विभाग को दी क्लीन चिट जबकि शहर भर में हो रहा जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम के पार्षदों ने अधिकारियों के साथ कर ली सेटिंग
- महापौर बोलीं अब आना शिकायत लेकर, तब बताऊंगी

**अमृत विचार।** शहर में नाला सफाई की पोल बरसात ने खोल कर रख दी है। ऐसा कोई गली-मोहल्ला नहीं जहां इस बरसात में पानी नहीं भरा हो। नगर निगम अधिकारियों ने तो नाला सफाई के नाम पर शहरवासियों के साथ जो किया सो किया लेकिन उनके पार्षदों ने भी छलने का काम किया है। शहर के 39 वार्डों के पार्षदों ने नगर निगम को लिखकर दे दिया है कि उनके वार्ड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नाला सफाई कर दी गई है। जबकि असल में ऐसा नहीं हुआ है। कागजों पर हुई सफाई को लेकर महापौर ने पार्षदों को फटकार लगाते हुये कहा है कि अब शिकायत लेकर जनता आई तो हकीकत उनको बताऊंगी।

वार्ड एक लक्ष्मीपुरवा में भीषण जलभराव हुआ था। इसके बावजूद यहां के पार्षद विकास साहू ने स्वास्थ्य विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। भाजपा पार्षद और पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने भी स्वास्थ्य विभाग को क्लीन चिट देते हुये कहा है कि उनके यहां नालियों की सफाई हो गई है। जबकि उनके वार्ड 93 गोविंद नगर उत्तर में गलियों में नालियों की सफाई न होने की वजह से पानी भरता है। बड़े नालों की भी यही स्थिति है। वार्ड 55 गुजैनी की तो इतनी हालत खराब है कि यहां ऐसी कोई गली नहीं जहां सीवर व जलभराव नहीं हो रहा हो। यहां की जनता आये दिन नगर निगम व जलकल में शिकायत लेकर खड़ी रहती है। लेकिन इसके बावजूद यहां की पार्षद अंजुलि आदर्श दीक्षित ने स्वास्थ्य विभाग को क्लीन चिट देते हुये कहा उनके यहां नाला सफाई हो गई है। इसी वार्ड 84 जूही कला के पार्षद अमित जायसवाल ने भी कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के नाले की सफाई उनके यहां हो गई है। जबकि जूही लाल कॉलोनी में गली-गली पानी भर रहा है। यहां छोटी नालियों व गलीपिट की सफाई नहीं हुई है। वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने स्वास्थ्य विभाग को लिखकर दिया है कि उनके यहां नालियों की सफाई हो गई है जबकि जूही बंबरहिया, जूही के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या है।

### इन पार्षदों ने भी दी एनओसी

महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि वार्ड 8 पार्षद मंजू कुशवाहा, वार्ड 35 के आनंद शुक्ला, 19 के दिनेश पासवान, 25 के नीरज सिंह, वार्ड 85 के अमनदीप सिंह गंभीर, 64 के नीरज बाजपेई, 52 के धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, 102 के अकील शानू, वार्ड 18 की आरती गौतम, 38 के हरीस्वरूप तिवारी समेत कुल 39 पार्षदों ने स्वास्थ्य विभाग को नाला सफाई को लेकर क्लीन चिट दे दी है। महापौर ने सोमवार को यह सूची सार्वजनिक रूप से बैठक में दिखाई। महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पार्षदों ने सफाई कार्य के उपरान्त प्रमाण-पत्र दे दिया है, अब शेष बचे पार्षदों के यहां भी सफाई कार्य करायें।

# मैं बाहर थी वर्ना तुमको पानी में डुबोती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर निगम मुख्यालय में नाला सफाई पर बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय।

- महापौर प्रमिला पांडेय ने नाला सफाई की बैठक में अफसरों को फटकारा

**अमृत विचार।** नाला सफाई की बैठक में सोमवार को एक बार फिर महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम अधिकारियों को फटकार लगाई। नवीन मार्केट, परेड और लाल इमली के पास हुए जलभराव पर जोन-1 के इंजीनियर से बैठक में महापौर ने कहा कि शुक्र है कि उस वक्त मैं अमरनाथ में थी, नहीं तो तुमको उसी पानी में डुबो देती। महापौर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की नालियां ढंग से साफ नहीं की गयी हैं। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से जनता उन्हें सुना रही है और नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है।

महापौर ने कहा कि सर्वोदय नगर में रीजेन्सी हॉस्पिटल के पास निरीक्षण में बल्ली डाल कर देखी तो पूरी नाली जाम थी एवं अतिक्रमण था। नवीन मार्केट मं् सिल्ट भरा पड़ा है। पीपीएन मार्केट में इस बार जलभराव हो गया, व्यापारियों ने बताया कि दुकानों के अन्दर तक पानी भर गया था। मैंने कई बार आप लोगों से कहा कि मेट्रो के कार्यों पर भरोसा न करें, स्वयं चेक करें, किन्तु आप लोगों की कमी के कारण पीपीएन मार्केट में जलभराव का सामना करना पड़ा। हलीम मुस्लिम कॉलेज से बेकनगंज, चमनगंज, साइकिल मार्केट, म्योर मिल, एफएम कॉलोनी होते हुए नाला जाता है। इसी नाले में लाल इमली चौराहे के पास नाला चोक है, अगर वहां तोड़ दिया जाये तो समस्या हल हो जायेगी। महापौर ने निर्देशित किया कि जितने नाला-नालियों पर अतिक्रमण है, उसे तोड़कर सफाई कराया जाये। नाला-नाली सफाई के साथ तुरन्त सिल्ट उठवाया जाये। महापौर ने मुख्य अभियन्ता एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जब तक स्थलीय निरीक्षण न कर लिया जाये, तब तक भुगतान न किया जाए। उन्होंने गुबा गार्डेन, रविदासपुरम में भी जलभराव दूर करने को कहा। बैठक में अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संख्वार, डा. चन्द्रशेखर, अधिशाषी अभियन्ता सतीश चन्द्र कमल, दिवाकर भास्कर, नानक चन्द्र, आरके तिवारी, सहायक अभियन्ता केके पटेल रहे।

## कीचड़ में गिरते पड़ते स्कूल पहुंचते बच्चे



शहर में जगह-जगह खुदी और टूटी सड़कों पर कीचड़-जलभराव है। इनसे गुजर कर स्कूली बच्चों को स्कूल व घर तक पहुंचने का जोखिम उठाना पड़ रहा है। कैंट क्षेत्र में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दलदल व जलभराव, कीचड़ में छात्रा फिसल कर गिरी तो उसकी सहपाठी छात्रा ने हाथ थाम कर संभाला। लगभग 2 वर्षों से कैंट क्षेत्र में ये समस्या बनी है लेकिन प्रशासन ने समस्या का संज्ञान अभी तक नहीं लिया। फोटो - मनोज तिवारी

# नशे में कार चालक ने महिला को रौंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मीना पासवान।



हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

- रावतपुर भूतेश्वर मंदिर के पास घर के बाहर खड़ी थी
- परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया हंगामा

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में शनिवार देर रात घर के बाहर फुटपाथ पर खड़ी महिला को नशे में धुत कार सवार ने कुचल दिया। आसपास के लोगों ने कार सवार को पकड़ लिया। महिला ने इलाज के दौरान सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। पीड़ित पति ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने मुकदमा तो लिखा लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। परिजनों ने भूतेश्वर मंदिर चौराहे पर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा काटा। रावतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया।

रावतपुर भूतेश्वर मंदिर के पास निवासी पति सोनू पासवान ने बताया कि शनिवार रात 8 बजे पत्नी 33 वर्षीय मीना पासवान घर के बाहर फुटपाथ पर खड़ी थी। तभी एस्कॉर्ट वर्ल्ड स्कूल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। आरोपी की कार से पत्नी को अनुराग हॉस्पिटल लेकर गए जहां पुलिस ने आरोपी कार चालक सुधीर सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जिस पर वह बिना इलाज कराए अस्पताल से भाग गया। इसके बाद पत्नी को कल्याणपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां सोमवार सुबह पत्नी की मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। मीना पासवान के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। वह घरों में चौका बर्तन करके परिवार चलाती थी। तीनों बच्चे बार-बार मां से लिपटकर रोते रहे इससे खड़े आसपास लोग भावुक हो गए। बच्ची अनुष्का रो-रो कर कहती रही कार वाले अंकल ने मम्मी को टक्कर मार दी।

# नौबस्ता इंस्पेक्टर हटाए गए, दो दरोगा सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हेड कांस्टेबल पर भी गिरी गाज, निलंबित किया गया
- शुक्रवार को नौबस्ता चौराहे पर स्टैंड संचालक की गोली मार कर की गई थी हत्या



**अमृत विचार।** नौबस्ता चौराहे पर शुक्रवार को दिनदहाड़े स्टैंड संचालक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। डीसीपी साउथ ने स्टैंड संचालन के विवाद में लापरवाही बरतने पर बसंत विहार चौकी इंचार्ज, हल्का प्रभारी और हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। वहीं पुलिस कमिश्नर ने नौबस्ता इंस्पेक्टर को हटाकर जन शिकायत प्रकोष्ठ स्थानांतरित कर दिया है।

5 जून को सुबह नौबस्ता चौराहे पर स्थित कचौरा वाला रस्टोरेंट के सामने ताज नगर निवासी स्टैंड संचालक हरिकरन सिंह की सिर पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हरिकरन सिंह के पुत्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपी रेउना निवासी सौरभ सचान को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया था। तमंचा बरामदगी के दौरान सिमरा गांव के पास स्थित सीओडी नाले के पास सौरभ को ले जाता गया तो उसने पुलिस को धक्का देकर भागने का प्रयास किया था, जिस पर पुलिस की उससे मुठभेड़ भी हुई थी। पैर में गोली लगने से वह घायल हुआ था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। हत्या का कारण स्टैंड संचालन को लेकर विवाद सामने आया था। जानकारी में आया था कि स्टैंड संचालन में साझेदारी को लेकर सौरभ व हरिकरन का पहले भी कई बार विवाद हो चुका था, लेकिन पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई कर मामले से इतिश्री कर ली थी। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे दिया गया। वारदात से कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था लेकिन पुलिस ने कारगर कार्रवाई नहीं की थी।

डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने आया कि बसंत विहार चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह, दरोगा सत्येंद्र सिंह व हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार ने मामले में लापरवाही बरती। उन्होंने बताया कि स्थानीय चौकी प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेकर पहले कार्रवाई की होती तो यह नौबत न आती। जिसके बाद डीसीपी साउथ ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर मामले की जांच एडीसीपी अंकिता शर्मा को सौंपी। वहीं देर रात पुलिस कमिश्नर ने नौबस्ता इंस्पेक्टर को भी कार्यों में शिथिलता बरतने के आरोप में हटा दिया। नौबस्ता इंस्पेक्टर को जन शिकायत प्रकोष्ठ भेजते हुए कर्नलगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को नौबस्ता थाने का चार्ज दे दिया है।

# धूप निकलने से पारा चढ़ा, गर्मी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कई दिनों की बारिश के बाद सोमवार को धूप निकलने से तापमान में वृद्धि हुई वहीं उमस बढ़ने से लोगों को परेशानी हुई।

सोमवार को उत्तर-पूर्वी हवाओं से आसमान साफ हो गया वहीं तापमान भी धीरे-धीरे चढ़ने लगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के विशेषज्ञ सीबी सिंह ने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़कर 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से नीचे चल रहा है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़ककर 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि आज और कल आसमान खुला रहने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर बारिश हो सकती है। 6.4 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली उत्तर-पूर्वी हवा से कुछ राहत मिली है। उमस बढ़ी है और तापमान बढ़ने से गर्मी भी परेशान करेगी।

# एक्सप्रेस-वे की उम्र बढ़ाने की तकनीक खोजेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने आईआईटी को सौंपा प्रोजेक्ट
- एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर की मजबूती बढ़ाने के लिए होगा शोध



**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर को केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर की उम्र बढ़ाने के लिए तकनीक और पदार्थ खोजने का प्रोजेक्ट सौंपा है। आईआईटी के उपनिदेशक का कहना है कि शोध और अनुसंधान के जरिए ऐसी तकनीक और निर्माण सामग्री का पता लगाया जाएगा, जिससे एक बार बनने के बाद किसी भी एक्सप्रेस-वे की उम्र 50 साल तक रहे।

देश में तेजी से एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन अक्सर एक्सप्रेस-वे की सड़क धंसने या दरकने की सूचनाएं भी आती रहती हैं।

इससे एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर के निर्माण और गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने आईआईटी को जिम्मेदारी दी है कि ऐसी तकनीक और पदार्थ विकसित किया जाए, जो एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर की समय सीमा बढ़ाने में मददगार हो। आईआईटी कानपुर को परिवहन मंत्रालय की ओर से इस संबंध में शोध का जिम्मा सौंपा गया है।

उप निदेशक प्रोफेसर ब्रजभूषण ने बताया कि संस्थान को परिवहन मंत्रालय की ओर से प्रोजेक्ट मिला है। इस प्रोजेक्ट के तहत आईआईटी के वैज्ञानिक तापमान, जलवायु समेत सड़क निर्माण से जुड़े हर बिंदु को ध्यान में रखते हुए शोध करेंगे। अन्य देशों में इस्तेमाल की जा रही तकनीक को भी परखेंगे और समझेंगे।

शोध के बाद नई तकनीक विकसित की जाएगी। संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि मंत्रालय ने इस विषय पर शोध करने का मौका दिया है। जल्द से जल्द ऐसी तकनीक और निर्माण सामग्री का पता लगाने का प्रयास होगा, जो देश में एक्सप्रेसवे की उम्र लंबी करने में मददगार हो। एक बार बनने के बाद किसी भी एक्सप्रेसवे की उम्र 50 साल से अधिक रहे, आईआईटी ऐसी तकनीक ढूंढने पर काम करेगा।

**अंधेरनगरी** | शासन ने अवैध वाहन पार्किंग स्टैंड बंद कराने के दिए आदेश

# सिर्फ दो वाहन पार्किंग स्टैंड वैध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह को नगर निगम में किया तलब
- अवैध स्टैंड लगाकर चल रहा वसूली का खुला खेल बंद कराने को कहा



महापौर ने डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह के साथ की बैठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन ने अवैध वाहन पार्किंग स्टैंड बंद कराने के लिए 24 घंटे का समय दिया है। सोमवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह को नगर निगम मुख्यालय में बुलाकर सभी अवैध वाहन स्टैंडों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। महापौर ने कहा कि शहर में केवल दो वाहन पार्किंग स्टैंड ही वैध हैं। इन्हें नगर निगम ने अनुमति दी है। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में अवैध स्टैंड लगाकर कैसे वसूली का खेल चल रहा है। पुलिस इस गोरखधंधे पर कार्रवाई क्यों नहीं करती है?

महापौर ने डीसीपी ट्रैफिक से कहा कि नगर निगम की अनुमति से एक वाहन पार्किंग स्टैंड अटल घाट पर चल रहा है और दूसरा नगर निगम मुख्यालय में चलाया जा रहा है। इन दो वाहन पार्किंग स्टैंड के अलावा शहर में जहां कहीं भी वाहन स्टैंड चल रहे हैं, वह सभी अवैध हैं। लेकिन इनके माध्यम से बेधड़क वसूली हो रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। महापौर ने डीसीपी ट्रैफिक से कहा कि बिना किसी दबाव के वह सभी अवैध वाहन स्टैंडों और उनके संचालकों पर कठोर कार्रवाई करें, ताकि जनता को हो रही दिक्कत को दूर किया जा सके। महापौर ने कहा कि वह इस मामले में पुलिस कमिश्नर से भी वार्ता करेंगी।

### 17 वाहन पार्किंग स्टैंड कोर्ट के स्टे पर संचालित

शहर में जगह-जगह अवैध पार्किंग स्टैंड लगाकर वाहन मालिकों से जमकर वसूली की जाती है। यही नहीं वाहन पार्किंग स्टैंड लगाने को लेकर आए दिन दबंगों के बीच विवाद और मारपीट तक होती है। शासन ने बिना अवस्थापना सुविधाओं (टिन शेड, पेयजल, शौचालय) के चल रहे पार्किंग स्टैंड तुरंत बंद कराने के आदेश दिए हैं। प्रमुख सचिव ने इसके लिए नगर निगम को 24 घंटे का समय दिया है, ताकि फुटपाथ पर संचालित होने वाले ऐसे स्टैंड बंद कराए जा सकें। शहर में 17 वाहन पार्किंग स्टैंड कोर्ट के स्टे पर संचालित हो रहे हैं।

# 14 हजार बच्चों को नहीं मिला ड्रेस का पैसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आधार कार्ड न होने के कारण जिले से नहीं जा सके थे इन बच्चों के नाम



**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे लगभग 14 हजार बच्चों के खाते में यूनीफॉर्म का रुपया नहीं आया है। इसके पीछे की वजह बच्चों का आधार न बना होना या अपडेट न होना है। विभाग की ओर से अब इन बच्चों के लिए 8 मशीनें लगाकर आधार बनवाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इन बच्चों का पैसा शासन की ओर से जारी दूसरी किस्त में मिल सकेगा।

नए सत्र के पहले दिन सीएम की ओर से सभी बच्चों के खाते में यूनीफॉर्म, जूते, बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्रियों के लिए रुपया भेजा गया था। स्कूल में पढ़ने वाले लाभार्थियों के खाते में उस दिन लगभग 1.10 लाख बच्चों के खाते में सीधे लाभ की रकम पहुंची। ऐसे में स्कूलों में पढ़ रहे कुछ ऐसे भी बच्चे थे जिनके खातों में यह रकम नहीं पहुंच सकी। यह वे बच्चे थे जिनके आधार कार्ड अभी बन ही नहीं सके हैं। सत्यापन के बाद कुछ ऐसे भी बच्चे सामने आए जिनके आधार कार्ड तो बने थे लेकिन उनमें गलतियां थीं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि आधार न होने की वजह से लाभ का रुपया इस बार उनके खातों में नहीं पहुचा उनके खातों में दूसरे चरण में रुपया पहुंचेगा। इसके लिए 8 मशीनें लगाकर स्कूलों में ही बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। नए आधार कार्ड बनाए जाने के अलावा अभियान के तहत ऐसे बच्चे जिनके आधार में संशोधन की जरूरत है उनके कार्ड में संशोधन भी कराए जा सकेंगे।

# मधुराज के डायरेक्टर पर परिवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र निवासी युवक ने मां के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर मधुराज हॉस्पिटल के डायरेक्टर समेत 8 डॉक्टरों के खिलाफ अपर सिविल जज 8 की कोर्ट में परिवाद दाखिल कराया है। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 22 जुलाई निर्धारित की है।

सनिगवां रोड निवासी अभय कुमार सिंह ने बताया कि उनके पिता वीरेंद्र कुमार सेना से रिटायर्ड हैं। 27 फरवरी की शाम मां सियारानी को चक्कर आने लगे, जिस पर उन्हें कैंट स्थित सेवन एयरफोर्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेड न खाली होने पर उन्हें मधुराज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। आरोप है कि मधुराज में भर्ती कराने के दौरान ड्यूटी डॉक्टर विनय सचान ने जांचों के बाद ईसीएचएस सुविधा होने के बावजूद 1.50 लाख रुपये जमा कराया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद जमा कराई गई राशि वापस हो जाएगी। रिपोर्ट में बेड हेड टिकट में डायग्नोसिस के कॉलम में मस्तिष्क से खून बहने का उल्लेख है। जानकारी के बावजूद डॉक्टरों ने मस्तिष्क से खून नहीं निकाला, जो कि जमता रहा। 11 मार्च को मां को वेंटीलेटर पर रेफर किया गया, लेकिन दो घंटे तक कोई भी डॉक्टर देखने नहीं आया। 12 मार्च को मां की मौत हो गई। अभय ने आरोप लगाया कि 27 फरवरी को मां का सीटी स्कैन कराया गया, लेकिन रिपोर्ट नहीं दी गई। अस्पताल की ओर से 35 लाख का बिल तैयार किया गया। पीड़ित ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल डॉयरेक्टर डॉ देव लुंबा, डॉ बीपीएस राठौर, डॉ अमित गुप्ता, डॉ श्रीपद, डॉ फरीदी, डॉ आनंद सिंह व डॉ विनय सचान के खिलाफ परिवाद दाखिल कराया। अधिवक्ता मयूरी बख्शी ने बताया कि 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

### युवक की गोली मारकर हत्या में दो भाइयों को उम्रकैद

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में नातिन से छेड़खानी के विरोध में युवक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में एडीजे-18 की कोर्ट ने दो भाइयों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने महिला आरोपी को बरी कर दिया। सचेंडी, लाल्हेपुर गांव निवासी लल्लू यादव के मुताबिक उनकी नातिन 2 अप्रैल को दूध लेकर घर जा रही था, तभी गांव के जितेंद्र उर्फ नन्खा ने छेड़खानी की थी, जिसका उनके भाई केशव लाल ने विरोध किया था। विरोध करने पर नन्खा ने उनके साथ हाथापाई की थी। 3 अप्रैल 2007 की रात भाई केशव खेत में ट्यूबबेल के पास चारपाई पर सो रहा था। थोड़ी दूर पर बेटा रूद्रपाल व बटाईदार श्रीराम पासी लेटे हुए थे। रात करीब दो बजे नन्खा अपने भाई पिंटू, नरसिंह के साथ आया और हमला कर दिया। नन्खा ने तमंचे से केशव के सीने में गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने सचेंडी थाने में नन्खा, पिंटू, नरसिंह व शकुंतला के खिलाफ हत्या व अपराध की साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे-18 राकेश कुमार तिवारी की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी ओमेंद्र दीक्षित ने बताया कि 7 नवंबर 2012 को आरोपी नरसिंह उर्फ पहलवान की पत्रावली पृथक की गई। कोर्ट ने शकुंतला को साजिश रचने की धारा में दोष मुक्त करार दिया। वहीं आरोपी जितेंद्र उर्फ नन्खा, व शैलेंद्र उर्फ पिंटू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के साथ शैलेंद्र को 10 व जितेंद्र को 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# केस्को: 406 करोड़ का घाटा अध्यक्ष ने नकारा

## विद्युत उपभोक्ता परिषद व नियायम आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई, आंकड़ों में हेरफेर बताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विद्युत उपभोक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा के सामने केस्को ने फाइनेंशियल वर्ष 2024-25 के राजस्व की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमे केस्को ने 406 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया। अध्यक्ष ने इस रिपोर्ट को मानने से इंकार कर आंकड़ों को गलत बताया। घाटे को हेराफेरी बताते हुए सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

बृजेंद्र स्वरूप पार्क में स्थित दी स्पोर्ट हब के सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से केस्को ने जनसुनवाई का आयोजन किया, जिनमे उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव शैलेंद्र गौड़ व सदस्य संजय कुमार सिंह मौजूद रहे। पावर कॉरपोरेशन व केस्को की तरफ से एमडी सैमुअल पाल ने प्रस्तुतीकरण किया। एमडी ने शहर में हुए विकास कार्य और बिजनेस प्लान आदि की जानकारी दी। अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने केस्को द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कहा। रिपोर्ट में 406 करोड़ रुपये के घाटे तो गलत बताया। कहा कि जहां सभी बिजली कंपनियों का घाटा 11202 करोड़ दिखाया गया है वही, केस्को कंपनी का कुल घाटा वर्ष 2024 -25 के लिए 406 करोड़ दिखाया गया है। कंपनी ने बड़ी चालाकी से कुल एक्सपेंडिचर यानी सकल खर्च 2024-25 के लिए 3712 करोड़ दिखाए। जबकि यह खर्च 2022-23 में 2996 करोड़ था। इसे विद्युत नियामक कानून के तहत सही पैरामीटर में लाया जाए तो 400 करोड़ ज्यादा प्रस्तावित है, जिसे घटाते ही केस्को कंपनी फायदे में आ जाएगी। केस्को कंपनी वर्ष 2022-23 में लगभग 152 करोड़ के फायदे में थी। वर्ष 2017-18 में 752 करोड़ के फायदे में थी। वर्ष 2018-19 में 136 करोड़ के फायदे में थी। बताया गया कि केस्को कंपनी में साल में लगभग 50 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती है यानी प्रति माह चार करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती है। उपभोक्ता परिषद ने बिजली चोरी के इलाकों को भी चिन्हित करके वहां की वितरण हानियां बताईं। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि जो भी सुझाव उपभोक्ता परिषद, उद्यमियों, कारोबारियों व उपभोक्ताओं द्वारा दिए गए हैं, उन पर कार्य किया जाएगा।

### केस्को की 2024-25 की रिपोर्ट के आंकड़ों को स्वीकार नहीं किया, इसे गलत बताया



जनसुनवाई में अरविंद कुमार, शैलेंद्र गौड़ और संजय कुमार सिंह। अमृत विचार


जनसुनवाई में पहुंचे उद्यमी, व्यापारी और अन्य नागरिक। अमृत विचार

### एमडी बोले, कंपनी को करना चाहिए ब्लैक लिस्ट

- उपभोक्ता परिषद ने कहा कि केस्को कंपनी में एक लाख 50 हजार 2जी व 3जी टेक्नोलॉजी के मीटर लगाए गए हैं, जिनको आज तक एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने 4जी में कंवर्ट नहीं किया। इस पर केस्को एमडी ने कहा कि हजारों की संख्या में मीटर कम्युनिकेशन किसी वजह से काम नहीं कर रहे हैं, ऐसे में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट करना चाहिए और आगे भी जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएं वह 5जी तकनीकी के ही लगाए जाएं।

### जन सुनवाई में ये रहे मौजूद

- उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ निदेशक डॉ. अमित भार्गव, वितरण निदेशक सुमित अग्रवाल, संयुक्त निदेशक सरबजीत सिंह ढींगरा, टैरिफ उप निदेशक हरीश अवस्थी, लेखा एवं वित्त विश्लेषण उप निदेशक नीरज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता डीसी वर्मा, केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन, केस्को निदेशक राकेश वार्ष्णेय, मुख्य अभियंता डीपी सिंह, आईआईए अध्यक्ष दिनेश बरसिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, फीटा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल समेत करीब पांच सौ उद्यमी, व्यापारी व उपभोक्ता मौजूद रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की समस्या बड़ा मुद्दा

- फीटा उद्योग संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि केस्को द्वारा की गई पहल स्काडा को उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्रों पर भी लागू करना चाहिए, जिससे ट्रिपिंग की समस्या दूर हो सके। औद्योगिक क्षेत्र के उच्चारण व रखरखाव का जो बजट पावर कॉरपोरेशन से केस्को को मिलता है वह संपूर्ण बजट एक बार में वितरित किया जाना चाहिए, जिससे सभी कार्य एक औद्योगिक क्षेत्र में एक ही बार में कराए जा सकें। सीजीआरएफ व्यवस्था सभी स्तर पर लागू कर सशक्त बनाना चाहिए। प्रीपेड के बिलों का भुगतान आरटीजीएस नेफ्ट व चेक से लिया जाना चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र में सभी लाइन जमीन के अंदर होनी चाहिए।

### पानी न मिलने पर हुआ विवाद

- केस्को ने जनसुनवाई में सभी उपभोक्ताओं, उद्यमियों व कारोबारियों समेत अन्य अधिकारियों को बुलाया था, लेकिन लोगों के लिए पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई थी। एक व्यापारी नेता बाहर से पानी की बोतल ले आए तो टीएसएच के कर्मचारी अपशब्द बोलने लगे, जिसका विरोध करने पर कर्मचारियों व व्यापारी नेताओं के बीच झड़प हो गई। फीटा के महासचिव के मुताबिक कर्मचारियों ने अपना बल दिखाते हुए व्यापारियों से अभद्रता करने के साथ ही धक्कामुक्की की।

# कैंसर व डायबिटीज में कारगर हो सकती श्यामा तुलसी

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में फार्मेसी विभाग के प्रो. अजय शर्मा ने श्यामा तुलसी से कैंसर व डायबिटीज की रोकथाम खोज निकाली है। इसके लिए उन्हें हैदराबाद में हुए 73वें अधिवेशन में बेस्ट पेपर अवार्ड दिया गया।

प्रो.अजय शर्मा के शोध पत्र को हैदराबाद में हुए इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस के 73वें अधिवेशन में सम्मानित किया गया। प्रो.अजय शर्मा के मुताबिक कैंसर और डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव में श्यामा तुलसी कारगर सिद्ध हो सकती है, जो आमतौर पर देश के सभी घरों में लगाई जाती है। श्यामा तुलसी पर शोध शुरू किया तो पूरे एक साल तक तुलसी के पौधों में मौजूद अवयवों को देखा। इनमे प्रतिमाह अवयव बदल रहे थे। तब तेल संग जब केमिकल परीक्षण किया तो सफल परिणाम सामने आ गए। अब आईसीएमआर के विशेषज्ञों के साथ जल्द ही आमजन के लिए श्यामा तुलसी से दवा तैयार करने का काम किया जाएगा। जो कैंसर और डायबिटीज के अलावा डायरिया, अस्थमा, दर्द निवारक, कृमि निवारक, सूजन निवारक, एंटीआक्सीडेंट सहित कई अन्य बीमारियों में उपयोग की जा सकेगी। श्यामा तुलसी से तैयार दवा का उपयोग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में भी होगा।



रीसाइक्लोप्लास्ट का उद्घाटन करते अधिकारी व स्कूल प्रबंधक। अमृत विचार

# प्लास्टिक का निस्तारण करेगा रीसाइक्लोप्लास्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रीसाइकिल्ड प्लास्टिक से बनेंगे विभिन्न उत्पाद

**अमृत विचार।** बाजार में हर एक वस्तु हमें प्लास्टिक के थैले में ही मिलती हैं। जिसके कारण हमारी धरती प्लास्टिक प्रदूषण से ग्रस्त हो गई है।

वन महोत्सव के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान अंर्तगत प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का संकल्प रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर ने लिया। विद्यालय ने जिला गंगा समिति, नमामि गंगे के साथ सोमवार को विद्यालय में एक रीसाइक्लोप्लास्ट(प्लास्टिक कलेक्टर) का उद्घाटन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य घरों में निकलने वाले प्लास्टिक को बच्चों के माध्यम से एकत्रित करना और उसको रीसाइक्लिंग के लिए भेजना है। प्रधानाचार्या सपना सिंह ने बताया कि प्लास्टिक से विभिन्न उत्पाद जैसे गमले, ट्री गार्ड, बेंचेस आदि बनाकर इस्तेमाल में लाना प्रमुख लक्ष्य होगा। पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस प्रयास को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और जागरूकता फैलाने के लिये इस मॉडल को गंगा के आसपास क्षेत्र में स्थिति पंचायत घर एवं स्कूल और कॉलेज में भी लगाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभागीय वन अधिकारी एके द्विवेदी, संभागीय वन अधिकारी आशीष जैन, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे समिति शशांक शुक्ला, स्कूल प्रबंधक रोहित मिश्रा व बच्चे तथा सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# पति और ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने पति और ससुरालियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। आदेश पर चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



कृष्णापुरम सांई धाम निवासी महिला के अनुसार पति लखन गुप्ता से उसका विवाद चल रहा है। 27 जून को पति, उसकी बहन रेखा, बहन का पति पप्पू अपने भांजे गोलू और अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़िता ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़िता मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से की। चकेरी पुलिस ने आदेश पर पीड़िता की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ग्रामीण बैंक कर्मियों को संशोधित वेतन

**कानपुर।** ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों को राष्ट्रीयकृत बैंकों के समान वेतनमान और भत्ते देय होंगे। इस आशय का आदेश आरआरबी के निदेशक सुशील कुमार सिंह ने जारी किया है। ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों को यह लाभ पहली नवंबर 2022 से देय होगा। यह जानकारी देते हुए ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक आफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरके मिश्र ने कहा कि इसकी लड़ाई वर्षों से चल रही थी। जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं उन्हें भी एरियर का लाभ मिलेगा। पहली नवंबर 2022 के बाद रिटायर होने वाले पेंशनरों को रिवाज्ड पेंशन और उसके एरियर का भुगतान रिवाज्ड वेतनमान के हिसाब से होगा।

# शिक्षकों ने नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूलों में काली पट्टी बांधकर किया काम, पहले मांगें माने जाने की आवाज की बुलंद

**अमृत विचार।** माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने के आदेश का शिक्षकों ने पहले ही दिन सोमवार को खुलकर विरोध किया। स्कूल-कालेज पहुंचे शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शिक्षण कार्य काली पट्टी बांधकर किया। इसके बाद सभा करके ज्ञापन के जरिए प्रदेश सरकार तक अपनी बात पहुंचाई। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक वे ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते रहेंगे।

शिक्षा विभाग ने सोमवार से माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य की थी। लेकिन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डिजिटिलाइजेशन और समायोजन का खुलकर विरोध किया। जिलाध्यक्ष चंद्रदीप सिंह यादव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, मंडलीय कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षकों ने जीएनके इंटर कालेज के पास पहले सभा की फिर जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। सभा और जुलूस में शिक्षकों ने अपनी मांगों से संबंधित नारे भी लगाए। शिक्षक नेताओं ने सभा में कहा कि वे लोग लंबे समय से राज्य कर्मचारियों की तरह 30 ईएल, 15 हाफ डे लीव, छुट्टियों में काम के बदले अवकाश उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था भी लागू किए जाने की आवाज बुलंद कर रहे हैं। उनकी मांगों को तो माना नहीं गया बल्कि डिजिटल हाजिरी जैसी व्यवस्था थोप दी गई है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में उमेश सिंह, अमरीश शुक्ला, जय सिंह, डॉ अलका गुप्ता, पवन मिश्रा, सुयश शुक्ला, अरविंद सिंह, विमल गुप्ता, आशीष सिंह, अलका गौड़, पूनम दीक्षित, अनिल राय, अनुग्रह त्रिपाठी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

## डिप्टी सीएम से मिले लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि



**कानपुर।** 28 जुलाई को लघु उद्योग भारती कानपुर सम्भाग की आम सभा शहर में होने जा रही है। आमसभा के लिए लघु उद्योग भारती का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को उपमुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री से शहर के कारोबार से जुड़ी समस्याएं भी उनसे साझा कीं। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल कानपुर संभाग के अध्यक्ष अमन घई, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र मूरजानी, जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा व कानपुर देहात अध्यक्ष अनुराग मालवीय ने डिप्टी सीएम को 28 को शहर में होने वाली आमसभा के लिए आमंत्रित किया। बताया गया कि इस पर डिप्टी सीएम ने सहमति प्रदान कर दी है। • अमृत विचार

# रंगदारी के लिए अगवा कर बंधक बनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 20 हजार देकर बचाई जान, वीडियो वायरल
- पुलिस कमिश्नर से शिकायत जूही थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** 15 हजार रंगदारी न देने पर शातिरों ने युवक को अगवा कर मारपीट कर 50 हजार रुपये की मांग की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया। पीड़ित ने 20 हजार देकर किसी तरह जान बचाई। कुछ समय बाद आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि गोविंद नगर पुलिस ने शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

गोविंद नगर कच्ची बस्ती निवासी ऋतिक कहार ने बताया कि क्षेत्र के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर राजा प्रताप, सुजल, तुषार, आकाश व पांच-छह अन्य लोग उससे 15 हजार रुपये रंगदारी मान रहे थे।

असमर्थता जताने पर 28 दिसंबर 2023 को आरोपी डीबीएस कॉलेज आए और उसे अगवा कर सीटीआई चौराहे ले गए। सभी लोग शराब पीने के बाद उसे स्वदेशी मिल के पीछे स्थित कमरे में ले गए, जहां 50 हजार रुपये की मांग की। मना करने पर बेल्ट, डंडे से मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो बना लिया। पीड़ित ने आरोपियों को 20 हजार रुपये देकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

बताया कि कुछ समय बाद आरोपियों ने उसकी पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब आरोपियों के खिलाफ जूही थाने में रंगदारी, जान से मारने की धमकी, आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जूही इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


फुटपाथ पर लगी गुमटी को हटाता बुलडोजर। अमृत विचार

### पौधरोपण के लिये पनकी में हटाया अतिक्रमण

**कानपुर।** पौधरोपण के लिये सोमवार को पनकी में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोन 5 ने एटीएम तिराहा से गंगागंज से शंभु विल्ला तक, अमन इन्कलेव चौराहा से पुलिस चौकी रतनपुर तक और ग्रीन बेल्ट एफ–ब्लाक और डी–ब्लाक पनकी के बीच में अतिक्रमण को हटाया गया। जोनल अधिकारी विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्थलों से लगभग 45 ठेला, ठेलिया, गुमटी को हटा दिया। इसके साथ ही 2 डम्पर मोरंग मिट्टी को मौके पर जब्त किया गया। अतिक्रमण करने वालों से टीम ने 10 हजार का जुर्माना भी वसूला। अभियान के दौरान नरेन्द्र देव कर अधीक्षक, शिवनाथ वर्मा, आशीष कुमार सिंह, रजनेश यादव राजस्व निरीक्षक, अवधेश कुमार ईटीएफ प्रभारी उपस्थित रहे।

### कालभैरव मंदिर में कॉरिडोर का कराया जाये निर्माण

**कानपुर।** वार्ड 40 के भाजपा पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू ने सोमवार को भैरवघाट स्थित मंदिर को कॉरिडोर बनाने की मांग सीएम योगी आदित्यनाथ से की है। उन्होंने सीएम को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजकर कहा है कि काल भैरव का यह अत्यधिक प्राचीन मंदिर है। रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने को आते हैं। मंदिर व घाट तक जाने वाला मार्ग सकरा होने और पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने की वजह से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर मंदिर का निर्माण कर दिया जाये तो भक्तों को सुविधा होगी।


भाजपा पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू

### लापरवाही, अज्ञानता और जल्दबाजी से दुर्घटना

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कानपुर की ओर से प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण पुलिस इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को दिया गया। प्रशिक्षण में रेडक्रॉस के सचिव आरके सफ्फड़ ने बताया कि किसी घटना दुर्घटना के तीन कारण लापरवाही, अज्ञानता, जल्दबाजी हैं। मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन एवं मास्टर ट्रेनर रेडक्रॉस लखन शुक्ला ने बताया कि यदि कोई एक्सीडेंट या आपदा में घायल होता है तो हमें उसकी मदद करनी चाहिए। घायल को गोल्डन आवर में मदद दें सबसे पहले रक्तस्राव को रोकें, रक्तस्त्राव रोकने के लिए तिकोनी पट्टी का प्रयोग बताया। प्राथमिक उपचार का डेमो भी दिया गया। प्रशिक्षण में ममता तिवारी, प्रभारी प्रशिक्षण नूर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### पांडु नदी में डूबकर वृद्ध की मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के भौंतीखेड़ा निवासी 70 वर्षीय भजनलाल सोमवार दोपहर दो बजे अपने भैंस को नहलाने के लिए पांडु नदी गए थे। जहां पर नदी में डूब जाने के कारण वृद्ध की मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवा लिया।

**जरा ध्यान दें** उद्यमी और प्रोफेशलन आदि विवरणी दाखिल करने में बरतें सावधानी

# आईटीआर में बैंक खातों का खुलासा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन सभागार में बोले सीए गोविंद माहेश्वरी

**अमृत विचार।** नए आईटीआर फॉर्म में करदाता के लिए निष्क्रिय खातों को छोड़कर, अपने सभी बैंक खातों का खुलासा करना अनिवार्य है। पिछले आईटीआर के विपरीत, नए आईटीआर फॉर्म में धारा 80 जीजीसी के तहत कटौती के लिए पात्र राशि के अलावा अतिरिक्त जानकारी का खुलासा करना आवश्यक है।

यह बात मुख्य वक्ता सीए गोविंद माहेश्वरी ने सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन सभागार में कही। उन्होंने आईटीआर फॉर्म में किए गए नए बदलाव के बारे में बताया कि व्यवसायों के लिए अनुमानित कराधान आयकर अधिनियम की धारा 44 एडी के अंतर्गत कोई भी व्यवसाय जिसका टर्नओवर 2 करोड़ रुपये तक है, वह अनुमानित आधार पर कर लगाने का विकल्प चुन सकता है। उन्हें गैर-डिजिटल लेनदेन के लिए टर्नओवर का 8 फीसद व डिजिटल लेनदेन के लिए 6 फीसद, लाभ घोषित करना होगा। ऐसे करदाता जिनकी नकद प्राप्तियां कुल प्राप्तियों के 5 फीसद से अधिक नहीं हैं, के लिए 2 करोड़ रुपये की सीमा को बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये कर दिया गया है। धारा 44 एडीए के तहत 50 लाख रुपये तक की सकल आय वाला कोई पेशेवर व्यक्ति कर की अनुमानित योजना का विकल्प चुन सकता है। जिसमें वह सकल आय का 50 फीसद अपनी कर योग्य आय के रूप में पेश कर सकता है। 50 लाख रुपये की सीमा को उस स्थिति में बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया गया है। जब नकद प्राप्ति कुल प्राप्तियों के 5 फीसद से अधिक न हो। इन योजना को चुनने वाला कोई भी व्यक्ति खातों की पुस्तकों को बनाए रखने के आदेश से भी बाध्य नहीं है।

धारा 43 बी में एक नया खंड (एच) जोड़ा है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 (एमएसएमई अधिनियम) की धारा 15 में निर्दिष्ट समय सीमा से परे किसी सूक्ष्म या लघु उद्यम को देय किसी भी राशि को कटौती के रूप में अनुमति नहीं दी जाएगी। धारा 80 यू के तहत यदि कोई व्यक्ति विकलांगता या गंभीर विकलांगता से पीड़ित है, तो इस प्रावधान के तहत क्रमशः 75,000 रुपये या 1,25,000 रुपये की पूर्ण कटौती की अनुमति है। नए आईटीआर-5 में यह अनिवार्य किया गया है कि करदाता को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के रूप में अपनी मान्यता स्थिति के बारे में जानकारी देनी होगी। इसके अलावा, उसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार आवंटित पंजीकरण संख्या भी देनी होगी।


संबोधित करते सीए गोविंद माहेश्वरी एवं पदाधिकारी।

# गैर इरातदन हत्या में दोषी को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे-7 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 50 हजार जुर्माना
- दो आरोपी बरी, ट्रायल के दौरान एक की मौत

**अमृत विचार।** हरजेंदर नगर के चर्चित केबल संचालक के भतीजे की गैर इरादतन हत्या में दोषी को एडीजे-7 आजाद सिंह ने कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई। वहीं दो आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया, जबकि एक आरोपी की ट्रायल के दौरान मौत हो चुकी है। 22 साल बाद सजा सुनाई गई है।

हरजेंदर नगर निवासी प्रताप सिंह का केबल का कारोबार था। 4 सितंबर 2002 को भतीजा जसविंदर सिंह उर्फ लकी हरजेंदर नगर निवासी सुभाष बिंद्रा के घर केबल का किराया लेने गया था। वहां किराये के पैसे को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट में लोहे की रॉड से हुए हमले में जसविंदर की मौत हो गई थी। मामले में प्रताप ने सुभाष बिंद्रा, उसकी पत्नी शशि, भाई विनय कुमार बिंद्रा उर्फ बाड़े और मां रामकली के खिलाफ चकेरी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे-7 आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी विनोद त्रिपाठी ने बताया कि ट्रायल के दौरान आरोपी रामकली की मौत हो गई थी। अभियोजन की ओर से 9 गवाह पेश किए गए थे। बीते शनिवार को विनय कुमार और शशी बिंद्रा को दोष मुक्त कर दिया। सुभाष बिंद्रा को कोर्ट ने हत्या की बजाये गैर-इरातदन हत्या का दोषी माना। सोमवार को कोर्ट ने सुभाष को सात साल के कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

# सोना स्टॉक लूट के खिलाफ आभूषण कारोबारी एकजुट

## सोना-चांदी के देश में एक भाव तय किए जाएं, तस्करी और अवैध व्यापार रोका जाए

**राष्ट्रीय सम्मेलन**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के सोमवार को होटल ब्रिज में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में आभूषण कारोबारियों ने स्टॉक की लूट रोकने के लिए एकजुटता प्रदर्शित की। तय हुआ कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम और अपराधियों को पकड़ने के लिए सोशल मीडिया के जरिए सूचना और सहायता का तंत्र बनाया जाएगा। सम्मेलन में 8 राज्यों के आभूषण कारोबारियों ने भाग लेते हुए सोना-चांदी के लिए देश भर में एक भाव सुनिश्चित करने और तस्करी रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने की मांग की।

सम्मेलन में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि ज्वैलरी उद्योग संकट से जूझ रहा है। कई समस्याओं का तत्काल समाधान होना जरूरी है। उन्होंने कारोबारियों के साथ बढ़ती लूट पर चिंता जताई। राष्ट्रीय महासचिव नितिन केडिया ने कहा कि सरकार को आभूषण कारोबारियों के हित में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने तस्करी और अवैध स्वर्ण व्यापार में कमी लाने, चेन स्नैचिंग और चोरी की घटनाएं रोकने, उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि, ईमानदार ज्वैलर्स को अनुचित प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा जैसी मांगें उठाईं। सम्मेलन में ज्वैलरी व्यापारियों के होने वाली लूट, चोरी और धोखाधड़ी की घटनाओं में जोखिम कवर के लिए ज्वैलरी बीमा पर मंथन हुआ। मुंबई में विभिन्न ज्वैलरी इंश्योरेंस ब्रोकिंग का काम देखने वाली कंपनी के अधिकारी नितिन पांडे ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



राष्ट्रीय सम्मेलन में को संबंधित करते एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा।

### मुंबई में सबसे बड़ी प्रदर्शनी, आगरा में होगा ज्वेलरी शो

सम्मेलन में जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संजीव भाटिया और अशोक सेठ ने बताया कि 8 से 13 अगस्त तक मुंबई में देश की सबसे बड़ी सोने-चांदी की प्रदर्शनी लगेगी। आदिकाश इंटरनेशनल के मनीष सिंह ने बताया कि चांदी की सबसे बड़ी प्रदर्शनी 'आगरा ज्वेलरी शो' ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के साथ मिलकर आगरा में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित होगी।

- ज्वैलर्स को केवल डिजिटल भुगतान से ही पुराना सोना खरीदने के निर्देश जारी हों

### एक देश, एक भाव और भ्रामक विज्ञापन रोकने को मेकिंग चार्ज

सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी कि स्वर्ण दरों का मानकीकरण कर एक राष्ट्र, एक भाव की नीति लागू की जाए, ताकि पूरे देश में सोने की एक समान कीमत सुनिश्चित हो सके। इसी तरह सम्मेलन में मांग उठी कि अनुचित व्यवहार और भ्रामक विज्ञापन रोकने के लिए न्यूनतम मेकिंग चार्ज प्रकाशित किया जाए और उसका सख्ती से पालन कराया जाए ताकि एकीकरण हो सके। एक अन्य मांग में कहा गया कि ज्वैलर्स को केवल डिजिटल भुगतान के माध्यम से ही पुराना सोना खरीदने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। इससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही सरकार से तस्करी, चोरी और अन्य अवैध गतिविधियां रोकने के लिए, दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर कठोर दंड का प्रावधान करने की गुहार लगायी गई।

# पांडु नदी व रामगंगा पुल पर भारी वाहनों पर रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर 50 साल से अधिक समय सीमा पूरी कर चुके 15 पुलों का हुआ सर्वे
- साढ़-सरसौल मार्ग पर पांडु नदी तथा रमईपुर-साढ़ मार्ग पर रामगंगा नहर पुल अयोग्य घोषित

**अमृत विचार।** 50 वर्ष से अधिक उम्र पूरी कर चुके पुलों की रिपोर्ट सोमवार को पीडब्ल्यूडी ने शासन को सौंप दी। शहर के 15 पुलों की जांच-पड़ताल में सामने आया है कि पांडु नदी और रामगंगा नहर पर बने पुल आवागमन के योग्य नहीं है। दोनों पुलों को अयोग्य घोषित कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। पुराने गंगा पुल को भी अयोग्य करार दिया गया है।

बिहार में एक दिन में पांच पुलों के गिरने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में 50 साल से अधिक मियाद पूरी कर चुके पुलों की रिपोर्ट मांगी थी। अधिकारियों से पुलों का निरीक्षण करके उनके सुपर स्ट्रक्चर, पियर की स्थिति, वाटर-वे ब्लॉकेज, एबटमेंट ढाल व बोल्डर का परीक्षण करने के निर्देश देकर रिपोर्ट शासन को देने के लिए कहा गया था। शासन ने निर्देशित किया गया था कि कोई भी पुल असुरक्षित नजर आए तो उसे तत्काल प्रभाव से यातायात के लिए बंद किया जाए। पीडब्ल्यूडी ने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके शहर के 15 पुलों का निरीक्षण किया। सोमवार को शासन को प्रेषित की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 13 पुलों पर कोई खतरा नहीं है। लेकिन साढ़-सरसौल मार्ग पर पांडु नदी पर बने पुल का स्ट्रक्चर जगह-जगह से क्रैक हो गया है। रामगंगा नहर पर स्थापित पुल रमईपुर-साढ़ जहानाबाद मार्ग का ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। इन दोनों पुलों पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है।

### टाटमिल पुल के आरसीसी स्ट्रक्चर में मिला क्रैक जल्द होगी मरम्मत

पीडब्ल्यूडी की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र में टाटमिल पुल के आरसीसी स्ट्रक्चर में आंशिक क्रैक पाया गया है। इसकी मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। पुराने गंगा पुल पहले ही यातायात का आवागमन बंद कराया जा चुका है।

> कानपुर नगर के 15 पुलों में दो पुलों की स्थिति गंभीर है, इन्हें भारी वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। इन पुलों के निर्माण के लिए सेतु निगम को एस्टीमेट तैयार करने को कहा गया है।
>
> -अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी

## सार-संक्षेप


बाबू जगजीवनराम को याद किया गया। अमृत विचार

### संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनी जगजीवनराम जयंती

**कानपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बाबू जगजीवनराम जयंती संविधान बचाओ के रूप में मनाई गई। चन्द्र नगर, भदौरिया चौराहे के समीप पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने कहा कि वह संविधान निर्माताओं में से एक थे और सदैव सामाजिक न्याय को सर्वोपरि माना। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हर प्रकाश अग्निहोत्री ने कहा कि भारत निर्माण में उनका योगदान रहा। अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय सचिव अब्दुल मन्नान ने की। यशपाल सिंह, अमित पाण्डेय, कृपेश त्रिपाठी, संदीप शुक्ला, पवन गुप्ता, सतीश दीक्षित, निजामुद्दीन खान, इखलाक अहमद डेविड, इकबाल अहमद, बूटा सिंह, अतहर नईम, जीशान अंसारी, मोहित दीक्षित, बैतुल खान मेवाती, भूपेन्द्र सिंह, बंटू बाजपेई, रीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आचार्य गोरेलाल की निर्वाण जयंती 10 को


आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी।

**कानपुर।** अवधी लोकनाट्य विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं वैदिक विद्वान आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी की 35वीं निर्वाण जयन्ती 10 जुलाई को देवनगर में आयोजित होगी। निर्वाण जयन्ती श्रद्धांजलि काव्य संगोष्ठी के रूप में मनाई जायगी। कार्यक्रम सहसंयोजक डॉ. मनीष द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. श्यामबाबू गुप्त, श्रवण कुमार पाण्डेय, गोपीचंद्र त्रिपाठी, राजेश शुक्ल, विजय त्रिपाठी, दशानन अभिनेता संजीव अवस्थी आदि शामिल होंगे। इस दौरान आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी पर केंद्रित मासिक पत्रिका जयतु हिन्दू विश्व के नवीन अंक का लोकार्पण भी किया जायेगा।

### प्रणीत अग्रवाल कानपुर फुटसल एसोसिएशन अध्यक्ष


प्रणीत अग्रवाल।

**कानपुर।** कानपुर फुटसल एसोसिएशन की चयन समिति ने सर्वसम्मति से एमएचपीएल के निदेशक प्रणीत अग्रवाल को एसोसिएशन का अध्यक्ष मनोनीत किया है। एसोसिएशन के महासचिव डा. विकास विक्टर ने प्रणीत अग्रवाल के संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए बताया कि प्रणीत ने शहर की खेल प्रतिभाएं निखारते हुए खेलों को नया आयाम दिया है। एसोसिएशन के संरक्षक सुरेंद्र मैथानी और सभापति डा. रजत आदित्य दीक्षित ने प्रणीत को शुभकामनाएं दीं।

### शहर की तान्या यूपी की नंबर वन खिलाड़ी बनीं

**कानपुर।** कम आयु वर्ग की बालिका एवं बालिकाओं की राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कानपुर की तान्या वर्मा ने बालिका वर्ग में पांच जीत और दो ड्रॉ के साथ 6 अंक हासिल करके प्रथम स्थान हासिल कर यू पी की नंबर वन खिलाड़ी होने का गौरव हासिल किया। तान्या अब 20 से 28 सितंबर तक हरियाणा में होने वाली अंडर-19 आल इंडिया प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके पूर्व तानया वर्मा ने तीसरे राउंड में गोरखपुर की दीपांजलि श्रीवास्तव को हराया, वहीं पांचवें राउंड में वाराणसी की ऐशानी पाठक को हराकर बड़ी उलट फेर कर दी। इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कानपुर से चार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें तानिया वर्मा 6 अंक के साथ प्रथम, साक्षी वर्मा 4 अंक साथ सातवां स्थान, सुमुखी शुक्ला 4 अंकों के साथ आठवां स्थान, रिद्धिमा शुक्ला 3 .5 अंकों के साथ 14 स्थान, अग्रिमा पटेल 3 अंकों के साथ 17 स्थान पर रही वहीं बालक वर्ग में कानपुर से कुल तीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें रामानुज मिश्रा 6 अंक के साथ 9 वें स्थान पर रहे। अप्रीतम शुक्ला 6 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहे।

## एक नजर

### रवींद्र को कर्नलगंज, संतोष को नौबस्ता का प्रभार

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर ने कर्नलगंज प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह को नौबस्ता थाने का प्रभार सौंपा है। चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव को कर्नलगंज थाने भेजा गया है।

### छात्रा से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**कानपुर।** काकादेव के रहने वाले युवक ने बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। रविवार सुबह 10 बजे करीब वह घर से निकली थी। आरोप है, कि रास्ते में राहुल परिहार नाम के युवक ने छेड़छाड़ की और दुपट्टा खींचने का प्रयास किया।

# उच्च शिक्षा में नवाचार और उद्योग को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्पेन की यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. विनय पाठक का आह्वान

**अमृत विचार।** भारत और स्पेन मिलकर उच्च शिक्षा क्षेत्र में विश्व को नई राह दिखा सकते हैं। इसके लिए नवाचारों और रोजगारपरक शिक्षा के क्षेत्र में काम करना होगा। यह बात भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों के चार दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन अपने संबोधन में कही। सीएसजेएमयू के कुलपति और विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो. पाठक सम्मेलन में भारतीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं।

प्रोफेसर पाठक ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण प्रणाली का स्वरूप ज्ञान परंपरा एवं नवाचारों के साथ रोजगार परक शिक्षा से जुड़ा है। भविष्य की योजनाएं बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन संयुक्त रूप से उच्च शिक्षा में बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं।

इसके लिए दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के मध्य लगातार शैक्षणिक विमर्श जरूरी है, ताकि नए शोध, नए पाठ्यक्रमों के सृजन तथा इंडस्ट्री की मांग के हिसाब से क्लासरूम टीचिंग के बारे में साझा समझ विकसित की जा सके। गुणवत्तापरक शिक्षण व्यवस्था के जरिए ही एक बेहतर कल के निर्माण में विश्वविद्यालयों का अभिन्न योगदान सुनिश्चित किया जा सकता है। सम्मेलन में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के महासचिव डॉ पंकज मित्तल ने स्पेन एवं भारतीय यूनिवर्सिटी नेटवर्किंग सिस्टम के बारे में विचार रखे।


स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना में आयोजित सम्मेलन में भाग लेते भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर विनय कुमार पाठक। अमृत विचार

# मालरोड में गिरा छज्जा, हड़कंप

**कानपुर।** फीलखाना थानाक्षेत्र में मॉल रोड स्थित जर्जर भवन का सोमवार देर शाम छज्जा ढहने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि मकान के निचे कुछ दुकानें थीं जो खुली थीं। उनमें लोग अंदर थे। झज्जा ढ़हते ही लोग सहम गए। आसपास से गुजर रहे वाहन सवार भी एकाएक रुके तो जाम की स्थित बन आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया। इस संबंध में एसीपी कोतवाली ने बताया घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है न ही कोई घायल हुआ है।

# महिला उद्यमी और परिचितों से 42 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डिस्ट्रीब्यूटरशिप व सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में ठग ने महिला उद्यमी व उनके परिचितों से दवा डिस्ट्रीब्यूटरशिप, सरकारी नौकरी व मेडिकल लाइसेंस दिलवाने के नाम पर 42 लाख रुपये की ठगी कर ली।

किदवई नगर निवासी शशि मिश्रा ने बताया कि वह संध्या सिंह के साथ मिलकर ट्रेडिंग का काम करती हैं। एक पोर्टल के माध्यम से मार्च 2018 में उनकी मुलाकात मुकेश सिंह से हुई, जो खुद को लखनऊ की दवा निर्माता और सर्जिकल उपकरण बेंचने वाली फर्म का डायरेक्टर बताता था। वह उनके घर आया और डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर 4 लाख रुपये ले लिए, लेकिन माल नहीं भेजा। इसके बाद आरोपी ने दवा कंपनी का काम बंद होने की बात कहते हुए सब्जी मसाले का काम शुरू करने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि सब्जी मसाला भेजने के बदले आरोपी ने 16 लाख ले लिए। कुछ समय बाद सरकारी नौकरी लगवाने और मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के नाम पर 15 लाख ले लिए। उनके परिचित अभिषेक शुक्ला से 2 लाख और सुतीक्ष्ण सिंह से 5 लाख रुपये हड़प लिए। रुपया वापस मांगने पर आरोपी ने चेक दी, जो बाउंस हो गईं।

# याद किए गए साहित्यकार गिरिराज किशोर

**कानपुर।** साहित्यकार पद्मश्री गिरिराज किशोर की जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। गांधी शांति प्रतिष्ठान के तत्वावधान में शास्त्री भवन में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके उपन्यास 'पहला गिरमिटिया' को मील का पत्थर बताया। उपन्यास 'ढाई घर' पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने गिरिराज किशोर को शानदार उपन्यासकार, कथाकार, नाटककार और आलोचक बताया। दीपक मालवीय, कांग्रेस नेता आलोक मिश्र, जगदम्बा भाई, छोटे भाई नरोना, सुरेश गुप्ता, अनूप शुक्ल, केके अवस्थी, नौशाद आलम मंसूरी, असित सिंह, बीना उदय, राधेश्याम मिश्र रहे।

# वेंटिलेटर ठीक करने के लिए दिए 40.16 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेल कंपनी ने 90 वेंटिलेटर के मरम्मत कार्य व सीएमसी की संस्तुति की

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को अब वेंटिलेटर के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। न ही मरीजों की वेटिंग हो सकेगी। क्योंकि कोविड काल में पीएम केयर फंड से आए सौ में से 90 वेंटिलेटरों का संचालन मरम्मत कार्य के बाद किया जाएगा। इसके लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा कंपनी को 40.16 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है। बचे 10 वेंटिलेटर का भी निरीक्षण कंपनी के रिसर्च व डेवलपमेंट द्वारा किया जाएगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में कानपुर के साथ ही 18 जिलों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल के पास जो भी पर्याप्त वेंटिलेटर है, उनके माध्यम से डॉक्टर अस्पताल में आने वाले मरीजों की जान बचाने का पूरा प्रयास करते है। लेकिन कभी-कभी मरीजों की संख्या अधिक होने पर वेंटिलेटर के लिए मरीजों की वेटिंग हो जाती है। ऐसे में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने पीएम केयर फंड से आए वेंटिलेटरों के संचालन के लिए बेल कंपनी से अधिकारियों से वार्ता की थी। इस पर कंपनी ने 90 वेंटिलेटर के मरम्मत व सीएमसी की संस्तुति कर प्रस्ताव जीएसवीएम कॉलेज को उपलब्ध कराया। जिस संबंध मंए कॉलेज प्रशासन ने कंपनी को 40 लाख 16 हजार 086 रुपये का भुगतान छह जुलाई को कर दिया है। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक पीएम केयर फंड से प्राप्त बेल कंपनी के वेंटिलेटर किसी भी स्थिति में कबाड़ नहीं है। सौ में से 90 वेंटिलेटरों का भुगतान सीएमसी व मरम्मत के लिए हो चुका है। बचे 10 वेंटिलेटर का निरीक्षण कंपनी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा किया जाएगा। 90 वेंटिलेटरों की सीएमसी व मरम्मत कर क्रियाशील करने का प्रस्ताव दिया गया है। बता दें कि शासनादेश में पहले चिकित्सीय उपकरणों का सीएमसी क्रय दर पांच प्रतिशत था, जिसकी वजह से चार साल पुराने वेंटिलेटर, जिसमे से कई क्रियाशील भी थे, उनकी मरम्मत एवं सीएमसी नहीं हो पा रही थी। लेकिन जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला के प्रयासों से शासन द्वारा अति गंभीर चिकित्सकीय उपकरणों में पांच प्रतिशत की सीमा हटा दी गई है, जिस कारण इन वेंटीलेटरों की मरम्मत व सीएमसी संभव हो सकी। बेल कंपनी सभी वेंटिलेटरों को परिसर में एकत्र किया गया है, ताकि इंजीनियर उनकी मरम्मत कार्य कर सके।



हैलट अस्पताल परिसर में रखे वेंटिलेटर। अमृत विचार

**रथयात्रा** — शोभा यात्रा में छतों से बरसाए गए फूल, रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने की आरती

# दर्शन देने मंदिर से निकले जग के नाथ जगन्नाथ, गूंजे जयकारे


बिरजी भगत मंदिर से निकली रथयात्रा। अमृत विचार


भजन-कीर्तन करते रहे भक्त। अमृत विचार


कई मंडलों के सदस्य शामिल हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भक्तों को दर्शन देने के लिए जग के नाथ जगन्नाथ सोमवार को मंदिर से निकलकर भक्तों के बीच पहुंचे। भक्तों ने आरती, छतों से फूल बरसाकर और भजनों में नृत्य किया। रथ यात्रा में विभिन्न मंडलों की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

रथ यात्रा के दूसरे दिन बिरजी भगत मंदिर और उमा जगदीश मंदिर की रथ यात्रा निकली। जनरलगंज स्थिति मंदिर श्री जगन्नाथ जी महाराज (बिरजी भगत) मे भगवान श्री जगन्नाथ जी, बहन सुभद्रा जी और भाई बलभद्र जी को भक्तों ने चांदी के रथ पर विराजमान कराया। इस दौरान प्रथम आरती तिरंगा समूह के निदेशक नरेन्द्र शर्मा ने की। रथयात्रा में 11 मंडलों के सदस्य शामिल थे। रथयात्रा में 10 झाकियां रहीं। बिरजी भगत रथ यात्रा जनरलगंज से शुरू होकर काहूकोठी, नील वाली गली, मारवाड़ी पुस्तकालय से नयागंज चौराहा होते हुए बान बाजार, जनरलगंज, बजाजा, मनीराम बगिया, चौक सर्राफा, कोतवाली चौराहा होते हुए प्रयाग नारायण शिवाला पहुंची। यहां पर यात्रा ने विश्राम लिया। इसके बाद शिवाला से कमला टॉवर, लाठी मोहाल होते हुए वापस मंदिर पहुंची। रथ यात्रा में मंदिर प्रबंधक ज्ञानेन्द्र गुप्ता, गोपाल जी गुप्त, अभिषेक गुप्त, अम्बरीष गुप्त, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, अरविन्द गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, पुस्कर गुप्ता, संजय मालानी, हरिशंकर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### यात्रा में सचल प्रस्तुतियां

रथ यात्रा के दूसरे दिन विभिन्न मंडलो की ओर से सचल प्रस्तुतियां हुई। श्री उमा जगदीश मंदिर जनरलगंज की रथ यात्रा भक्तों ने कई जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। यह रथ यात्रा धनकुट्टी से शुरू होकर कलेक्टरगंज, शक्करपट्टी, नयागंज, किरण मिश्रा किराना बाजार, सर्राफा बाजार, जनरलगंज, मनीराम बगिया, चौक होते हुए कोतवाली चौराहा में अल्प विश्राम करके वापसी चौक मनीराम बगिया होकर जनरल गंज स्थित मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा में महापौर प्रमिला पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अभिताभ बाजपेयी, सुनील बजाज, डॉ श्याम बाबू गुप्ता, जगदीश चंद्र गुप्ता, संत गोपाल गुप्ता मौजूद रहे।

# फल विक्रेता के बेटे का किया अपहरण, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवईनगर चौराहे के पास से ले गया बच्चे को

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में रविवार दोपहर फल विक्रेता के बेटे को अगवा करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी युवक फल विक्रेता के बेटे को बहला फुसला कर बाइक में बिठा ले गया था। छोटे बेटे के शोर मचाने पर पिता ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा।

बाबूपुरवा एम ब्लॉक निवासी सुनील राठौर की किदवई नगर चौराहे के पास फल की दुकान है। सुनील ने बताया कि रविवार दोपहर बेटा शोभित व अंश खाना लेकर आए थे। बच्चों को दुकान पर बैठा कर वह खाना खाने चले गए। इस बीच बाइक से आए एक व्यक्ति ने केले खरीदे, फिर बड़े बेटे शोभित को केले का थैला पकड़ कर चलने के बहाने अगवा कर लिया। अंश ने मामले की जानकारी पिता को दी, जिस पर सुनील ने पीछा कर एच ब्लॉक शनिदेव मंदिर के पास बाइक सवार युवक को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अपहरण के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर सिविल लाइंस गुप्तार घाट निवासी राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### चोरी की बाइक से छात्रा का मोबाइल लूटा था

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में ट्यूशन टीचर से रविवार शाम मोबाइल लूटने वाले युवक चोरी की बाइक से आए थे। एसओ सीसामऊ हिमांशू चौधरी ने बताया बाइक नंबर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर मालिक को ढूंढ़ा तो पता चला कि यह बाइक गोविंद नगर थानाक्षेत्र से चुराई गई है। आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।


बिधनू क्षेत्र के करसुई गांव में भोले बाबा का आश्रम, जो इस समय सुर्खियों में छाया है। अमृत विचार

# 14 बीघे में बना भोले बाबा का आलीशान आश्रम

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के करसुई गांव में नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का आश्रम लगभग सात साल पहले बनकर तैयार हुआ था। आश्रम के निर्माण में भक्तों से चंदे के रूप में रकम जुटाई गई थी, जिससे इस भव्य और लग्जरी आश्रम को बनाया गया। आश्रम के जुड़े लोगों से प्रति माह तीन से पांच सौ रुपये चंदा के तौर पर लिया जाता है, जिससे आश्रम का खर्च चलता है। यह आश्रम 14 बीघा क्षेत्रफल में फैला है।

हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद पुलिस की छापेमारी के बाद सेवादार आश्रम में ताला लगाकर भाग निकले हैं।

**चंदा जुटाया**

- करसुई में 7 साल पहले हुआ था बाबा के आश्रम का निर्माण
- आश्रम से जुड़े लोग हर महीने तीन से पांच सौ रुपये लेते चंदा

यह पूरा आश्रम लगभग 14 बीघे क्षेत्रफल में फैला है, जबकि आश्रम का आलीशान भवन तीन बीघे में बना है। इस भवन में लग्जरी कमरे हैं, जिनमें कीमती साज-सज्जा के सामान के साथ एयर कंडीशनर भी लगे हैं। इस भवन में बेशकीमती झूमर लगे हैं।

करसुई गांव के किनारे स्थित नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम में सेवादारों की बदल-बदलकर ड्यूटी लगती है। कुछ लोगों ने बताया कि आश्रम से जुड़े लोगों से हर महीने तीन सौ से पांच सौ रुपये दान के रूप में सहायता राशि ली जाती है। आश्रम के निर्माण के लिए भक्तों से 3 हजार से 5 हजार रुपये तक लिए गए थे। हालांकि पुलिस के छापा मारने के बाद आश्रम में रहने वाले सेवादार ताला लगाकर भाग निकले हैं, जिसके बाद से आश्रम में सन्नाटा पसरा हुआ है। बिधनू थाने की पुलिस के साथ स्थानीय अभिसूचना इकाई की टीम पहुंच चुकी है।

**आश्रम का अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर भूमिगत**

भोले बाबा के अनुयायियों का कहना है कि अनिल सिंह तोमर इस आश्रम का अध्यक्ष है। वह सरसौल क्षेत्र का रहने वाला है। उसने बाबा की आड़ में करोड़ों रुपये का अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है। वह लग्जरी गाड़ियों से चलता है और कभी-कभार ही आश्रम में आता है। हाथरस कांड के बाद से वह भूमिगत है और आश्रम में नजर नहीं आया। सेवादार भी उसके बारे में कुछ नहीं बता रहे।

**वरदान नहीं अभिशाप बन गया आश्रम**



करसुई गांव के ग्रामीण आश्रम को अभिषाप बता रहे हैं। गांव के अतर सिंह यादव का कहना है कि जब आश्रम बन रहा था, तो हम लोग सोच रहे थे कि गांव और क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा, मगर अब तो कहानी ही उल्टी है। गांव वालों का आश्रम के सामने से निकलना मुश्किल है। गांव के पुराने रास्ते पर बने आश्रम के सेवादार उधर से निकलने पर रोकते हैं।

**बाबा को लेकर खुफिया टीम पूरी तरह चौकन्ना**

हाथरस भगदड़ कांड के बाद करसुई का आश्रम भी संदेह के घेरे में है। हादसे के बाद से फरार भोले बाबा की तलाश में बिधनू थाने की पुलिस दो बार आश्रम पहुंच चुकी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई भी टीम भी खुफिया पड़ताल कर चुकी है। हालांकि यहां भोले बाबा के अभी तक आने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# डॉक्टर के रेफर करने के बाद सीएचसी के गेट पर ही प्रसव

## बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर साड़ी का पर्दा डालकर कराया गया प्रसव

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार दोपहर डॉक्टर ने एक गर्भवती महिला को ब्लड प्रेशर बढ़ा होने पर रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे लेकर सीएचसी गेट पर पहुंचे, तभी पीड़ा हुई और साड़ी का पर्दा डालकर सुरक्षित प्रसव करा लिया। गेट पर प्रसव होने की सूचना से सीएचसी में हड़कंप मच गया। आनन-फानन महिला डॉक्टर ने अस्पताल कर्मियों की मदद से जच्चा-बच्चा को प्रसव कक्ष पहुंचा कर भर्ती कर लिया और उपचार शुरू किया।

सचेंडी क्षेत्रके इटारा गणेशी पुरवा का रहने वाले नारायण सिंह की 35 वर्षीय पत्नी संध्या गर्भवती थी। सोमवार सुबह उसे प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार वालों ने गांव की आशाबहू से संपर्क किया। आशाबहू रामप्यारी ने 102 एंबुलेंस को फोन किया और फिर संध्या को बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. इंदु सागर ने संध्या का स्वास्थ्य परीक्षण किया तो ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ था। बीपी बढ़ा देखकर उन्होंने संध्या को उर्सला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

- ब्लड प्रेशर बढ़ा होने पर डॉक्टर ने किया था रेफर
- प्रसव होने के बाद बिधनू सीएचसी में किया भर्ती

इसके बाद पति नारायण सिंह ने गर्भवती पत्नी संध्या को उर्सला अस्पताल ले जाने के लिए आशाबहू की मदद से उसे एंबुलेंस 102 में बैठा दिया। परेशान पति नारायण सिंह के दिमाग में पत्नी की जिंदगी बचाने का ख्याल आया तो उसने एंबुलेंस चालक से निजी अस्पताल ले चलने की गुजारिश की, लेकिन उसने सरकारी एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले जाने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पति ने संध्या को एंबुलेंस से उतार लिया और सीएचसी गेट के पास उसे बैठाकर निजी वाहन की तलाश करने लगा। इसी दौरान संध्या को तेज प्रसव पीड़ा हुई। पति नारायण सिंह ने आशाबहू रामप्यारी की मदद से साड़ी का पर्दा बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ही सुरक्षित प्रसव करा दिया। गेट पर प्रसव होने की सूचना पर सीएचसी में खलबली मच गई। आनन-फानन सीएचसी की महिला डॉक्टर और नर्स बाहर दौड़ीं और जच्चा-बच्चा को प्रसव कक्ष ले गईं। वहां दोनों को भर्ती कर उपचार किया गया। इसके बाद जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

**डॉक्टर ने बताया था जान का खतरा**

पति नारायण सिंह के मुताबिक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद डॉक्टर की ओर से ब्लड प्रेशर बढ़ा होने की स्थिति में रेफर किए जाने के बाद वह आर्थिक रूप से कमजोर होने की बात कहते हुए सीएचसी में ही उपचार कर प्रसव कराने की गुजारिश करता रहा, लेकिन डॉक्टर ने जच्चा-बच्चा की जान को खतरा बताकर अपना पल्लू झाड़ लिया था। इसके बाद वह हताश हो गया था और प्राइवेट अस्पताल ले जाने की ठानी थी, मगर ईश्वर ने उसका साथ दिया और सुरक्षित प्रसव हो गया। डॉक्टर ने जच्चा-बच्चा को स्वस्थ बताया है।

**सुबह से बढ़ा था ब्लड प्रेशर: चिकित्सा अधीक्षक**

बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज सचान का कहना है कि प्रसूता सोमवार सुबह आई थी। उसे चौथा प्रसव होना था। सुबह से ही उसका ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ा हुआ था। सुरक्षा की भावना से महिला डॉक्टर ने उसे उर्सला रेफर किया था, लेकिन महिला का प्रसव सीएचसी परिसर में ही हो गया। अब जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।

## डाक मुंशी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**बिधनू।** बिधनू थाने में तैनात सिपाही को रविवार शाम प्रयागराज से लौटते समय ट्रेन में एक महिला का बैग मिला। बैग में नकदी के साथ जरूरी कागजात थे। सिपाही ने कागजात में दर्ज कन्नौज के पते के पर थाने से सूचना पहुंचाई। सोमवार को बिधनू थाने पहुंची महिला को सिपाही ने बैग सौंप दिया। खोया बैग पाकर महिला खुशी से चहक उठी।

बिधनू थाने में डाक मुंशी पद पर कार्यरत सिपाही ब्रजेश कुमार सिंह पांच दिन पहले तीन दिन की छुट्टी लेकर प्रयागराज अपने घर गए हुए थे। रविवार शाम वह कालिंदी एक्सप्रेस से लौट रहे थे, तभी उन्हें अपनी सीट के पास एक बैग पड़ा मिला। उसमें 50 हजार का एक एफडी बांड, दो पासबुक, दो आधार कार्ड, दो जोड़ी नई चांदी की बिछिया और 1500 रुपये की नकदी थी। आधार कार्ड में कन्नौज की किरण दीक्षित का नाम और पता दर्ज था। पते के आधार पर उन्होंने कन्नौज पुलिस के जरिये महिला को सूचना भेजी। सोमवार सुबह किरण बिधनू थाने पहुंची, जहां सिपाही बृजेश ने नकदी और कागजातों के साथ बैग उन्हें सौंप दिया। बैग पाकर किरण ने सिपाही को धन्यवाद दिया और दुआएं देते हुए चली गईं।

# अजौली में पूरा परिवार सोता रहा, हो गई 10 लाख की चोरी

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** रविवार देर रात क्षेत्र के अजौली गांव में सन्नाटे का फायदा उठाते हुए चोरों ने डेढ़ लाख नकदी के साथ नौ लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। सोमवार सुबह परिजनों की नींद खुली तो अलमारी का टूटा ताला और सामान बिखरा देख जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की।

अजौली गांव के पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि रविवार की रात खाना खाने के बाद पूरा परिवार सो गया। इसके बाद घर में चोरों ने कब धावा बोल दिया, किसी को पता नहीं चला। कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी ले गए। सोमवार सुबह उठने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। क्षेत्र में चोर लगातार वारदात कर रहे हैं। शनिवार रात क्षेत्र के काकूपुर रब्बन गांव में संजय बाजपेई के घर में घुसे चोर 10 लाख की नकदी और जेवर सहित कीमती सामान ले गए थे। ठीक दूसरे दिन अजौली गांव में दूसरी वारदात हो गई। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार का कहना है कि जांच-पड़ताल चल रही है, जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**वारदात**

- परिवार के सोने के बाद कैश-जेवरात ले गए चोर
- एक दिन पहले काकूपुर रब्बन गांव में हुई थी चोरी


अजौली गांव में चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी, टूटा लाकर। अमृत विचार

# तीसरी मंजिल से गिरने पर महिला की गई जान

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के खेरसा गांव में सोमवार दोपहर कपड़े फैलाते समय पैर फिसलने से तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर महिला की मौत हो गई। महिला की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दोनों बेटा-बेटी फफक-फफक कर रोते रहे।

मूल रूप से झांसी जनपद के मोंठ थाना क्षेत्र के गढ़ूका गांव के रहने वाले राघवेंद्र भारती सिंचाई विभाग के बिधनू प्रखंड में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह पिछले 9 वर्षो से खेरसा गांव में रामशरण गुप्ता के मकान में पत्नी संजना (40), बेटा तनिश(12) और बेटी तान्या (9) के साथ किराए पर रह रहे हैं। राघवेंद्र के मुताबिक सोमवार दोपहर पत्नी संजना कपड़े सुखाने के लिए मकान की तीसरी मंजिल पर गई थीं।

**हादसा**

- बिधनू क्षेत्र के खेरसा में कपड़े फैलाते समय हुआ हादसा
- सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है महिला का पति

संजना डोरी पर कपड़े फैला रही थीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। छत में बनी रेलिंग की ऊंचाई कम होने के कारण वह अनियंत्रित होकर मकान के बाहर रोड पर जा गिरीं। सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। फौरन पड़ोसियों की मदद से उन्हें लेकर बिधनू सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने नाजुक देख उन्हें हैलट रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान संजना की मौत हो गई।

# विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी की अनिवार्यता को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और ऑनलाइन हाजिरी का बहिष्कार किया।

8 जुलाई से परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किया गया है, जिसको लेकर शिक्षकों में असंतोष और आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले चौबेपुर विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन हाजिरी का बहिष्कार किया।


बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते गोगूमऊ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक।

- परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी की मुखालफत शुरू
- जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा की अपील पर विरोध

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा के संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने कहा कि अव्यवहारिक एवं वास्तविकता से कोसों दूर यह आदेश शिक्षकों के लिए जानलेवा साबित होगा। जब तक सरकार शिक्षकों की अपेक्षित मांगों पर कोई अहम निर्णय नहीं ले लेती है, तब तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और शिक्षकों की व्यवहारिक दिक्कतें समझनी चाहिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हलधरपुर गांव के समीप से निकली झांसी-लखनऊ रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर निवासी कामिल हुसैन ( 22 ) भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हलधरपुर गांव के समीप से निकली झांसी लखनऊ रेलवे लाइन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्यवाही शुरू की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

**सार-संक्षेप**

### खण्ड विकास अधिकारी को समारोह में दी गई विदाई

**बिधनू।** खण्ड विकास अधिकारी रवि शंकर प्रधान को उनके स्थानांतरण पर ब्लॉक कार्यालय में विदाई दी गई। इस दौरान अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ग्राम प्रधानों ने उनके कार्यकाल को याद किया और बेहतर बताया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार, ग्राम पंचायत सचिव नैंशी शुक्ला, वर्षा शुक्ला, दीपा, अनिल शर्मा, अजीत सिंह, जितेन्द्र मिश्रा, राजेश सिंह, लवकुश, शेष कुमार, रामपाल गोस्वामी, अनुज मिश्रा, ब्लाक समन्वयक नीरज, मनीष, राहुल कटियार, विपिन कुमार, प्रधान आशीष बाजपेई, चंद्रजीत सिंह, अनिल गुप्ता, मानवेंद्र आदि रहे। प्रधान संगठन के जिला महासचिव रामनरेश यादव, एडीओ सुरेश चंद्र निगम ने कार्यकाल को बेहतर बताया।


बीडीओ को विदाई देते अधीनस्थ कर्मचारी।

**बैठक** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभी सभासदों की सहमति से प्रस्ताव पास

# 17 करोड़ रुपये से चमकेगा बिल्हौर नगर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** नगर पालिका बोर्ड की सोमवार को हुई बजट बैठक में नगर के विकास के लिए रखे गए सभी प्रस्ताव सभासदों की सहमति से पास हो गए। नगर के विकास में 17.03 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। सबसे ज्यादा सड़कों के निर्माण और मार्ग प्रकाश व्यवस्था पर धन खर्च किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर के विकास के लिए 15 जून को बिल्हौर नगर पालिका बोर्ड की बजट बैठक बुलाई गई थी, लेकिन सदन में हंगामे के कारण बैठक स्थगित कर दी गई थी। सोमवार को दोबारा हुई बजट बैठक में नगर के विकास का ब्यौरा पेश किया गया और उन्हें अमलीजामा पहनाने के लिए प्रस्ताव पेश कर सभासदों की सहमति ली गई। बैठक में पेश किए गए प्रस्तावों पर सदन की सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।


नगर पालिका बोर्ड की बैठक में भाग लेते अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इखलाक खां की मौजूदगी में अधिशाषी अधिकारी ने नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था पर 85 लाख रुपये, सड़क निर्माण में दो करोड़ रुपये, सफाई उपकरण खरीद में 25 लाख रुपये, जलापूर्ति व्यवस्था पर 90 लाख रुपये, नाला-नाली क्रास और पुलिया निर्माण पर 75 लाख रुपये, मार्ग प्रकाश व्यवस्था पर एक करोड़ रुपये, नगर पालिका की संपत्ति सुरक्षा और सुंदरीकरण पर 50 लाख, अन्य विविध व्यय पर 10 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके अलावा बैठक में दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना पर दो करोड़ रुपये, शव यात्रा वाहन में 20 लाख रुपये और स्वच्छ भारत मिशन पर 30 लाख रुपये सहित 17.03 करोड़ के अनुमानित खर्चों का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर बैठक में मौजूद 25 सभासदों में से 22 सभासदों की सहमति मिलने से सभी प्रस्ताव पास हो गए। इस मौके पर लिपिक जितेन्द्र सिंह, अशोक चंद तिवारी, अतुल तिवारी, हितेश भदौरिया, अमित अवस्थी, बबलू पांडेय, जीशान अंसारी, शमीम कुरैशी, देवेंद्र सविता सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

- सड़कों और प्रकाश व्यवस्था पर खर्च होगी ज्यादा धनराशि

# पुलिस सहायता केंद्र की निर्माण सामग्री गायब

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** पुलिस सहायता केंद्र के निर्माण के लिए मानपुर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की बंजर भूमि पर डाली गई निर्माण सामग्री रात भर में गायब हो गई। ग्राम प्रधान ने पुलिस को इसकी तहरीर दी है और आरोप लगाया है कि कोल्ड स्टोर प्रबंधक ने जेसीबी लगाकर पूरी निर्माण सामग्री अपने शीतगृह के रास्ते में डलवा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानपुर ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि पुलिस सहायता केंद्र बनाने के लिए उन्होंने ग्राम समाज की बंजर भूमि चिह्नित की गई थी, जिस पर पुलिस सहायता केंद्र के निर्माण की मंजूरी मिल गई थी। सहायता केंद्र के निर्माण के लिए उन्होंने ईंट, गिट्टी, सीमेंट और मौरंग उसी जगह पर एकत्र कराई थी। सोमवार सुबह जब वह वहां पहुंचे तो सारी निर्माण सामग्री गायब थी। उन्होंने कोल्ड स्टोर प्रबंधक के खिलाफ तहरीर दी है। बताया है कि पुलिस सहायता केंद्र के निर्माण के लिए रखी गई निर्माण सामग्री कोल्ड स्टोर प्रबंधक ने गायब कर दिया है। रातों-रात जेसीबी चलवा कर शीतगृह के रास्ते पर सारी सामग्री प्रयोग कर ली गई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान की ओर से तहरीर मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

- ग्राम प्रधान ने कोल्ड स्टोर के प्रबंधक के खिलाफ दी तहरीर

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### हादसे में युवक गंभीर

**रसूलाबाद।** रविवार देर रात कछुआईन निवादा निवासी सोनू (25) खेतों से मूंगफली समेट कर अपने दूसरे घर सिकंदरपुर पैदल जा रहा था। तभी रसूलाबाद की तरफ से विषधन रोड पर आ रहे अनियंत्रित अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सादिक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण कानपुर हैलट रेफर कर दिया

### एससी-एसटी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के भिखनापुर गांव निवासी कैलाश शंखवार ने पुलिस को बताया की बीती 28 जून की सुबह उसका दस वर्षीय पुत्र आदर्श शौच के लिए बाहर खेतों की तरफ गया था। घर वापस आते समय रास्ते में पेड़ के नीचे पड़े कच्चे आम उठाने लगा। उसी दौरान पेड़ का मालिक योगेश सिंह चौहान आ गया और पुत्र के साथ मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहते हुए धमकी दी। थाना प्रभारी एसएम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्कूल के बच्चे हुए निपुण तो हेडमास्टर बनेंगे चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- प्रधानाध्यापकों को मिलेगा निपुण चैंपियन का पुरस्कार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को अब निपुण भारत चैंपियन पुरस्कार दिया जाएगा। यह योजना प्रधानाध्यापकों के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन कर उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है।

परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के नामांकन के सापेक्ष 80 प्रतिशत बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्य एवं सूची की निर्धारित दक्षताएं प्राप्त करना आवश्यक है। इसके साथ ही विगत तीन शैक्षिक सत्रों में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1-5) में बच्चों के नामांकन में निरंतर वृद्धि हुई हो और किसी भी शैक्षिक सत्र में छात्र नामांकन 100 से कम नहीं होना चाहिए। शैक्षिक सत्र में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1-5) में बच्चों की औसत उपस्थिति 90 प्रतिशत से अधिक होना भी जरूरी है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का स्वतंत्र वाह्य मूल्यांकन के बाद विद्यालय को निपुण विद्यालय और प्रधानाध्यापक को निपुण चैंपियन हेड मास्टर ऑफ द डिस्ट्रिक्ट घोषित किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यालयों को 25 हजार की धनराशि के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा और प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा।

# टमाटर हुआ 'लाल', प्याज निकाल रहा 'आंसू'

## महंगाई की मार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सब्जियों के भाव बढ़ने से रसोई का गड़बड़ाया बजट
- महंगाई से गरीबों और मध्यम वर्ग का जायका बिगड़ा

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम सब्जियों के भाव भी बढ़ गए हैं। टमाटर के भाव ने जहां शतक लगा दिया है, वहीं प्याज भी आंसू निकाल रहा है। प्याज 50 रुपये प्रतिकिलो तक बिक रहा है। लौकी, तरोई, कद्दू, भिंडी आदि के भाव भी समय के साथ तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में घर की रसोई का बजट बिगड़ रहा है।

मानसूनी बारिश के पहले सब्जियों का सामान्य भाव चल रहा था। आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, लौकी आदि का भाव 20 से 30 रुपये के बीच था। ऐसे में हर किसी की थाली में हरी सब्जी और टमाटर, प्याज का सलाद दिख रहा था। लेकिन मानसून की दस्तक होते ही हरी सब्जियों ने रंग दिखाने शुरू कर दिया। दिन प्रतिदिन टमाटर का भाव सुर्ख और प्याज आंसू निकालने लगा। अकबरपुर सब्जी मंडी के आढ़ती बाबाजी, एजाज आदि ने बताया कि प्याज और टमाटर की स्थानीय स्तर से आपूर्ति ठप हो गई है।

टमाटर व प्याज दूसरे प्रांतों से आ रहा है। वहां पहले ही बारिश हो चुकी है। इसके चलते टामटर और प्याज के भाव आसमान छू रहे हैं। इसी तरह से लौकी, तरोई, कद्दू आदि का भाव भी उछल रहा है। दुकानदारों ने बताया कि बारिश के कारण मंडी में सब्जियों की आवक भी कम हो गई है। जिसके चलते मंडी से ही सब्जियां अधिक दाम पर मिल रही हैं। इस कारण फुटकर में महंगाई देखने को मिल रही है। फिलहाल सब्जियों की आवक अधिक होने और गुणवत्ता ठीक मिलने पर ही दामों में कमीं देखने को मिल सकती है। ऐसे में लोगों की थाली से सलाद तो पूरी तरह गायब हो चुका है।


अकबरपुर में सब्जी बेचते दुकानदार। अमृत विचार

### अभी और बढ़ेंगे सब्जियों के भाव

जिले में झमाझम बारिश हो रही है। खेत जलमग्न हो गए हैं। सब्जियों के फसलों की बेल खराब होनी शुरू हो गई हैं। अकबरपुर के कटरा निवासी किसान विनय ने बताया कि खेतों में पानी भरा है। अगर पानी खेतों से उतरा न तो दो-तीन दिन में सब्जियों की बेल सड़ने लगेंगी। लौकी, तरोई और कद्दू का उत्पादन घट जाएगा।

**सब्जियों के दाम रुपये प्रति किलो**

| सब्जी | बारिश से पहले | मौजूदा दाम |
|---|---|---|
| आलू | 20 | 40 |
| टमाटर | 30 | 100 |
| भिंडी | 30 | 40 |
| बैगन | 30 | 60 |
| शिमला मिर्च | 60 | 100 |
| प्याज | 30 | 50 |
| फूलगोभी | 20 | 40 |
| खीरा | 20 | 40 |

नोट-सब्जियों के दाम अढ़ातियों के बताए अनुसार हैं।

# किस शेर की आमद है कि रन कांप रहा, कोहन कांप रहा

## पहली तारीख को अलम, ताजिया जुलूस निकला, नवाब हैदर अली खां का अलम जुलूस ताजिया के साथ निकला

## मोहर्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जुलूस में मातम करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** किस शेर की आमद है रन कांप रहा है, रन चीज है क्या चरखे कोहन कांप रहा है। फिर चांद मोहर्रम का नमुदार हुआ है और चाक दिले अहमदे मुख्तार हुआ है। अंजुमनों ने नौहाख्वानी करते हुए अलम और ताजिया जुलूस निकाला।

सोमवार को मोहर्रम की पहली तारीख को करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अलम जुलूस निकाला गया। इन जुलूसों में लोग नौहाख्वानी और मातम करते चल रहे थे। शहीदे आजम शहीदे कर्बला की शहादत की याद में मजलिस, मातम और शहरदातनामों का सिलसिला शुरू है। नवाब हैदर अली खां का अलम जुलूस ताजिये के साथ इमाम बारगाह आगामीर मकबरा से निकाला गया।

पहली मोहर्रम पर नवासे रसूले आज़म इमाम हुसैन की अज़ीम शहादत की याद में नवाब हैदर अली खाँ का 153 वर्ष पुराना अलम और ताजिये का जुलूस इमाम बारगाह आगामीर मकबरा ने रात 10:00 बजे निकाला गया। जुलूस का एक नेतृत्व नवाब हैदर अब्बास और नवाब अली अब्बास कर रहे थे। जुलूस में दर्जनों काले झण्डे और अलम शामिल थे। जुलूस के अन्त में एक शानदार ताजिया भी श्रद्धालु कन्धों पर लेकर चल रहे थे। या हुसैन के गगनभेदी नारे फिजा में गूंज रहे थे। अन्जुमन के साहिबेबयाज हसन अब्बास अख्तर सीतापुरी नौहाख्वानी के द्वारा कर्बला के 72 प्यासे शहीदों को खिराजे अकीदत पेश कर रहे थे। ये जुलूस ग्वालटोली बाजार से गुजरता हुआ मछली वाला तिराहा से गश्त करता हुआ इमामबाड़ा नवाब हैदर अली खां नवाब कम्पाउण्ड सिविल लाइन्स पहुंचकर समाप्त हुआ। दूसरी तरफ पहली मौहर्रम पर पटकापुर नवाब दूल्हानगर इमाम बारगाह महल से और प्रयाग नारायन शिवाला से इमाम बारगाह महल तक सोगरवाराना माहौल में जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में लोग नंगे पैर काले कपड़े पहने मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूसे अलम में अन्जुमन रिजविया के साहिबेबयाज नवाब मुमताज, परवेज जैदी और इब्ने हसन बब्लू नोहा ख्वानी कर रहे थे। इन दोनों जुलूसों में नवाब मुमताज, इब्ने हसन, नवाब फरहत हुसैन, निशात अली, हाजी मुंसिफ अली रिजवी (नगर पार्षद), डॉ जुल्फिकार अली रिजवी,, नज़रे आलम, अनवार सज्जादी, कुमैल नमाजी, रानू नकवी, आसिफ अब्बास और सिकन्दर सीतापुरी मौजूद थे। दोनों जुलूसों में पुलिस की समुचित व्यवस्था थी। उधर शहर के पांच हजार इमामबाड़ों में जिकरे शाहदतेन व मजलिसे बरपा हुईं। नवासे रसूले आजम हज़रत इमाम हुसैन की बारगाह में नजराने अकीदत पेश किया गया।

## शहीदे कर्बला

- अंग्रेजों के खिलाफ नाना राव पेशवा, लक्ष्मी बाई करते थे मीटिंग
- मौला इमाम हुसैन के रौजे की जियारत करने आते हैं अकीदतमंद
- फिरंगियों ने लगा दी थी नवाब साहब के किले में आग


मकबरा ग्वालटोली स्थित इमामबारगाह आगामीर में मजलिस की तैयारियां।

### इमाम बारगाह आगामीर से बिठूर तक थी सुरंग

**कानपुर।** ग्वालटोली मकबरा जिसे छोटी कर्बला के नाम से भी जाना जाता है, यहां तकरीबन 150 साल से भी अधिक समय से मजलिस मातम का सिलसिला जारी है। ये जगह धार्मिक लिहाज से जितनी अहम है उतनी ही ऐतिहासिक भी है। यहां पर मौला इमाम हुसैन का रौजा बना हुआ है जिसकी जियारत करने के लिए देश दुनिया से लोग आते हैं। यहां पर चमत्कार होने का दावा भी किया जाता है। कर्बला की देखरेख करने वाले शहनशाह हुसैन बताते हैं कि ये सैयद मोहम्मद खान बहादुर उर्फ आगामीर का महल था, अवध के नवाब ने उन्हें यहां भेजा था। इस महल में आजादी के मतवाले नाना राव पेशवा, रानी लक्ष्मी बाई और दूसरे क्रांतिकारी आकर अंग्रेजों के खिलाफ गुप्त बैठक किया करते थे और आजादी की रणनीति बनाया करते थे। एक बार यहां पर चल रही बैठक की खबर अंग्रेजों को लग गई तो अंग्रेजों ने महल पर धावा बोल दिया और इसमें आग लगा दी। हालांकि गनीमत ये रही कि अंग्रेजों के आने से पहले सभी क्रांतिकारी यहां से गुप्त सुरंग के जरिये गंगा के रास्ते निकलने में कामयाब रहे। अब यहां पर अंजुमन मोहम्मदी मोईनुल अजा मजलिस वा मातम का प्रोग्राम करवाती है, इसके सदर आगामीर के वंशज नवाब सैयद हैदर अब्बास खां हैं। यहां पर 72 ताबूत का भी प्रोग्राम होता है जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं।

## मोहर्रम-3


जलसे को खिताब फरमाते मौलाना मुफ्ती मोहम्मद रफी अहमद मिस्बाही।

### सितारों के बराबर हमारे उमर की नेकियां

**कानपुर।** इस्लाम के दूसरे खलीफा हजरत फारुक की याद में शहरभर में यौमे उमर फारुक-ए-आजम मनाया गया। रसूल अल्लाह ने फरमाया कि आसमानों के सितारों के बराबर हमारे उमर की नेकियां हैं। बासमंडी स्थित मदरसा अरबिया रज्जाकिया मदीनतुल उलूम में आयोजित यौमे उमर फारूक-ए-आज़म के जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना मुफ्ती मोहम्मद रफी अहमद मिस्बाही निजामी ने ये बात कही। सोमवार को मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना हाफिज अब्दुल रहीम बहराइची ने कहा कि इस्लाम को इतना फायदा किसी के ईमान लाने से नहीं पहुंचा जितना कि उमर फारूके आजम के ईमान लाने से पहुंचा। हजरत उमर फारूके आजम अदल और इंसाफ के पैकर थे। हजरत उमर फारूके आज़म रात को मदीने की गलियों में गश्त लगाकर लोगों की खबरगीरी किया करते थे। हाफिज मोहम्मद तुफैल ने कुरआन की तिलावत करके जलसे का आगाज किया। मोहम्मद फैजुल मोहम्मद अहमद हाफिज मोहम्मद सैफी हाफिज शौकत ने नात शरीफ का नजराना पेश किया जबकि जलसे की सरपरस्ती हाफिज अब्दुल रहीम बहराइची व संचालन शब्बीर कानपूरी ने किया। मौलाना फिरोज़ अहमद, हाफिज मोहम्मद साबिर उवैसी, हाफिज मोहम्मद खुर्शीद, अब्दुल कलाम, मोहम्मद कैफ, हाफिज शम्स रजा, मोहम्मद ज़ुबैर खान, हाजी मोहम्मद नसीम अंसारी, मोहम्मद हफीज़, मुस्तफा फारूकी, हाजी मोहम्मद आसिफ रईस, हाजी मेहमूद आलम, हाजी मोहम्मद ताहिर आदि लोग उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर किया फ्लैग मार्च

कानपुर। मोहर्रम के पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन राम सेवक गौतम ने बड़ी कर्बला थाना क्षेत्र कोहना और ग्वालटोली मकबरा का स्थानीय पुलिस फोर्स व अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। ताजियों के आने का मार्ग तथा दफनाए जाने का स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान एसीपी अनवरगंज आईपी सिंह, कर्नलगंज महेश कुमार व सीसामऊ चित्रांशु गौतम उपस्थित रहे।

# आरोग्य मंदिर में आशाबहू का कब्जा

संवाददाता, रूरा


रामपुर डगरहा के आरोग्य मंदिर में कब्जा। अमृत विचार

- परिसर में बांधे जा रहे जानवर, ग्रामीणों के एतराज पर होता झगड़ा

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के इलाज के लिए आरोग्य मंदिर बनवाए गए है, लेकिन इनमे उपचार तो दूर लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा जमा रखा है। कुछ इसी तरह का रामपुर डगरहा के आरोग्य मंदिर का है, यहां गांव की आशा कमरे में अपना कब्जा जमाए है।

रूरा क्षेत्र के रामपुर डगरहा गांव में बने आरोग्य मंदिर के एक कमरे में आशा बहू द्वारा कब्जा करने के साथ ही परिसर में जानवर भी बांधे जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने एक-दो बार अस्पताल में जानवर बांधने से मना किया तो आशा लड़ने पर आमादा हो गई। जिसके चलते उन्होंने ने कहना बंद कर दिया। जबकि करीब एक हफ्ते पहले एनक्यूएएस की टीम ने आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया था। उस दौरान आशा ने अपनी गृहस्थी वहां से हटा ली थी।

आरोप है कि गांव में मकान होने बावजूद भी आशा आरोग्य मंदिर में अवैध तरीके से कब्जा जमाए है। ग्राम प्रधान ने बताया की दो वर्ष पूर्व बरसात के समय में घर में पानी भर जाने के चलते के एक-दो महीने के रहने के लिए डॉक्टर की सहमति से आशा से कह दिया गया था। सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि आरोग्य मंदिर के कमरे में कब्जे की जानकारी नहीं है।

# महिला को भेजी अश्लील फोटो

**कानपुर।** जरौली निवासी युवक ने प्रापर्टी डीलर की पत्नी की सोशल मीडिया साइट पर अश्लील फोटो व कमेंट किए।

विवाहिता ने बर्रा थाने में अरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बर्रा थानाक्षेत्र निवासी विवाहिता ने बताया कि जरौली फेस वन निवासी राहुल सिंह चौराहन उनकी इंस्टाग्राम व फेसबुक में लगातार एक साल से नई-नई आइडी से अश्लील फोटो और अभद्र टिप्पणी करता है। साथ ही पारिवारिक महिलाओं की फोटो पर अपशब्दों का इस्तेमाल करता है। पीड़िता ने मामले की शिकायत बर्रा थाने में की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# धर्मांतरण में शिक्षिका समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में स्थित स्कूल में छात्र को यौन प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला फिर चर्चा में आ गया है। छात्र के पिता ने कोतवाली में स्कूल टीचर समेत चार के खिलाफ आईटी एक्ट व धमकी देने के मामले में एक और एफआईआर दर्ज कराई है।

शुक्लागंज निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे को स्कूल टीचर ने यौन प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा दिया था। जिसमें छात्र की शिखा तक काट दी गई थी। काफी दौड़ने भागने के बाद भी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कि तब पिता ने कोर्ट से आदेश कराकर कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद स्कूल टीचर ने भी पिता पुत्र के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज करा दी थी।

अब पिता का आरोप है कि 20 अक्तूबर 2023 और 30 अक्तूबर 2023 को धमकाने के लिए फोन किया था। इस दौरान उन लोगों ने फोन पर धमकी भी दी।

इसके बाद एक गेमर नाम के यूट्यूब चैनल पर उनकी बेटी के लिए अशोभनीय टिप्पणी की। इस संबंध में इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष कुमार शुक्ला के अनुसार आईटी एक्ट और धमकी देने की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


इनरव्हील क्लब ने बच्चों को टी शर्ट बांटी।

### अंधविद्यालय के छात्रों को दीं 101 टी-शर्ट

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सेवा संस्था इनरव्हील क्लब ऑफ कानपुर वेस्ट ने जिलाध्यक्ष नीलू सिंह ढाकरे के नेतृत्व में सदस्य जवाहर नगर स्थित अंध विद्यालय पहुंचे। यहां पर क्लब के सदस्यों ने छात्रों व स्टाफ को 101 टी-शर्ट्स का वितरण की। साथ ही पौधरोपण भी किया। सभी छात्रों को नाश्ते के पैकेट प्रदान किए। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला ईएसओ मनीषा बाजपेई, स्मृति रस्तोगी, अनीता जैन, निधि श्रीवास्तव, रुचि, नम्रता, सीमा, नीना, रश्मि तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


काव्य संगोष्ठी में कवियों का सम्मान भी किया गया।

### गीतों की रसधार बही तो हास्य कविता ने गुदगुदाया

कानपुर। शहर के गजलकार सत्यप्रकाश शर्मा की स्मृति में काव्य संगोष्ठी में शहर व बाहर से आये कवियों ने काव्यपाठ किया। मेहमान कवियों को सम्मानित किया गया। कविकुल व भारतीय साहित्य संग्रह द्वारा यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित काव्यपाठ के उपरांत सम्मान समारोह भी हुआ जिसमें रायबरेली से आये कवि रामबाबू रस्तोगी को सत्यप्रकाश शर्मा स्मृति सम्मान दिया गया। समाजसेवी इंद्रमोहन रोहतगी ने उन्हें शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। रामबाबू रस्तोगी, बलराम श्रीवास्तव (मैनपुरी), शिखा वाजपेयी, अतीक फतेहपुरी, मृदुल तिवारी, कृष्णकांत अग्निहोत्री, जयराम जय ने काव्यपाठ किया। संचालन श्रवण शुक्ला ने किया। धन्यवाद राजेन्द्र तिवारी ने दिय्या। कार्यक्रम संयोजन आनंद शर्मा, अभिषेक शर्मा और अनुभव शर्मा ने किया।

### तीन गुना गृहकर बढ़ाने के विरोध में सपाई

**कानपुर।** नगर पालिका व नगर पंचायत के पीड़ीए कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व सांसद संबोधित ज्ञापन दिया। कहा कि नगर पालिका परिषद और पंचायत में तीन गुना से अधिक गृहकर वसूली की, जो योजना लागू की गई है। उसकी पीडीए टीम कटु निंदा करती है। छात्रावासों, सहायता प्राप्त संस्थानों, कीड़ा केंद्र व स्वास्थ्य केद्रों को गृहकर लागू किया है, जिसे सरकार को वापस ले लेना चाहिए। नहीं तो इसका असर आम जनता पर भी पड़ेगा। गृहकर तीन गुना कर देने से भवन मालिकों पर बोझ बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि जनता को सुविधा देना तो दूर उल्टा टैक्स की मार से जनता पर बोझ लादा जा रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल रहे।

## क्राइम कुंडली

वर्ष 2023 में दर्ज की गईं थीं 21 एफआईआर, 2024 में 7 महीनों में 52 एफआईआर हुईं दर्ज

# निवेश के नाम पर फ्रॉड, एक वर्ष में दोगुना बढ़ा साइबर अपराध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निवेश के नाम पर ठगी का धंधा चल रहा है। अलग-अलग तरीकों से ठगी में एक वर्ष में दोगुना तेजी से वृद्धि हुई है। शातिर अलग-अलग अकाउंट और आईडी का इस्तेमाल करके फर्जी कंपनी बनाकर खेल कर रहे हैं। अलग-अलग तरीके के प्रलोभन के कारण लालच में आने से लोग अपनी जमा पूंजी गवां रहे हैं।

साइबर सेल इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि लालच देकर निवेश के नाम पर अलग-अलग तरीके से साइबर फ्रॉड लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ठग स्टॉक, बांड, म्यूचुअल फंड और रियल एस्टेट, बिटक्वाइन आदि में निवेश का झांसा दे रहे हैं। यह लोग फेक कंपनियां बनाते हैं। उसमें पहले से शामिल उनके ठग मुनाफे की जानकारी देकर निवेश के लिए दबाव डालते हैं। बताया कि वर्ष 2023 में जहां निवेश जैसे मामलों में 21 के आसपास एफआईआर दर्ज हुई थीं। वहीं एक वर्ष में ये आंकड़ा दो गुना पहुंचकर 2024 में मात्र सात महीने में 52 एफआईआर तक पहुंच गया है।

पीड़ित 1930 पर कॉल करके अपने साथ हुई घटना की जानकारी देता है, इसके बाद उसे संबंधित थाने प्रार्थना पत्र लेकर भेजा जाता है। 2024 में 7 माह में साइबर अपराधियों ने अब तक तकरीबन 2.50 करोड़ का चूना लगाया है।

**झारखंड को पीछे छोड़, दिल्ली एनसीआर और महाराष्ट्र आगे आए:** इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि अब साइबर अपराधियों ने झारखंड को पीछे छोड़ दिया है। वहां के अपराधी जहां अकाउंट हैक कर लोगों को अपना निशाना बनाते थे। वहीं दिल्ली एनसीआर और महाराष्ट्र के ठग नई टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयरों से लोगों को हर दिन नए-नए पैतरों से शिकार बना रहे हैं। इन दिनों कुछ समय से दिल्ली और महाराष्ट्र से काफी मामले आए हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

- अज्ञात कॉलर्स को रिप्लाई न करें।
- सोशल मीडिया के अकाउंट में 2 स्टेप वेरीफिकेशन लगाएं।
- अपने मोबाइल पर आए ओटीपी पासवर्ड किसी से शेयर न करें।
- वर्क फ्रॉम होम के लिए व्हाट्सएप पर आने वाले मैसेज का संज्ञान न लें।

### हाल में निवेश के नाम पर हुईं घटनाएं

- मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय चौधरी से एसबीआई रीवार्ड प्वाइंट्स के नाम पर 50 हजार की ठगी।
- टुकनियापुरवा में टेलीग्राम में टॉस्क के नाम पर लालच देकर श्वेता सिंह से 2,02,560 का साइबर फ्रॉड किया गया।
- ग्वालटोली में रेस्टोरेंट के नाम पर साइबर ठगों ने व्यापारी से 13 .50 लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया।
- बाबूपुराव के ढकनापुरवा निवासी मोहम्मद अंसारी से निवेश के नाम पर 32 .11 लाख की ठगी का घटना को अंजाम दिया।

### ठगी होने पर इन नंबरों पर करें संपर्क

साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा साइबर क्राइम थाने के मोबाइल नंबर 7839876675 पर भी सूचना दी जा सकती है। 24 घंटे के भीतर शिकायत करने पर लेन-देन को जांच एजेंसियां फ्रीज करा देती है और पैसा आसानी से वापस मिल जाता है, लेकिन देर होने पर रकम वापस लाने की संभावना कम हो जाती है।

निवेश के नाम पर इन दिनों तेजी से फ्रॉड बढ़ रहा है। लगातार टीमें पीड़ितों से संपर्क कर खातों को फ्रीज कराकर रकम वापस करा रही हैं। लोग भी अंजान व्यक्तियों के द्वारा बताए गए निवेश के लालच में आकर अपनी रकम न गवाएं और जागरुक हों।

-हरमीत सिंह, साइबर इंस्पेक्टर

# अलग-अलग स्थानों पर करंट लगने से 3 की मौत

## गंगाघाट, पुरवा व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्रों में हुईं घटनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे
- पंखे का प्लग लगाते समय दो लोगों को लगा करंट

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में तीन लोगों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। गंगाघाट, पुरवा व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्रों में हुई घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे हैं।

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चहलहा निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत

केस 01

सदस्य रामचंद्र पाल (55) पुत्र विश्राम पाल सोमवार सुबह 10 बजे घर में फर्राटा पंखा का प्लग बोर्ड में लगा रहा था। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



रामचंद्र पाल।

मौत की सूचना पर ग्रामीणों व परिजनों में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई की।

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी शान्ती (45) घर में विद्युत बोर्ड में फर्राटा पंखे का प्लग लगा रही थी। तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर

केस 02

रूप से झुलस गई। उसकी चीख सुन पास में रहे पति संतराम ने आनन-फानन उसे छुडाया और सीएचसी लाया। जहां चिकित्सक ने शान्ती को मृत घोषित कर दिया। मृतका को दो बेटे उमेश व भूपेश के अलावा पति संतराम का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि सीएचसी से सूचना मिली है।

**शुक्लागंज।** नगर के मोहल्ला ब्रम्ह नगर निवासी आशीष दुबे गंगाघाट कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात है।

केस 03

उसका 22 वर्षीय बेटा अभिनव एसएससी की तैयारी कर रहा था। रोज की तरह सोमवार सुबह साढ़े छह बजे नहाने के बाद घर में बने मंदिर में पूजा करने जा रहा था। तभी मंदिर में लगा बल्व जल-बुझ रहा था। यह देख उसने बल्व निकालने का प्रयास किया। इस दौरान होल्डर से तार निकल आया और उसके सीने पर गिर गया। जिससे उसे करंट लग गया और वह जमीन पर गिर गया। शोर सुन परिजन दौड़े और उसे गंभीर हालत में नगर के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख परिजन उसे कानपुर क उर्सला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। उर्सला पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



अभिनव।

# युवाओं को दिया जाएगा विवेकानंद यूथ अवार्ड

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- युवाओं को उपलब्ध कराने होंगे सामाजिक गतिविधियों के साक्ष्य

**अमृत विचार।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग युवाओं को प्रदेश स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड (व्यक्तिगत) से सम्मानित करेगा। इसके लिए 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। चयनितों को मेडल, प्रमाण पत्र व 50 हजार रुपए नगद धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने बताया कि विभाग विगत वर्षों की तरह इस बार भी युवाओं को राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित करेगा। यह सम्मान 15 से 35 आयु वर्ग के उन युवाओं को दिया जाएगा, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में खेलकूद सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय-वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यकम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति, साहित्य, मानव अधिकार संरक्षण, पर्यटन, पारंपारिक चिकित्सा, सामुदायिक सेवा, शैक्षिक उत्कृष्टता और स्मार्ट लर्निंग आदि क्षेत्रों में उत्कृष्टतापूर्ण सराहनीय कार्य किए हों। आवेदन के साथ सामाजिक कार्यां के साक्ष्य के तौर पर प्राप्त हुए प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ व समाचार पत्रों की कटिंग संलग्न करनी होंगी। उन्होंने बताया कि अर्हता पूरी करने वाले जिले के सभी शहरी व ग्रामीण युवा यह सम्मान प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। इच्छुक युवा 31 जुलाई तक विकास भवन के कक्ष संख्या-64 में किसी भी कार्य दिवस पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्हें तीन सेट में आवेदन जमा करना होगा। यह सम्मान किसी भी युवा को जीवन में केवल एक बार ही प्रदान किया जाता है, जिसमें मैडल, प्रमाण पत्र व 50 हजार रुपये नकद दिए जाते हैं। शारीरिक प्रशिक्षक अरुणेश ने बताया कि प्रदेश में 10 से अधिक युवाओं को सम्मान मिलता है।

## चुनावी रंजिश में मारपीट करने पर प्रधानपति समेत 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर उन्नाव।** चुनावी रंजिश के चलते हुई मारपीट में पुलिस ने प्रधान पति समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी विनोद ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि चुनावी रंजिश मानते हुए ग्राम प्रधान पति संतोष विश्वकर्मा आएदिन मारपीट पर अमादा रहते हैं। उसका बेटा तेजू घर से चक्की पर आटा उठाने जा रहा था तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे संतोष विश्वकर्मा, संजय कुशवाहा, कुलदीप व प्रदीप ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन लोगों ने उसके बेटे को वहीं दुकान पर बंदी बना लिया।

सूचना पर वह बेटे को छुड़ाने गया तो वह लोग उससे भी मारपीट करने लगे और शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी भी दी।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। इसे लेकर कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



टीन की चादरों से घेरा गया अमृत स्टेशन का निर्माण स्थल। अमृत विचार

# आखिर टीन की चादरों से घेर दिया गया निर्माण स्थल

प्रभाव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अमृत स्टेशन निर्माण के बीच अब रेल यात्रियों को हवा में उड़ने वाली धूल व डस्ट से परेशान नहीं होना पड़ेगा। ध्वस्तीकरण व खुदाई शुरू होने पर सुरक्षा के इंतजाम न किए जाने को लेकर अमृत विचार ने समस्या को उजागर किया था। अब अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार संबंधित स्थान को टीन की चादरों से घेर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अमृत स्टेशन निर्माण का शिलांयास हुआ था। हालांकि कार्य अभी हाल में शुरू कराया जा सका है। निर्माण शुरू कराने के लिए जहां स्टेशन भवन के पीछे बने कुछ आवासीय भवनों का ध्वस्तीकरण कराया गया है।

वहीं मुख्य भवन के पीछे खाली पड़े स्थान पर खुदाई कराई गई है। खुदाई से निकली मिट्टी मौके पर ही डंफ रहने से न सिर्फ ध्वस्तीकरण के समय, बल्कि हमेशा हवा के साथ धूल व डस्ट यात्रियों को परेशान करती आ रही थी। जहां खाने-पीने का सामान खिसखिसाने लगता था। वहीं आंखों में भी किरकिराहट की





अमृत विचार में पूर्व में प्रकाशित हुई खबर।

- हवा के साथ धूल व डस्ट उड़ने की परेशानी से यात्रियों सहित स्टाफ को मिली राहत

समस्या खड़ी हो जाती थी, जबकि बुजुर्ग व दमा आदि के रोगियों का खांसते-खांसते बुरा हाल रहता था। अमृत विचार ने यात्रियों की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए अधिकारियों तक बात पहुंचाने की कोशिश की थी। अब रेल अधिकारियों ने खुदाई वाले स्थान को टीन की चादरों को जड़ते हुए दीवार सी खड़ी करा दी है, जिससे धूल व डस्ट आसपास क्षेत्र में उड़ते रहने से काफी हद तक राहत मिल गई है।

यही नहीं यात्रियों सहित आसपास के बाशिंदों का कहना है कि बारिश के मौसम में खोदे गए स्थान पर पानी भर जाने से खेलते हुए किसी बच्चे के साथ हादसे की आशंका भी बनी रहती थी। निर्माण स्थल की ओर लोगों की आवाजाही रोके जाने की सराहना की है।

## एक नजर

### मालगाड़ी में फंसा मवेशी एक घंटे खड़ी रही ट्रेन

**नवाबगंज।** अजगैन क्रासिंग के पास लखनऊ से कानपुर जा रही मालगाड़ी के नीचे मवेशी फंस गया। इससे मालगाड़ी वहीं खड़ी हो गई। इसकी सूचना जैसे की स्टेशन मास्टर को मिली तो उन्होंने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। इस पर करीब 30 मिनट बाद रेलवे के 12 कर्मचारियों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मवेशी को बाहर निकाला। इसके बाद ट्रेन रवाना हो सकी। घटना अजगैन क्षेत्र में क्रासिंग संख्या-22 व 23 के बीच हुई। इस दौरान करीब एक घंटे तक ट्रेन एक ही ट्रैक पर खड़ी रही और दोनों फाटक बंद रहे। इस दौरान वहां से निकलने वाले लोग एक घंटे तक खड़े रहे।

### फर्जीवाड़े के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** साल सदर कोतवाली निवासी उमेश और गंगाघाट कोतवाली के रविदास नगर निवासी विमल गौतम ने दूसरे की फोटो लगाकर जमीन बेची थी। दर्ज मुकदमें में दोनों आरोपी वांछित चल रहे थे।

# शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का नहीं माना आदेश, कटा वेतन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में जारी अंतः जिला स्थानांतरण/समायोजन प्रक्रिया में मनमानी किए जाने को शिक्षक खासे नाराज हो गए। उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की मौजूदगी में निराला उद्यान में एकत्र होकर रोष जताया। बाद में कलक्टेट पहुंचकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा। उन्होंने आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश को शिक्षक विरोधी बताते हुए कहा कि लंबित मांगे पूरी न होने तक इस आदेश पर अमल नहीं किया जाएगा। इधर ऑनलाइन हाजिरी नहीं भरने वालों का बीएसए ने एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है।



निराला उद्यान में एकत्र शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते शिक्षक नेता। अमृत विचार

- ऑनलाइन हाजिरी सहित अन्य मांगें पूरी न होने से नाराज हैं परिषदीय शिक्षक
- जिला स्थानांतरण समायोजन में मनमानी ने किया आग में घी का काम

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि किसी भी विद्यालय में सूची न चस्पा किए जाने से आपत्ति दर्ज कराना संभव नहीं है। पहले से नाराज शिक्षक-शिक्षिकाएं अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्रिया में मनमानी के विरोध में विद्यालय का समय पूरा होते ही जिला मुख्यालय पहुंचने लगे। निराला उद्यान में एकत्र होने के बाद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपकर आन लाइन उपस्थित आदेश को संशोधित कर रियायत दिए जाने की मांग की। साथ ही शिक्षकों को आकस्मिक अवकाश, हाफ डे लीव व ईएल की सुविधा दिए जाने पर भी जोर दिया। इसी तरह आन लाइन पंजिकाओं की प्रवृष्टि में आप्शन शामिल करने की बात कही है। प्रदर्शनकारियों में उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, अनुसूचित जाति-जनजाति संघर्ष मोर्चा, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन आदि के पदाधिकारी शामिल रहे। शिक्षक नेता अनुपम मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष भरत चित्रांशी व संकल्प मिश्रा ने अधिकारियों की मनमानी पर नाराजगी जताई। ज्ञापन देने वालों में सुरेश कुमार, अनूप शुक्ला, अतुल, प्रज्ञा शुक्ला, सुनीता, लता, शांभवी, प्रीति, कल्पना, अमिताभ, दिलीप आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



मतदान करने को लगी लाइन। अमृत विचार

### नगर पंचायत के दो वार्डों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ उपचुनाव

**हसनगंज।** नगर पंचायत मोहान के दो वार्डों में सोमवार को उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान के दौरान सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की भीड़ लगी रही। इसमें महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया। इसमें वार्ड संख्या-2 में 70 प्रतिशत और वार्ड संख्या-4 में 56.18 प्रतिशत मतदान हुआ। उपचुनाव में दोनों वार्डों में दो-दो प्रत्याशी मैदान में होने से उनमें कड़ी टक्कर देखने को मिली। चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए सीओ संतोष कुमार सिंह व इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र लगातार भ्रमण करते रहे। तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मतदान सकुशल संपन्न हो गया है।



लोगों को प्रवेश के लिये जागरूक करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### महाविद्यालय में प्रवेश के लिए चलाया गया अभियान

**उन्नाव।** राजकीय महाविद्यालय बक्खा खेड़ा उन्नाव की प्राचार्या डॉ. मीता अरोड़ा के निर्देशन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विकासखंड बिछिया के गांव जमुका व दुआ में डोर-टू-डोर जाकर महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अभिभावकों व विद्यार्थियों से विद्यालय की उपलब्धियां व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं से जनसंपर्क अभियान चलाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अपील की। इस दौरन डॉ. नीलिमा नागर, डॉ. आलोक रस्तोगी, डॉ. केके यादव, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. रितेश कुमार, डॉ. अयाज खलील, डॉ विद्याचरन, डॉ रजनीकांत दीक्षित, डॉ. प्रियदर्शन पांडेय, पुरातन छात्र संघ अध्यक्ष भरत कुमार, राजू वर्मा, राम पाल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### पांच दिन बाद घर लौटा लापता युवक

**नवाबगंज उन्नाव।** पांच दिन से देवरी गांव से लापता युवक अचानक अपने घर पहुंचा तो परिजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस ने बताया कि युवक गलत संगत में आकर सट्टा खेलकर काफी पैसे हार गया था। जिससे वह घर से भाग गया था। कस्बे व आसपास के सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरी निवासी हर्षित कस्बे में पुराने बस स्टाप के पास एक कम्पूटर सेंटर में कोचिंग पढ़ने आता था। पांच दिन पूर्व वह घर से आया लेकिन शाम को घर नही पहुंचा। इस पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार के अनुसार, युवक ने बताया कि वो काफी रुपये जुआं व सट्टा में हार गया था और घर से काफी पैसे व जेवर भी उठा लाया था। जिससे डरकर वह भाग गया था।

### मारपीट से युवक की मौत होने का आरोप

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत देवखरी गांव में रुपये के लेनदेन में हुई मारपीट में युवक की मौत होने का आरोप परिजनों ने लगाया है। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। इसमें सिर में आई चोट से मौत होने की पुष्टि हुई है। लेकिन चोट कैसे आई इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। देवखरी गांव निवासी सुखवीर सिंह ने बताया कि उसके भतीजे विशुनपाल (30) पुत्र जयवीर सिंह मजदूरी करता था। उसने गांव में अपने पारिवारिक रामू पुत्र कृष्ण पाल को तीन माह पहले 2000 रुपए उधार दिए थे। रविवार शाम छह बजे वह रुपये मांगने गया तो रामू व अन्य लोगों ने मारपीट की और उसे घर के बाहर फेंक गए। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसके सिर में आई चोट से मौत होने की पुष्टि के साथ शराब भी मिली है।

# फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पारिवारिक कलह के बाद आत्महत्या करने की चर्चा

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के जगदीशपुर गांव में युवक ने गांव के बाहर पेड़ में फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की फरवरी में शादी हुई थी।



पुनीत कुमार यादव।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के जगदीशपुर निवासी पुनीत कुमार यादव (26) पुत्र स्व. वीरपाल पहले शहर के एक अस्थि रोग विशेषज्ञ के यहां काम करता था। इस समय वह एक आयुर्वेद फार्मा कंपनी में एमआर था। सोमवार सुबह करीब आठ बजे घर से करीब 500 मीटर दूर उसका शव खेत में लगे आम के पेड़ में रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला। खेत गए परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर दरोगा सुभाष चंद्र पहुंचे और जांच की। उसकी इसी 27 फरवरी को शादी हुई थी। उसकी मौत से पत्नी कनिका बेहाल है। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि पारिवारिक कलह के बाद युवक ने फांसी लगाई है। बताते हैं कि उसके पिता की 10 साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद मां छोटे बेटे को साथ लेकर आसीवन क्षेत्र के किसी दूसरे व्यक्ति के साथ शादी कर रह रही थी। पुनीत अपने घर में बाबा व ताऊ के साथ रहता था।

# प्रतीक्षालय का काम अधूरा, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित लखनऊ बाईपास अंतर्गत अन्नपूर्णा मंदिर के पास यात्रियों के लिये बारिश से बचाव और ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है। यात्री बारिश में भीगने को मजबूर हैं। यात्रियों को हाईवे किनारे लगी दुकानों के पास तिरपाल के नीचे आसरा लेकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

बता दें कि हाईवे के दोनों ओर यात्रियों के लिए बस स्टॉप की सुविधा नहीं है। राहगीर सड़क किनारे खड़े होकर खुले आसमान के नीचे बारिश, ठंड व गर्मी में रोडवेज बस का इंतजार करते हैं। बस स्टॉप करीब तीन किमी दूर शहर के अंदर बना है। हाईवे के दोनों किनारों में लखनऊ बाईपास





हाईवे स्थित बाइपास पर खड़ी बस पर बैठते यात्री। अमृत विचार

पर बसें रुकती हैं। इनसे नौकरी पेसा लोग आवागमन करते हैं। जिससे रोज निजी व रोडवेज बसें लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर आदि बड़े शहरों के लिये बसें यात्रियों को आसानी से मिल जाती हैं।

यात्रियों की माने तो बसें यहां रुकती भी हैं लेकिन, इसके बाद भी उन लोगों के लिये कोई सुविधा नहीं है। जानकारी के अनुसार, 30 लाख से अधिक आबादी के जिले में रोज हजारों यात्री हाईवे स्थित लखनऊ बाईपास के सामने बसों का घंटों इंतजार करते हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दीनदयाल उपाध्याय स्पोटर्स स्टेडियम के पास एक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन, कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते वह भी अधूरा पड़ा है। यह हाईवे कानपुर, एटा, मैनपुरी, कानपुर देहात, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा व गोरखपुर आदि जिलों को जोड़ता है। रोडवेज बस से लोग यात्रा करते हैं। इसके बावजूद बारिश में यात्रियों को लखनऊ-कानपुर हाईवे के बाईपास पर यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय न होने से परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

**बोले जिम्मेदार**

इस बारे में हाईवे का काम देख रही जीएस एक्सप्रेस कंपनी के इंजीनियर अभय यादव ने बताया कि अधूरे यात्री प्रतीक्षालय का कार्य जल्द पूरा कराया जायेगा। जिससे यात्रियों को समस्याओं से जूझना न पड़े।

खेती-बाड़ी — महिलाओं ने कजरी लोकगीत गुनगुनाकर शुरू की धान की रोपाई

# झमाझम बारिश देख खिले धान किसानों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश होने से धान किसान खुश हैं। उन्हें धान के नर्सरी की रोपाई के लिए बेसब्री से बारिश का इंतजार था। किसानों ने धान के नर्सरी कि रोपाई शुरू कर दी हैं। जिले में 97476 हेक्टेयर में धान की खेती किसान करते हैं। खेतों में डाले गए नर्सरी 25 दिन बाद तैयार हो गई है। बारिश व नहरों में पानी के साथ खेतों में धान के नर्सरी की रोपाई शुरू हो गई है।

बता दें कि रविवार को महिलाएं सुहाने मौसम में कजरी लोक गीत गुनगुनाते हुए धान रोपती नजर आईं। खेतों में धान के नर्सरी रोपाई का दृश्य मन को आकर्षित कर



धान रोपाई करते महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

रहा था। खेत के पास खड़ा ट्रैक्टर, गीत गुनगुनाती महिलाएं व कहीं कहीं कुछ किसान अपने खेतों में मिट्टी समतल का काम खेतों में करते दिखें। कृषि उप निदेशक डा. मुकुल तिवारी ने बताया कि जिले में 97476 से अधिक कृषक धान की खेती करते हैं। खेतों में नर्सरी डालने वाले किसान 25 दिन बाद धान की रोपाई शुरू करते हैं। सभी को बारिश का इंतजार था। बारिश शुरू होते ही किसान खेत-खलिहान के काम में जीजान से जुट गये हैं। सभी ब्लॉक के केंद्रों पर बीज उपलब्ध हैं। जो किसान पीएम निधि में अपना पंजीयन कराए हैं और लाभान्वित हो रहे हैं उन्हें उचित दर पर धान बीज दिया जा चुका है। धान बीज खरीदने को किसी तरह का पंजीयन नहीं कराना होगा। कृषक पीएम सम्मान निधि वाले रजिस्ट्रेशन का अभिलेख दिखाकर बीज ले सकते हैं। ग्रामीण अंचलों में किसान धान खेती की तैयारी में जुट गए हैं। रोपाई के लिए खेतों में पानी भरकर जोताई करा रहे हैं। कहा कि कृषि से जुड़ी किसी तरह की समस्या किसानों को आए तो वह विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# आयुर्वेद के पास ही है बुढ़ापे की बीमारियों का इलाज

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगा शिविर

**अमृत विचार।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नवाबगंज कस्बे स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत प्रभारी चिकित्साधिकारी वैद्य नीरज सोनी ने शिविर में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का ध्यान बुढ़ापे में होने वाली बीमारियों से बचाव की ओर विशेष रूप से है।

बताया कि इसलिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करके वृद्धावस्था जन्म बीमारियों की विशेष जांच, उपचार एवं परामर्श की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके अंतर्गत समस्त वरिष्ठ नागरिक निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर सकते हैं,एवं गुणवत्ता युक्त विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियां जैसे-च्यवनप्राश, वात नाशक तेल, अश्वगंधारिष्ट, अर्जुनारिष्ट इत्यादि बुढ़ापे की बीमारियों से संबंधित समस्त प्रकार की दवाएं औषधीय निशुल्क रूप से वितरित की जा रही है। इसके साथ ही समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य बीमारियों से बचाव के उपाय, वृद्धावस्था में पालन करने योग्य आहार विहार की भी जानकारी दी जाती है, डॉ. सोनी बताते हैं के वृद्धावस्था में मधुमेह उच्च रक्तचाप, जोड़ों का दर्द, याददाश्त की कमी, डिप्रेशन, अनिद्रा, हड्डियों का कमजोर होना आदि बीमारी मुख्य रूप से होती हैं।

# सड़क हादसे में एक की मौत, 9 घायल

## बिहार थानाक्षेत्र में कार की टक्कर से डंपर के नीचे आया अधेड़, खड़े ट्रक में घुसी डीसीएम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


घायल को एंबुलेंस में बैठाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के बैजुआमऊ गांव के पास कार की टक्कर से बाइक में पीछे बैठा अधेड़ उछलकर सड़क पर गिर गया। तभी पीछे आए डंपर ने उसे रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। इससे गुस्साए लोगों ने हंगामा भी काटा। जिन्हें पुलिस ने समझा कर शांत कराया। वहीं अन्य थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसों में नौ लोग घायल हुए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- अजगैन कोतवाली, औरास व दही थाना क्षेत्र में हुए में भी हुए हादसे

**केस 01** **उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के शंभू रतन खेड़ा गांव निवासी काली शंकर (52) पुत्र अलोपी प्रसाद गांव के सुरेश पुत्र सत्ती के साथ पाटन आए थे। जहां से लौटते समय थानाक्षेत्र के बैजुआमऊ गांव के पास सामने से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे पीछे बैठे काली शंकर उछलकर सड़क पर गिर गए तभी पीछे से आए डंपर ने उन्हें रौंद दिया। इसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गिरने से सुरेश कुमार को भी चोटें आई हैं। जिसे सीएचसी पाटन भेजा गया। हादसे के बाद राहगीरों ने डंपर चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पीआरवी ने उसे भीड़ के चंगुल से किसी तरह बचाकर थाने पहुंचाया। घटना से अक्रोशित ग्रामीणों ने लकड़ी व बल्लियां डालकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। ग्रामीणों ने डंपर के संचालन पर रोक लगाने और 20 लाख मुआवजा देने की मांग करने लगे। इस पर बीघापुर, बारासगवर व पुरवा कोतवाली से फोर्स बुलाया गया। एसडीएम क्षितिज द्विवेदी व सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने लोगों को किसी तरह शांत कराया। काली शंकर की मौत से पत्नी फूल दुलारा बेटे रजनीश राजेश बेहाल रहे।

**केस 02** **नवाबगंज।** अजगैन-हसनगंज मार्ग पर धाराखेड़ा गांव स्थित पेट्रोल पंप के सामने सोमवार सुबह लोडर व बाइक की टक्कर हो गई। इसमें सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बगहा मुस्तफाबाग गांव निवासी व जालिपा पुत्र शक्तिदीन (55) उसकी पत्नी रंजना (50) बेटा मनु घायल हो गया। जिन्हें नवाबगंज सीएचसी लाया गया। वहीं सोहरामऊ थानाक्षेत्र के रसूलपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पीयूष राजपूत (30) पुत्र रामनारायण निवासी गोमती नगर लखनऊ गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे केजीएमयू भेजा गया।

**केस 03** **गंजमुरादाबाद।** मैनपुरी जिला के थाना व कस्बा नगला करहल निवासी चालक संदीप पुत्र बलेश्वर अपने भाई रिषभ के साथ डीसीएम में भाड़ा लादकर लखनऊ जा रहा था। सोमवार भोरपहर साढ़े 3 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गजोगीकोट गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम खड़े ट्रक के पीछे से घुस गया। इसमें संदीप गंभीर घायल हो गया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने उसे बांगरमऊ सीएचसी भेजा। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं रिषभ का सीएचसी में इलाज चल रहा है। वहीं एक्सप्रेस-वे पर ही रविवार रात एक अन्य दुर्घटना में आरिफ व चांदबाबू निवासी ठाकुरगंज लखनऊ भी गंभीर घायल हो गए। उन्हें भी जिला अस्पताल भेजा गया।

**केस 04** **औरास।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज जिले के छिबरामऊ गांव शिवम (34) पुत्र प्रमोद गुप्ता कार से लखनऊ जा रहे थे। तभी औरास थानाक्षेत्र के कोयलिया खेड़ा गांव के पास चालक को झपकी आ गई। इससे कार डिवाइडर में टकराकर पलट गई। इसमें शिवम को चोट आई हैं।

# गाने पर युवकों ने तलवार लहरा कर किया डांस

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बर्थडे पार्टी के दौरान युवकों ने लहराये शस्त्र, वीडियो हुआ वॉयरल
- बिंदा नगर चौकी अंतर्गत गांधी नगर मोहल्ले का मामला पहचान करने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर चौकी अंतर्गत गांधी नगर मोहल्ले में बीती रात एक युवक का जन्मदिन था, जिस पर युवकों ने पहले तो केक काटा। जिसके बाद फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते रहे। इस दौरान कई युवकों ने तलवारें निकाल ली और तलवारें लहराते हुये नाचते रहे। जिसका सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वॉयरल हुआ। वीडियो वॉयरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक 35 सेकेंड का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें दो दर्जन से अधिक युवक फिल्मी गाने मुझे हीरो न बनना विलेन रहन दे गाने पर झूम रहे थे। इस दौरान कुछ युवक तलवार लेकर आ गये और गाने में जमकर डांस करते रहे। वीडियो में रविवार रात लगभग नौ बजे का समय भी दिख रहा है। खुले में शस्त्र प्रदर्शन करने का वीडियो वॉयरल होने पर लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं भी दी। वहीं वीडियो वॉयरल होने पर पुलिस के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को जब फोनकर जानकारी करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन तक उठाना उचित नहीं समझा। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने बताया कि वॉयरल वीडियो संज्ञान में आया है, शस्त्र लहराकर डांस कर रहे युवकों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वहीं ऐसे किसी भी वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

## सार-संक्षेप


घटनास्थल पर जानकारी करते आईजी व एसपी। अमृत विचार

### गोली कांड: वीडियो अपलोड करने के बाद की वारदात

**फतेहपुर चौरासी।** वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी अनुराग ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमें वह युवती से अपने प्रेम संबंध होने का दावा करते हुए उसके परिजनों के दबाव में गलत फंसाए जाने की बात कह रहा है। साथ ही दूसरे आरोपी पुनीत को जमीनी विवाद में फंसाने की बात कह रहा है। उसने बाइक से टक्कर मारने की भी घटना को गलत बताया है। उसने पीड़िता के माता-पिता को मारकर खुद आत्महत्या करने की बात भी कही है। अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### दो मोहल्ले में टूटी एलटी लाइन, घंटों गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान नगर के दो मोहल्लों में एलटी लाइन का तार टूट गया। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही। सोमवार सुबह लगभग सात बजे पोनी रोड झंडा चौराहे के पास एलटी लाइन का तार टूट गया। जिस कारण वहां से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गये। तार टूटने की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद दिन करीब साढ़े ग्यारह बजे क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह शक्तिनगर में भी एलटी लाइन दोपहर लगभग 2 बजे टूट गई। तार टूटने के दौरान आस-पास रहने वाले लोग करंट की चपेट में आने से बच गये। लोगों की जानकारी पर कर्मचारियों ने शाम लगभग सात बजे तार जोड़कर बिजली सप्लाई सुचारू करायी।

### कोतवाली में सिपाहियों की हुई विदाई, दिखे भावुक

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली में तैनात रहे कई आरक्षियों को एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने उनका कार्य क्षेत्र बदलते हुये जिले के अलग-अलग थानों में भेजा है। जहां सोमवार को उनकी विदाई समारोह का आयोजन हुआ। गंगाघाट कोतवाली रामफल प्रजापति ने सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया। जहां थाने में तैनात सभी आरक्षियों को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया गया।

### बिना प्रपत्र के दौड़ रहे दो ओवरलोड डंपर सीज

**पुरवा उन्नाव।** ओवरलोड वाहनों से हो रही दुर्घटनाएं व नगर में लग रहे जाम की मिल रही शिकायतों पर एसडीएम ने राजस्व कर्मियों के साथ वाहनों की चेंकिंग के दौरान दो ओवरलोड़ वाहनो से अभिलेख जांचने पर कोई दस्तावेज न दिखा पाने पर सील करते हुए। जुर्माना लगाते हुए, मण्डी समिति परिसर में वाहनों को खड़ा कराया गया है। बता दें कि दही-मोहनलाल गंज मार्ग पर इन दिनों ओवरलोड वाहनों की अधिकता होने से आएदिन हादसे हो रहे हैं। साथ ही नगर में कटरा, तहसील, कोतवाली, बस स्टेशन व पीराशाह व मिर्री चौराहा पर अक्सर जाम लगने से राहगीर व अधिकारी इसमें फंसते हैं। सोमवार को तहसील गेट के सामने अचानक ओवरलोड वाहनों से जाम लगने की सूचना पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय को लेकर पहुंचे तो उन्हें दो डंपरों में डस्ट व गिट्टी लदी हुई मिली। अभिलेख मांगने पर डंपर चालक कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके। इस पर तहसील प्रशासन ने मंडी समिति परिसर में दोनों वाहनों को खड़ा कराया। एसडीएम ने कहा कि दो डंपर में गिट्टी व डस्ट मानक से ज्यादा लदी थी। कोई कागजात न दिखा पाने पर दोनो डंपरों को सीज की कार्रवाई हुई है।

### परिषदीय शिक्षकों ने नहीं दर्ज कराई ऑनलाइन हाजिरी

**उन्नाव।** परिषदीय शिक्षकों ने डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के आदेश को दरकिनार करते हुए आन लाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। इधर शिक्षक नेता एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए आदेश का विरोध जारी रखने पर जोर देते रहे। उन्होंने दावा किया कि सात हजार से अधिक शिक्षकों के एक राय रहते अधिकारी कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। साथ ही उत्पीड़न के खिलाफ भी मोर्चा खोलने का भरोसा जताया। उल्लेखनीय है कि विभागीय उच्चाधिकारी ने कई दिन पहले इस संबंध में आदेश जारी किया था। शिक्षकों का विरोधी जारी रहने पर एक ओर पूर्व निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए आठ जुलाई से ही आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने को कहा गया। वहीं विद्यालय समय के आधे घंटे बाद यानी आठ के बजाए साढ़े आठ बजे तक आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने की रियायत दी गई। शिक्षक नेता आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने को अपने पैरों कुल्हाड़ी मारने जैसा बताते हुए साथियों को लामबंद करने में लगे थे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय ने दावा किया कि ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन किसी शिक्षक-शिक्षिका ने आनलाइन हाजरी नहीं लगाई। वहीं पदाधिकारी गजेंद्र वर्मा, मदन पांडेय व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने दावा किया कि आगे भी जिले के शिक्षक लंबित मांगे पूरी हुए बिना आनलाइन हाजरी नहीं दर्ज कराएंगे।

### 12 घंटे में 33 सेंटीमीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर

**शुक्लागंज उन्नाव।** पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण शुक्लागंज में अब तेजी से पानी बढ़ने लगा है। जिस कारण सोमवार सुबह 6 से शाम 6 बजे के बीच 33 सेमी गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बता दें कि पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों में भारी मात्रा में पानी एकत्र हो गया है। जिस कारण रुक रुक कर पानी छोड़ा जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि सोमवार सुबह गंगा का जलस्तर 108.730 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शाम 6 बजे 109.060 मीटर दर्ज किया गया है। जलस्तर बढ़ने से अब शुक्लागंज की ओर पानी ने रुख कर दिया हैं। केंद्रीय जल आयोग की माने तो अब लगातार गंगा के जलस्तर में बराबर बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

### गैंगस्टर एक्ट में मिली दो साल की सजा

**संवाददाता उन्नाव।** गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा व पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। बिहार पुलिस ने गैंग बनाकर संगीन अपराध करने वाले गैंग लीडर कयूम पुत्र यामीन निवासी सीताराम कालोनी बिजली पावर हाउस के सामने थाना समालखा जिला पानीपत हरियाणा पर गैंगस्टर एक्ट की धारा में कार्रवाई की थी। आईओ गुलाब शंकर पाण्डेय ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी।

# सर्वे की जांच का विरोध कर सभासदों ने किया ईओ का घेराव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


ईओ का घेराव करते सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 27 के पास पड़ी सरकारी जमीन का कुछ लोगों ने बैनामा के आधार पर पिलर लगाकर कब्जा कर लिया। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय सभासद और आस पास के लोगों ने डीएम से की गई। जिस पर एआरओ के निर्देश पर जांच टीम ने जांच की। जहां टीम ने उक्त जमीन को सरकारी न बता कर प्राइवेट लैंड बता दी। जिस पर सोमवार को सभासदों ने विरोध किया। जिसके बाद पालिका पहुंचकर ईओ का घेराव किया।

मझरा पीपरखेड़ा एहतमाली ग्राम सभा की भूमि संख्या 365 बंजर में दर्ज है और उक्त जमीन में एक सरकारी स्कूल बना है, जिसका रकवा 2 बीघा 5 बिस्वा है। वर्तमान समय में उक्त भूमि वार्ड 27 श्री नगर में आती है। स्कूल के आस-पास खाली पड़ी जमीन पर कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने भूमि संख्या 408 बताकर पिलर लगा कब्जा किया। इस पर क्षेत्रीय सभासद सरिता कश्यप के पति उदयराज ने डीएम से पालिका की जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की। इसपर डीएम ने एआरओ को जांच सौंपी। जिस पर एक टीम गठित की गई। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सर्वे लेखपाल ने पिलर लगी विवादित जमीन को भूमि संख्या 408 दर्शाकर सरकारी जमीन न होने की रिपोर्ट बनाई और उक्त जमीन को सरकारी नहीं बताया। जिसकी जानकारी होने पर सोमवार को पालिका के अधिकांश सभासदों ने इसका विरोध किया और पालिका पहुंचे। जहां सभी ने ईओ का घेराव किया। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। जिसके बाद ईओ ने सभासदों को समझाया। वहीं ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वे टीम ने पिलर के पास खाली जमीन को पालिका की जमीन बताई है। उसका चिन्हांकन कर कब्जा करेंगे। विरोध करने वालों में योगेश मिश्रा, सूरज साहू, अखिलेश निषाद, उर्मिला गौतम, अतुल अग्निहोत्री, प्रद्युम्न मिश्रा, संजय जायसवाल, बब्लू शुक्ला आदि सभासद मौजूद रहे।

# ग्रामसभा की भूमि में हेरफेर, जांच करने पहुंची टीम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


जांच करने पहुंची टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के घोंघी ग्राम सभा अंतर्गत राजस्व विभाग पर सैकड़ों बीघा हेरफेर कर बेचने का आरोप लगाते हुये एक लोकायुक्त से जांच कराने की मांग की थी, जिस पर कमिश्नर ने जांच टीम गठित की। जो सोमवार को महेश खेड़ा गांव पहुंची। जहां टीम ने जांच पड़ताल की। इसके साथ ही सरकारी जमीन की हकीकत देखी। इस दौरान टीम ने रिपोर्ट तैयार की है। टीम ने बताया कि रिपोर्ट कमिश्नर को सौंपी जायेगी। जिसके बाद लोकायुक्त को भेजी जोयगी।

महेश खेड़ा निवासी देवीदीन के पुत्र जगदेव ने ग्राम सभा के कई मजरों की सैकड़ों बीघा भूमि पर हेर फेर कर बेचने की शिकायत की थी। इसके साथ ही सरकारी जमीन को हेरफेर कर बेचने के आरोप में लोकायुक्त से जांच कराने की मांग की थी। जिस पर लोकायुक्त ने लखनऊ मंडल कमिश्नर से जांच टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने अपर नगर मजिस्ट्रेट लखनऊ डॉ. सचिन वर्मा, तहसीलदार सरोजनी नगर आकृति श्रीवास्तव को जांच सौंपी है। सोमवार को नवागत सदर नायब तसीलदार गोवर्धन कुमार शुक्ला, लेखपाल आलोक वर्मा, अशोक कुमार जांच टीम गठित की। जो सोमवार को महेश खेड़ा गांव में पहुंची। जहां टीम ने मौके पर पैमाइश कराई। इसके साथ ही मौके पर सरकारी भूमि की हकीकत देखी। नायब तहसीलदार ने बताया कि जिन गाटा संख्या की भूमि को फर्जी तरीके से बेचने का आरोप है, उनमें 231 च, क, 234 च क, इसी प्रकार करीब 34 गाटे की भूमि सरकारी भूमि की तौर पर अभिलेखों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिन गाटा संख्या की जांच की गई है। वह मौके पर मौजूद है।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत मदऊखेड़ा गांव निवासी विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे भाई ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के मदऊखेड़ा निवासी पुष्पा (24) पत्नी गिरीश कुमार कुरील का शव सोमवार दोपहर घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी मिलते ही अचलगंज थानाक्षेत्र के कुरमापुर गांव निवासी भाई अजय कुमार सहित मायके पक्ष से लोग पहुंचे।

दोनों पैर तखत पर टिके होने और शरीर में काले निशान देख उन्होंने हत्या का आरोप लगाया। सीओ सिटी सोनम सिंह व एसएचओ ने जांच की। भाई ने बताया कि बहन की दोनों ननदों की शादी हो चुकी है। ससुरालीजन घर से पांच लाख रुपये या कार लाने का दबाव बना रहे थे। बहन को अक्सर प्रताड़ित भी करते थे।

# परेशानी: दलदल में सड़क तलाश रहे राहगीर

संवाददाता परियर उन्नाव


दलदल से भरा परियर गंगातट जाने वाला मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर स्थित गंगातट पर जाने वाला मार्ग अपने खराब हालात के कारण लोगों के लिए निरंतर समस्या बना हुआ है। यह मार्ग जो दाह संस्कार व गंगा स्नान के लिए महत्वपूर्ण है लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इससे स्थानीय निवासियों व यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर इस मार्ग को दुरुस्त नहीं कराया गया तो आगामी 22 जुलाई से सावन माह शुरू होने पर श्रद्धालुओं को भारी समस्या होगी।

क्षेत्रीय निवासियों ने डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हुए कहा है कि परियर गंगातट का मार्ग न केवल धार्मिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि, यह क्षेत्र के लोगों के दैनिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा है। गंगा स्नान व दाह संस्कार के लिए यहां आने वाले लोग अक्सर मार्ग की खराब स्थिति की शिकायत करते हैं। यहां की सड़कें गड्ढे और कीचड़ से भरी हैं। जो बरसात में और भी जटिल हो जाती हैं। इस स्थिति के चलते न केवल स्थानीय निवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा।

**बोले जिम्मेदार**

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता हर दयाल अहिरवार ने बताया कि मामला मेरी जानकारी में आया है। अगर विभाग के अंतर्गत सड़क आती हैं तो इसे दिखवाकर सही कराया जायेगा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना** निरीक्षण कर अभियंताओं की क्लास ली, शीघ्र कार्य पूरा करवाने के निर्देश

# निर्माण की सुस्ती पर नाराज हुए जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति जानने यूएसडीए अमले को तलब कर खुद निर्माण स्थल पहुंच गए। उन्होंने महत्वाकांक्षी योजना के सुस्त निर्माण पर अभियंताओं की क्लास ली। साथ ही प्राधिकरण सचिव एसडीएम शुभम यादव को स्वयं मानीटरिंग करते हुए तेजी से निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लचर प्रगति मिलने पर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है अर्सा पहले आवास योजना के तहत आशियाना प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। डूडा से प्राप्त चयनित अभ्यर्थियों की सूची के आधार पर प्राधिकरण आवास आवंटित कराने की प्रक्रिया शुरू कराने के लिए कार्यालय बुला रहा है। हालांकि तमाम पत्र आवेदकों के पते बदल जाने से वापस प्राधिकरण पहुंच रहे हैं, जिनकी डूडा के माध्यम से तलाश कराई जा रही है। बड़ी संख्या में पत्र प्राप्त करने के बाद चयनित प्राधिरण में अंशदान जमा करने की जानकारी करते घूम रहे हैं। डीएम ने सोमवार को प्राधिकरण सचिव, अधिशासी अभियंता, सहायक व अवर अभियंताओं को तलब किया और स्वयं निरीक्षण करने निर्माण स्थल पहुंच गए। मौके पर कोई ब्लाक पूर्ण नहीं पाया गया, जबकि ठेकेदार से किए गए अनुबंध का समय पूर्ण हो चुका है। इस पर उच्चाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निर्माण पूर्ण न होने संबंधी सवाल शुरू कर दिए, जिस पर अभियंताओं के बोल नहीं फूटे।

डीएम ने मौके पर पर्याप्त श्रमिकों को काम करते न देखकर अभियंताओं को फटकारते हुए कहा कि यह घोर लापरवाही है, जिसके लिए दंडित किया जाना चाहिए। डीएम का पारा चढ़ते देख प्राधिकरण सचिव एसडीएम ने बात संभालते हुए कहा कि जल्दी ही बाह्य निर्माण कार्य जल निकासी आदि का कार्य भी पूर्ण करा लिए जाएंगे। साथ ही भवनों को फिनिशिंग टच दिलाते हुए आवंटियों को बसाना शुरू किया जाएगा। एक्सईएन अमरदीप पुरी ने शीघ्र ही नाली व सीवर निर्माण शुरू कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने सतत मूल्यांकन करते हुए निर्माण में तेजी लाने की बात कही।

**निजी निर्माणों के सर्वे के दिए निर्देश**

डीएम ने परियोजना स्थल के आसपास जारी निजी निर्माण की जानकारी की तो मौजूद अफसर व स्टाफ कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दे सका। डीएम ने कहा कि पूरे इलाके का सर्वे कराते हुए निरीक्षण किया जाए। कहां किसके स्वामित्व वाली भूमि है, जानकारी करते हुए अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए।

# संचारी रोग रोकथाम अभियान के तहत हुई साफ सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर जुलाई माह में गंगाघाट नगर पालिका की ओर से संचारी रोग रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये सोमवार को सीताराम कॉलोनी में पालिका की ओर से साफ सफाई कराकर छिड़काव कराया गया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को वार्ड 8 सीताराम कॉलोनी में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही मोहल्ले में रहने वाले लोगों को जागरूक भी किया। इस बावत ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह पालिका के 28 वार्डों में अभियान के तहत साफ सफाई कराने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। वहीं बारिश को देखते हुये घर के आस पास जलभराव न हो, इसके लिये लोगों को जागरूक भी किया गया।

# निर्माणाधीन विद्यालय की छत ढही, भ्रष्टाचार के लगे आरोप

संवाददाता बिछिया उन्नाव


विद्यालय की गिरी छत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव तारगांव में एक निर्माणाधीन प्राथमिक विद्यालय में निर्माणाधीन किचन की नव निर्मित छत रविवार रात ढह गयी। ग्रामीणों ने छत की स्लैब में घटिया सामग्री का उपयोग किये जाने का आरोप प्रधान शिक्षिका व प्रबंध समिति के अध्यक्ष पर लगाया है।

क्षेत्र के गांव तारगांव में प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी वर्षों से जर्जर था। जिसकी नीलामी करीब 4 वर्ष पहले की गई थी। नए भवन निर्माण के लिए 13.95 लाख का प्रस्ताव शिक्षा विभाग से स्वीकृत कर विद्यालय प्रबंध समिति के खाते पर भेजा गया था। इस भवन निर्माण का कार्य मार्च माह से विद्यालय प्रधान शिक्षिका खूशबू बाजपेयी द्वारा कराने का निर्देश था। प्रधान शिक्षिका द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन न करते हुए अपने कानपुर करीबी रिश्तेदार को सौप दिया था। प्रधान शिक्षिका और रिश्तेदार द्वारा रविवार विद्यालय भवन की छतों की स्लैप डलवाई गई। निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री डालने से रात को ही किचेन की छत टूटकर गिर गयी।

आस पास के ग्रामीणों ने किचेन छत गिरने की जानकारी ग्राम प्रधान चंद्रपाल लोधी को दी। सोमवार सुबह प्रधान शिक्षिका के विद्यालय पहुँचने पर ग्रामीणों ने घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग करने के साथ स्वयं द्वारा निर्माण न कराए जाने का आरोप लगाया है। प्रधान शिक्षिका खुशबू बाजपेयी से फोन पर जानकारी करने का का प्रयास किया गया। लेकिन फोन नहीं उठा। बीईओ विनोद कुमार पाण्डेय ने बताया किचेन शेड की जमीन की फर्श पर मिट्टी डाली गयी थी। जिससे नमी होने के कारण शटरिंग बल्लियां धंसने से छत ढह गई है। जिससे निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मूर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दुःख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लगातार विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन आतंकवाद अब भी कायम है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर माचेड़ी इलाके में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की यह हरकत पुलवामा हमले जैसी थी। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। एक दिन पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक ओर सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ाई अंतिम चरण में है, बीते 10 वर्षों में आतंकी घटनाओं में बड़े स्तर पर कमी आई है। लेकिन हर आतंकी हमले के बाद सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान नई साजिश रच रहा है। आतंकवादी अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि राज्य में भय के माहौल का स्तर पांच साल पहले की तुलना में कम है। पिछले दिनों मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। दो जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराना बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा माहौल को मजबूत करने की दिशा में यह मील का पत्थर है। स्वैन ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी।

एक महीने में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मारा है। फिर भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर और सतर्क रहने की जरूरत है। राजौरी-पुंछ में सक्रिय आतंकवादी खास प्रशिक्षण प्राप्त हैं। आतंकियों का समर्थन करने वाले बड़ी चुनौती बनकर उभरे रहे हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बिना किसी रुकावट के निरंतर समन्वय, कमजोर क्षेत्रों की पहचान और ऐसे क्षेत्रों की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। यह भी सही है कि जब तक वहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के समुचित प्रबंध नहीं किए जाते आतंकी संगठन उन्हें मोहरा बनाते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार के अर्थशास्त्र को मूक सामाजिक स्वीकृति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है।

मैंने नहीं सुना कि संसद ने भारत में करप्शन की एनॉटमी पर कभी अध्ययन करवाया और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की, सिवाय इन दस बिल के जो देश की सर्वोच्च संस्था में विचारार्थ लंबित हैं। मनुष्य की सोच और गतिविधि में सबसे प्रमुख है शॉर्टकट क्योंकि यह ऊर्जा की संरक्षण के सिद्धांत के अनुसार काम करता है। दूसरा कारण है छिप कर या बे-ईमानी करके धनसंग्रह की प्रवृत्ति, जो कि मनुष्यों ही नहीं पशुओं में भी नैसर्गिक है। इसलिए रिश्वत, पेपर लीक आदि को इस नज़रिए से देखेंगे तो यह पूरी तरह से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है और मनुष्य का स्वभाव इसका समर्थन करता है।

करप्शन की टॉलरेंस किस वजह से है इसे जानने के लिए चंद उन पेपर्स को भी पढ़ना चाहिए जिन्हें चीन के उन स्कॉलर्स ने प्रकाशित किया है जो यूरोपियन यूनिवर्सिटीज़ में पढ़ते हैं जैसा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा सन 2020 में प्रकाशित यूएन यूएन अंग की इस किताब -चाइनाज गिल्डिड एज-द पैराडॉक्स ऑफ़ इकॉनोमिक बूम एंड वास्ट करप्शन, से साबित होता है। रूस में भी जबरदस्त करप्शन है। भारत में करप्शन का स्केल और इंटेंसिटी, व्यापकता अर्थात इन्सिडेन्स एंड प्रिवेलेंस व्यापक है और इसकी ऐतिहासिकता वेलफेयर और डेमोक्रेटिक स्टेट के लिए चिन्तीय और अवनतिकारक है।

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है। एक बात यह कि नीट के रद और नए पर्चे के कंटेंट डिजाईन अर्थात प्रश्नों में शत प्रतिशत भिन्नता होने की संभावना के कारण परीक्षार्थियों के रेस्पोंस का आकलन भी भिन्न हो जाएगा। पहली बारे के पर्चे में जो परीक्षार्थी बेहतर परफॉर्म करने के बाद जितना स्कोर हासिल कर पाते वह दूसरी बार के पर्चे में दिए गए प्रश्नों में कुछ को सोल्व नहीं कर पाते तो इनकी स्कोरिंग नीची होने की प्रबल संभावना है। इस विशाल अंतर की क्षतिपूर्ति कैसे होगी और कौन, कब, किस फॉर्म में करेगा? इसलिए न तो वस्तुस्थिति के बारीक परिक्षण से काम चलता है और न ही अलग-अलग साइज़ के कंकड़ों को एक पात्र में डालकर हिलाने से बड़े साइज़ वाले ऊपर आएंगे और बारीक एवं छोटे साइज़ के नीचे चले जाएंगे। साधनहीन, विपन्न, एवरेज मनुष्य कुछ न कर पाएगा क्योंकि उसने खुद को कानून के दायरे में जकड़ लिया है, ऐसा सोशल साइकोलॉजिस्ट्स का कहना है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे।

रिश्वतखोरी या बे-ईमानी अगर स्वभावगत तो इस पर अंकुश इसलिए होता है कि न्याय की हानि न हो। लेकिन न्याय तो अब व्यक्ति-सापेक्ष हो गया है, प्रकृति सापेक्ष नहीं रहा। इसलिए भाई लोगों जितना भ्रष्ट आचरण कर सकते हैं, करें। डरें नहीं, क्योंकि न्याय सुनिश्चित करने वाले संपन्न और ताकतवर व्यक्ति ही इसे मोल्ड करके खुद के लिए अनंत सुख की कामना ही नहीं बल्कि छीनने का जुगाड़ को सही मानते हैं। इसलिए आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को एक समाजशास्त्री ने इकॉनमी ऑफ़ कम्फर्ट, एनरूट वाया करप्शन कहा है। मुझ जैसे अल्प समझ वाले व्यक्ति को यह ख्याल सही लगता है। लेकिन, करप्शन के लिए भीरूपन नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। करप्शन को फिजिक्स के बाद अगर बायोलॉजी और केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो हमें जेनेटिक्स और परिवेशिकी एवं न्यूरो-फिजियोलॉजी के गहराई में जाकर मॉलिक्यूलर लेवल तक भी उतरना होगा। करप्शन, बहुत लोगों का जेनेटिक ट्रेंड बन चुका है और प्रसन्नता, सुख और भय की केमिस्ट्री तो व्यक्ति के लिए जानलेवा होती है। भारत के मनीषियों का यह कथन सही है कि अन्याय को कुदरत बर्दाश्त नहीं करती और कथित विप्लव, बेशक व्यक्ति के मन के भीतर है, परिवार में है, समाज में है, पॉलिटिक्स में है, बिजनेस में या फिर अंतर्देशीय संबंधों में है, कुदरती तौर पर सुधार के एक कदम के रूप में प्रकट होकर सब-कुछ बराबर कर देता है।

भारत में करप्शन को रोकने के प्रयासों के बावजूद यह बढ़ी है। इस बारे में रिसर्च भी बहुत हुई है, लेकिन जब तक इसकी स्ट्रक्चर और सोशल एक्सेप्टेन्स की वजहों पर दीप रिसर्च नहीं की जाएगी तब तक मोदी जैसे व्यक्ति होने के बावजूद इसका ढांचा ढहेगा नहीं। मेरे हिसाब से छिपे तौर से मोदी राज में भी भाजपा शासन वाले प्रान्तों में बहुत करप्शन हुई है, क्योंकि इसके बिना काम होते ही नहीं। आधे से अधिक कर्मचारी काम करने के पैसे लेते हैं और दफ्तर अटेंड करने के लिए तनख्वाह। जो रिश्वत लेने की हिम्मत नहीं रखते और इनके पास रिश्वत लेने वाली सीट नहीं है, वे लोग लेथार्जिक हैं या ढर्रे पर काम करते हैं। चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु जैसे जर्नल हमारे यहां नहीं है। कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स जर्नल में प्रकाशित पर्चा 'रिफार्म, स्टेट एंड करप्शन -इज करप्शन लेस डेस्ट्रक्टिव इन चाइना दैन रूस?' और चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित स्टडी 'करप्शन एंड एंटी-करप्शन रिसर्च इन चाइना -ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ़ चाइनीज टॉप जर्नल पब्लिकेशन्ज़ (1989-2017) को पढ़ने बहुत कुछ मालूम होता है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे। इनमें से कोलब्रुक केस तो मशहूर है जो मालखाने से अपने लिए शानदार वस्तुओं को मामूली दाम देकर लेता था।

सन 2002 में 102 देशों में व्याप्त भ्रष्टाचार की मात्रा और फ्रीक्वेंसी के अनुसार तैयार की गयी सूची में हमारा रैंक नंबर 71वां था। मुझे रेश्यो और प्रोपोर्श्नेट कैलकुलेट नहीं करना आता, परन्तु मुझे यह शक है कि नई गणना के समय 61 नए देशों को शामिल न करके 41 उन्हीं देशों के बीच में तुलना करनी चाहिए थी जिनसे पहली पार की गई थे। अन्य स्रोतों से यह जाहिर है कि सांख्यकी अध्ययनों के अनुसार भारत में उक्त अवधि के समापन के बाद इसका इन्सिडेन्स और प्रिवेलेंस बढ़ने से भ्रष्टाचार की वॉल्यूम दुगनी हो गई। देश में प्रशासकीय स्तर पर कर्मचारियों के लिए जो भी कण्ट्रोल, क्लासिफिकेशन एंड अपील रूल्स और कंडक्ट रूल्स हैं वे सिर्फ आंशिक रूप से सक्रिय किये जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के अनुसार हरियाणा में भाजपा के शासन काल 2021-2022 के दौरान ही करप्शन के केस तीन गुणा हुए हैं।

सन 2021 में इनकी संख्या 79 थी जो अगले साल बढ़कर 246 हो गई (इंडियन एक्सप्रेस, 5दिसंबर, 2023)। प्रशासन की चुस्ती या निगहबानी और एंटी-करप्शन मैकेनिज्म की सक्रियता के नाते से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ने की वजहों के नाते से इस संख्या को समझने की जरूरत अधिक है। यह अधिक चिंताजनक है कि रिश्वत के आरोपों में अकसर ही छोटे स्तर के कर्चारियों को पकड़ा जाता है और बड़ी मछलियां जाल में फंसने से बच जाती है। इंडिया पालिसी फोरम की सन 2014-15 संकलित की गई एक रिपोर्ट करप्शन इन इंडिया -ब्रिजिंग रिसर्च एविडेंस एंड पालिसी आप्शन्स में कहा गया है कि आमजन का भ्रष्टाचार के प्रति जैसा नज़रिया है उसकी पुष्टिकरण के लिए अकादमीय दृष्टि से पर्याप्त और मजबूत सबूत हैं।

कोर्ट केस, डाक्यूमेंट्री प्रूफ, ब्यान और मौके की गवाही के अलावा मटेरियल वेल्थ की रिकवरी इस बारे में पर्याप्त आधार देती है कि देश में करप्शन की स्ट्रक्चर और व्याप्तता की सीमाओं का विस्तार हुआ है। खेद की बात है कि कार्रवाई करने वाली एजेंसीज से संबद्ध कुछेक जांच अधिकारी साक्ष्य मिटाने और नष्ट करने या कार्रवाई न करने के एवज में भारी रिश्वत लेते हैं। रिश्वत के आरोप को हल्का करके भरपाई करने का प्रयास पूरी शक्ति से किया जाता। अफसर लोग अपने साथियों को बचाते हैं। 85 पन्नों की यह रिपोर्ट देश में करप्शन की स्ट्रक्चर को न केवल उघाडती है बल्कि इसमें बढ़ोतरी के संकेत भी देती है। इस रिपोर्ट के समर्थन में 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स, रिपोर्ट्स और दस्तावेजों का सन्दर्भ देकर इसे अकाट्य और विश्वसनीय बनाया गया है।

## प्रसंगवश

# हिंसक होते वन्य जीव

पिछले दिनों उत्तराखंड में बाघ ने एक आठ वर्ष के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में हिंसक वन्य जीवों के मानव पर हमले लगातार बने हुए हैं। कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों से लगे गांवों में बाघ और गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते कुछ माह मे हिंसक हुए इन वन्य जीवों ने कई महिलाओं और पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल या अपना शिकार बनाया है। पिछले तीन माह में ही बाघ नैनीताल जनपद के भीमताल ब्लाक में दो महिलाओं और एक युवती को अपना शिकार बना चुका है। जब यह घटनाएं हुई तो लोग सड़कों पर उतर आए। जंगली जीव अपना प्राकृतिक आवास जंगल को छोड़कर हमारे क्षेत्र में क्यों आ रहे है, यह भी हमें सोचना और समझना होगा। बाघ और गुलदार का मानव के साथ संघर्ष पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक फैले विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों में बाघ और गुलदार अक्सर देखे जाते हैं तथा वहां पर जंगल जाने वाली या खेतों में काम करने वाली महिलाओं पर जानलेवा हमला होना अब एक आम बात है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बीते सालों में यह हमले क्यों बढ़े है और क्यों बाघ, गुलदार जंगल छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं? दरअसल कथित विकास की सोची समझी साजिश के तहत हमने पहाड़ खोद डाले हैं। बिना सोचे समझे जहां-तहां जंगल काटकर सड़कें बना दी गई हैं। सड़कें बनी तो जंगल के बीच में मकान, भवन और रिसोर्ट भी बनने लगे। जमीनें बिकने लगीं, बाहरी लोगों का प्रवेश हुआ तो जंगल में पेड़ कटने लगे और पेड़ों की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। इन रिसोर्ट और बंगलों में मनोरंजन के नाम पर कभी आतिशबाजी पार्टियां, तो कभी देर रात तक डीजे बजने लगा। शांत जंगल मे शोर होने लगा। नतीजतन वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों पर हमारा हस्तक्षेप बढ़ता गया। जाहिर है इसका नकारात्मक असर हुआ। जंगल का मूल जीवन, उसकी इकोलॉजी डिस्टर्ब हुई तो जानवर जंगल छोड़ गांव की ओर आने लगे। जानवर अब डरे-डरे से है और हमारी नासमझी के कारण ही जंगल से पलायन को विवश हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

# श्रेष्ठ प्रबंधन पर निर्भर है आपदा नियंत्रण



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर आज आम आदमी को भी दिखने लगा है। इस साल जो भीषण गर्मी पड़ी, उसने हर किसी को प्रभावित किया। जंगलों में आग लगने की घटना ने विकराल रूप धारण कर लिया था। तमाम इंतजामात कुछ काम नहीं आए। कई वनकर्मियों और नागरिकों की जान भी गई। मैंने इस वर्ष उत्तराखंड की लंबी यात्राएं कीं। इस दौरान पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, भीमताल, नैनीताल, मुनस्यारी और टिहरी सभी जगह जंगलों को जलते देखा। वन विभाग कर्मचारी प्रशिक्षण और सुविधाओं के अभाव में भी ड्यूटी निभाने के तहत आग बुझाते रहे पर जंगल नहीं बचा पाए। बिनसर क्षेत्र में 5-6 वन कर्मचारियों का झुलसकर जान गंवाना हृदय विदारक घटना थी।

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है। इधर कुछ दिनों की बारिश में ही आंतरिक सड़कें टूटकर ध्वस्त हो गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 80 छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं, जिनमें गांवों को जोड़ने वाली ब्रांच सड़कें भी शामिल हैं। रानीखेत और रामनगर को जोड़ने वाला अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल भी बीते दिनों ढह गया। हल्द्वानी से मात्र 28 किलोमीटर दूर रेलवे का मुख्य स्टॉपेज लाल कुआं में पानी भर जाने से रेल यातायात बाधित रहा। व्यस्ततम भवाली-अल्मोड़ा हाईवे भी साल भर काम चलने के बावजूद भी बाधित होता रहता है। इसी तरह चारधाम और आदि कैलाश यात्रा भी स्थगित करनी पड़ी है। आपदाओं से बचने के लिए हमें पहाड़ों की प्रकृति को समझना पड़ेगा। उत्तराखंड के लगभग सभी पहाड़ अपनी युवावस्था में हैं। उन्हें परिपक्व होने में अभी वर्षों लगने हैं, पर लगातार सड़क विस्तारीकरण के कारण उन पर चोट की जा रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं, जो गंभीर परिणामों को न्यौता देने वाली बात है। सड़क में मलवा आने से अक्सर यात्री मार्ग में फंस जाते हैं। कुमाऊं में काली, गोरी और सरयू नदी उफान पर है तो गढ़वाल क्षेत्र में अलकनंदा, मंदाकिनी और पिंडर का भी यही हाल है।

इस बार भी मानसून की शुरुआत से ही लगभग सभी जिलों से तबाही की खबरें आने लगी हैं। अपने आसपास अगर नैनीताल की बात करूं तो जलवायु परिवर्तन का असर इस शहर में पिछले कई वर्षों से दिखाई देने लगा है। मानसून की बारिश की प्रवृत्ति में भी अब काफी बदलाव आया है। पुराने समय में कई-कई दिनों तक लगातार बारिश होती थी जिसे स्थानीय भाषा में सतझड़ कहते थे, लेकिन आज के दौर में कुछ देर के लिए मूसलाधार बारिश हो जाती है, जो सब कुछ तहस-नहस कर देती है और फिर कई-कई दिनों तक सूखा पड़ जाता है। अगर पिछले 10 वर्षों की बात करें तो नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। यह सब जलवायु परिवर्तन का असर है और अंधाधुंध पर्यटन भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। जब नए-नए भवनों और रिसॉर्ट्स का निर्माण होगा तो परिणति यही होनी है। यहां की प्रसिद्ध लोअर मॉल रोड पिछले कई वर्षों से धंसती जा रही है। पाषाण देवी मंदिर के पास ठंडी सड़क में दो साल पहले जो भूस्खलन की शुरुआत हुई थी, उसकी पुनरावृत्ति हर साल हो रही है। इसने कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास को भी अपनी जद में ले लिया है। तराई भाबर के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृषि भूमि का रकबा कम हुआ, जल आपूर्ति करने वाली नहरों को अवैध तरीके से पाट दिया गया है, जिससे जल भराव की समस्या बढ़ रही है।

बरसात का मौसम अपने साथ कई बार जलजला लेकर आता है। कई मकानों और पुलों की बलि बरसात के मौसम में चढ़ जाती है। इसीलिए निर्माण कार्य में भी प्रबंधन की जरूरत है। बारिश इस तबाही का बहाना बन जाती है, लेकिन सच्चाई यह है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री और लापरवाही इसका मुख्य कारण होता है। बरसात का मौसम पोल खोलने का काम जरूर करता है। अंधाधुंध निर्माण के चलते पहाड़ियां यूं ही जर्जर अवस्था में हैं उस पर गर्मियों में लगने वाली आग इन्हें और कमजोर बना देती है। बोल्डर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि ये बॉल्डर ही पहाड़ों को थामे रहते हैं। इनका गिरना मतलब पहाड़ों का कमजोर होना। आज पहाड़ की सहन क्षमता से अधिक पर्यटक यहां आ रहे हैं, जो एक गंभीर मुद्दा है। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखकर एक ठोस प्रबंधन नीति जरूरी है, जो आपदा के मौसम की मार को कम कर सके।

## सोशल फोरम

# शिक्षा में सुधार के लिए

सरकार की नीति कहती है कि स्कूल सरकारी हो या प्राइवेट, उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक ट्रेंड होने चाहिए। ट्रेंड मतलब बीएड, डीएलएड आदि। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पष्ट कर दिया है कि जो ट्रेंड नहीं है वह किसी भी स्कूल में पढ़ा नहीं सकता।

इन हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के इस दिशा निर्देश का पालन प्राइवेट स्कूलों में हो रहा है या नहीं। अगर नहीं हो रहा है तो यह समाज और बच्चों के साथ धोखा है, साथ ही सरकार के प्रति अपराध है। हाकिमों को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए, अखबार वालों को, टीवी और यू-ट्यूब वालों को ऐसी कार्रवाइयों के बारे में खबरें और वीडियो चलानी चाहिए।

आज के दौर में शहरों में रिक्शा वाले, खोमचे वाले, घरेलू नौकर का काम करने वाले तक अपने बच्चों को किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। ऐसे न जाने कितने पढ़ाते भी हैं। तमाम आर्थिक जद्दोजहद को झेलता लोअर मिडिल तो बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजता है। यह वर्ग महंगी ही होती जाती फीस और अन्य तमाम शुल्कों से बुरी तरह हलकान है। उनकी मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च हो जा रहा है।

हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के दिशा निर्देश, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों के वेतन स्तर आदि का मेल कैसा है इन प्राइवेट स्कूलों में। प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक, किसी को अंग्रेजी नहीं आती और तब भी अंग्रेजी स्कूल खोलकर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का दम भरने वाले स्कूल भी हजारों में हैं। ऐसे भी बहुतेरे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनके शिक्षकों और शिक्षण का स्तर निम्न है। वे बड़ी मात्रा में अधकचरी जमात पैदा कर रहे हैं छात्रों की और इनका सबसे बड़ा शिकार लोअर मिडिल क्लास है। हाकिमों को यह सब देखना चाहिए। सिर्फ सरकारी मास्टरों को खूब-खूब टेंशन दे देने से शिक्षा नहीं सुधरने वाली। इन शिक्षकों के मानस और उनके हितों से भी सामंजस्य बिठाना होगा।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

-फेसबुक वॉल से

# शिव, तुम्हारी गंगा कहां खो गई



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है।

हरिद्वार में एक प्रश्न यह जन्मा कि यदि हिमालय शिव का वास है तो इसका नाम 'हरद्वार' क्यों नहीं है? इसे हरिद्वार के रूप में क्यों लोकप्रिय बनाया गया? सिर्फ बद्रीनाथ (विष्णु) की वजह से इसे हरिद्वार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आगे केदारनाथ, कैलास- मानसरोवर और 'शिव की जटा' पर उतरी गंगा है। हिंदू धर्म में कम से कम दो प्रवृत्तियां स्पष्ट हैं, आक्रामक आत्मसातीकरण और प्रेमभरा अंतरमिश्रण। एक-एक समय कट्टर वैष्णवों ने दूसरे धार्मिक बिंबों का आक्रामक आत्मसातीकरण किया है। इसका एक उदाहरण 'हरद्वार' को 'हरिद्वार' बनाना है। इसी तरह प्रेमसक्त अंतरमिश्रण के उदाहरण हैं, हरि-हर और अर्धनारीश्वर के बिंब, शैव-वैष्णव विवाद का राम और शिव द्वारा एक-दूसरे की प्रशंसा के रूप में समाधान।

आक्रामक आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति धर्म को मूल्यों की खोज की जगह कर्मकांड प्रधान तो बनाती ही है, उसे हिंसात्मक भी बना देती है और आज के दौर में व्यापार का उपजाऊ क्षेत्र भी। धर्म के दो पक्ष हैं-मूल्य चेतना और कर्मकांड। धर्म का महज कर्मकांड में सीमित होना धर्म का अंत है। जब भी धर्म-धर्म का बहुत शोर हो तो समझ लेना चाहिए, वहां सब है सिवाय धर्म के। मेरे लिए चिंता का विषय आक्रामक आत्मसातीकरण का नया रूप है, जो एकरूपतावादी स्वरूप है। यह 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' के आक्रमण का भ्रम पैदा कर रहा है। स्पष्ट है कि उत्तर भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ हिंदुओं की आस्थाओं और रीतियों में भी विविधता है। वस्तुतः 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज नहीं है। अपनी विविधताओं और अंतरमिश्रण के साथ हिंदू धर्म जरूर एक बड़ी वास्तविकता है। मेरा इससे सरोकार गर्व और शर्म से भिन्न है।

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है। इससे जुड़े प्रचार हिंदुओं को ही संकुचित कर रहे हैं। मुझे हिंदू देवताओं में शिव सबसे ज्यादा प्रिय हैं। शिव एक गैर वैदिक उत्पत्ति के देवता हैं, पशुपति से विकसित, वैदिक रुद्र और दक्षिण भारतीय नटराज आदि के बिंबों से अंतरमिश्रित। दक्षिण में शिव भक्ति का प्रचार ज्यादा रहा है। कश्मीर में शैव दर्शन बना है, भले हिंदी क्षेत्र में कई बड़े शिव मंदिर हों। शिव से संबंधित जो कथाएं बाद में बनीं, उनसे स्पष्ट बोध हो सकता है कि दक्षिण-उत्तर संवाद कितना अर्थपूर्ण है। शिव का संबंध गंगा और कैलास से होना। दक्षिण-उत्तर के बीच धार्मिक सांस्कृतिक अंतरमिश्रण का एक बड़ा उदाहरण है। मुझे शिव इसलिए भी प्रिय हैं कि उनकी छवि भले संहारक की बनाई गई है, वे जरा भी मार-काट मचाने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि काली की हिंसात्मकता को रोकने के लिए वे उनकी राह में सत्याग्रह करते दिखते हैं। वे स्वर्णाभूषण और राजमुकुट वाले देवता नहीं हैं, लोक देवता हैं और कई स्थानीय लोक परंपराओं के साथ उनका व्यापक अंतरमिश्रण होता है। वे सर्वसुलभ देवता हैं और सबसे कम हथियाए जा सके हैं। एक और खूबी है, वे भोले हैं, सहज हैं, घर-परिवार वाले हैं। कोई अन्य देवता इस तरह घर-परिवार वाला नहीं है।

समुद्र मंथन में कोई ऐरावत ले गया, कोई लक्ष्मी ले गया, कोई अमृत ले गया, शिव के हिस्से में जहर आया। उन्हें नीलकंठ कह कर महिमामंडित कर दिया गया, पर क्या किसी ने उनके विषपान के दर्द को पहचाना? यह मुक्त बाजार एक तरह का समुद्र मंथन ही तो है। कोई ऐरावत ले जाएगा, कोई लक्ष्मी ले जाएगा, करोड़ों लोगों के हिस्से में जीवन का हलाहल आएगा। हरिद्वार में एक जगह साधारण सा बना एक स्कूल देखा जिसका नाम 'संस्कृति स्कूल' है, पर यहां शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। धर्म की तरह संस्कृति की धारणा किस तरह सिकुड़ी है, इसका यह एक उदाहरण है। देहरादून में दून स्कूल है, जो इस देश के 'रुलर्स', शासक तैयार करता है, बड़े लोगों के बच्चे यहां पढ़ते हैं। दूसरी तरफ, हिंदी माध्यम के हजारों विद्यालय हैं, जो देश को चपरासी, क्लर्क, नर्स और झंडा ढोने वाला देते हैं। पूरे देश में राम का हल्ला है, पर यह देश तो हलाहल पी रहा शिव बना हुआ है। एक बार फिर गंगा की तरफ लौटें। गंगा को एक महान नदी कहने का अर्थ यह कभी नहीं होना चाहिए कि देश की नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियां गौण हैं। सिर्फ गंगा के गुण गाना भारतवासी को सीमित करेगा, यह आक्रामक 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' का चिह्न होगा। फिर गंगा के सैकड़ों स्थानीय नाम हैं और बांग्लादेश में तो इस नदी का नाम पद्मा है। यह नहीं है कि भारत में वह हिंदू नदी है और बांग्लादेश में वह मुसलमान हो गई। नदियां, पहाड़, खेत, जंगल कभी हिंदू-मुसलमान नहीं होते।

मैं गंगा के किनारे कुछ नहीं, गंगा को ही ढूंढ रहा हूं। मुझे लगा कि मैं जैसे अपने ही घर में खो गया हूं। मेरे सांस्कृतिक असबाब मेरे घर से बाहर फेंक दिए गए हैं और हर तरफ अपरिचित चीजें भर गई हैं। इतना ताम-झाम, इतना ग्लैमर, इतने जयकारे, इतने नाट्य, इतने शक्तिशाली प्रचार हैं कि मेरी आवाज कौन सुनेगा! फिर भी हमें तूती की तरह बोलना तो होगा। तसल्ली यह हुई कि गंगा निर्विकार बह रही हैं। वह अपने संसार को पहले की ही तरह बचा रही हैं। इसी तरह कहीं नर्मदा बह रही होगी, कहीं गोदावरी बह रही होगी, कहीं कोसी बह रही होगी और सैकड़ों नदियां बह रही होंगी। वे बह-बह कर यही कहती हैं, धर्म को तालाब न बनाओ और न उसे बाढ़ बनाओ। गंगा की बाढ़ का पानी पवित्र नहीं होता।

# शारीरिक दृष्टि से अयोग्य होते व्यस्क

लगभग आधी व्यस्क आबादी शारीरिक दृष्टि से अयोग्य हो रही है। लांसेट ग्लोबल हेल्थ अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग आधी व्यस्क आबादी 2030 तक शारीरिक रूप से अयोग्य हो जाएगी। शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे लोगों की संख्या 2000 में 22.3 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 49.4 प्रतिशत हो गई। भारत में इस मामले में महिलाओं की संख्या और भी ज्यादा है, जो लगभग 57 प्रतिशत है जबकि पुरुष 42 प्रतिशत शारीरिक रूप से अयोग्य पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ रहने को एक व्यस्क को सप्ताह में 150 से 300 मिनट हल्की एक्सरसाइज की जरूरत है। ऐसा न करने से डायबिटीज और हार्ट की समस्या बढ़ने की आशंका रहती है। वर्ल्ड स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार भारत में जिम में जाकर एक्सरसाइज करने वालो की संख्या मात्र 50 लाख ही है, जो की पूरे विश्व के मुकाबले काफी कम है। जानकारों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह-सुबह का टहलना और छोटे-छोटे व्यायाम करना व्यस्कों के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही साथ अपने को फिट रखने के लिए जंक फूड के स्थान पर पौष्टिक आहार भी जरूरी है जैसे ताजा भोजन, दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ, अंडे और अन्य प्रोटीन युक्त आहार आदि।

अभी तक सबसे स्वस्थ देश नहीं होने के बावजूद, भारत 195 देशों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में 12 वें स्थान पर है। भारतीय जनता में पहले से ही हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों की प्रवृत्ति है। भारतीयों को दूसरों की तुलना में बहुत पहले पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यायाम बहुत जरूरी है, व्यायाम करेगा तभी तो स्वस्थ बनाएगा इंडिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# भाजपा नेता के भाई को पीटने पर विशुनगढ़ थानाध्यक्ष पर गाज

## विधायक अर्चना पांडेय की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने किया लाइनहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रधान सुधीर द्विवेदी उर्फ कल्लू के छोटे भाई भाजपा बूथ अध्यक्ष नीलेश द्विवेदी उर्फ नीलू की पिटाई के मामले में विशुनगढ़ थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल को लाइन हाजिर कर दिया गया। विधायक की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है। उनकी जगह छिबरामऊ कोतवाली की बहबलपुर चौकी प्रभारी विनोद कुमार कश्यप को थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विदित हो कि रविवार को विशुनगढ़ कस्बे में थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल सादा कपड़ों में शराब ठेकों के पास दुकानों में चेकिंग कर रहे थे। बताया जाता है कि नीलेश ने उनसे पूछ लिया, जिस पर वह भड़क गए और सरे बाजार लात घूसों से बेरहमी से पीट दिया था। इससे उनकी नाक की हड्डी टूट गई और एक आंख भी बंद हो गई। साथ ही कान का पर्दा भी फट गया, जिससे सुनाई देना भी बंद हो गया। उनका कानपुर में इलाज चल रहा है। विधायक अर्चना पांडेय ने विशुनगढ़ हुए एसपी से शिकायत की थी। एसपी ने जांच सीओ छिबरामऊ ओंकार नाथ शर्मा को सौंपी थी। सीओ की जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया। स्थानीय दुकानदारों का कहना था कि प्रतिदिन थानाध्यक्ष सादा कपड़ों में दुकानदारों से शराब ठेकों से वसूली करने आते थे। बता दें कि देवेश तालग्राम थानाध्यक्ष रहते हुए चर्चा में रहे थे। उस समय किसी भाजपा नेता ने इनकी शिकायत नहीं की थी जिसके चलते वह कुर्सी पर जमे रहे। अब विशुनगढ़ थाने की जिम्मेदारी के बाद भी उनकी कार्य शैली में बदलाव नहीं आया। चर्चा में रहने के लिये ही भाजपा कार्यकर्ता को पीट कर घायल कर दिया। यह कारवाई उनके लिये घातक साबित हुई।

- बहबलपुर चौकी प्रभारी विनोद कुमार कश्यप को मिली जिम्मेदारी


लाइन हाजिर किये गये विशुनगढ़ थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल।

### नवागंतुक थानाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाने के नवागंतुक थानाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप ने सोमवार दोपहर को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और लोगों को भयमुक्त बनाकर मित्र पुलिस की अवधारणा को धरातल पर साकार करेंगे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद कस्बे के लोगों ने नवागंतुक थानाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान रामवीर कश्यप, उज्ज्वल सिंह, रिशु कुमार, निर्मोद कुमार, अजय राठौर व श्याम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।


नवागंतुक थानाध्यक्ष विनोद कश्यप का स्वागत करते निर्मोद कुमार। अमृत विचार

## डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत पांच लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर डंपर ने नेशनल हाईवे पर सवारियां लेकर आ रहे ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो पुल के ऊपर पलट गया। हादसे में ऑटो में बैठे 8 लोग घायल हो गए। सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

बकेवर थाना क्षेत्र में हाईवे पुल के ऊपर सवारियां लेकर आ रहे ऑटो में पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। ऑटो पलट गया जिसमें बैठे 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बकेवर थाना प्रभारी फोर्स के पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायलों ने बताया कि ऑटो औरैया से होकर इटावा की तरफ आ रहा था जिसमें उमाशंकर (45), संजय (40) निवासी विजयपुरा थाना सिविल लाइन व अनुष्का तिवारी (11) घायल हो गए। इसमें विष्णु तिवारी (16) व विजय प्रकाश (41) की मौत हो गई। महक निवासी बाबरपुर, उसकी मां महजबी पत्नी मो. अली निवासी बाबरपुर घायल हो गई।

# सियाराम गिरोह के दो बदमाशों को पांच-पांच साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अपहरण कर फिरौती मांगने तथा हत्या करने के लिए कुख्यात सियाराम गिरोह के दो बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में 32 साल बाद पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है, उन पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। इस गिरोह के कई बदमाश विभिन्न जेलों में बंद हैं। 90 के दशक में इस गिरोह का कटरी क्षेत्र में आतंक था, उस समय जिला फर्रुखाबाद था, तब गैंगस्टर एक्ट के तहत ठठिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि वर्ष 1992 में तत्कालीन ठठिया थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कुख्यात सियाराम गिरोह के सक्रिय सदस्य सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर निवासी धरम सिंह उर्फ धरमू पुत्र नरपत व हीरापुरवा निवासी प्रकाश उर्फ रामप्रकाश पुत्र मैकू के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना करते हुए सदर कोतवाली के तत्कालीन वरिष्ठ उपनिरीक्षक डीएन शर्मा ने दोनों बदमाशों के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि दोनों शातिर बदमाश हैं, जो हत्या, अपहरण, फिरौती, चोरी तथा अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त जैसे कई संगीन अपराधों में संलिप्त हैं और जिले (उस समय फर्रुखाबाद) में उनका आतंक व भय व्याप्त है। धरमू हत्या व अपहरण के कई मामलों में अभी तक जेल में बंद है, जबकि प्रकाश उर्फ रामप्रकाश 11 वर्ष जेल में व्यतीत करने के बाद जमानत पर बाहर था। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। सोमवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने 32 साल बाद धरम सिंह उर्फ धरमू व प्रकाश उर्फ रामप्रकाश को गैंगस्टर में दोष सिद्ध करते हुए पांच-पांच साल का कठोर कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धरमू पहले से ही जेल में बंद है।

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने लगाया 10-10 हजार रुपये अर्थदंड

### अपहरण, छेड़छाड़ के दोषी को 7 वर्ष की कैद

**औरैया।** थाना फफूंद क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने व उसके साथ छेड़छाड़ के दोषी कुलदीप कुमार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह ने सोमवार को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजन (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना फफूंद में वादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जून 2017 को रात्रि में कुलदीप कुमार निवासी अछल्दा उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने दोनों की बरामदगी कर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह की कोर्ट में चला तथा सोमवार को निर्णय सुनाया गया। अभियोजन की ओर से मृदुल मिश्रा ने नाबालिग पीड़ित के साथ हुए इस अपराध को गंभीर प्रकृति का बताते हुए कठोर दंड देने को बहस की। वहीं बचाव पक्ष के वकील ने मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले दोषी के प्रति नरम दृष्टिकोण अपनाने की याचना की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद ‘ अपर जिला जज मनराज सिंह ने दोषी कुलदीप कुमार निवासी अछल्दा को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 25 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली श्रीनगर अंतर्गत ग्राम भंडरा के जंगल में बीती रात अंतर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छह दिन पहले ग्राम भंडरा निवासी एक ग्रामीण की हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से आलाकत्ल सहित अवैध तमंचा कारतूस भी बरामद किया गया।

ग्राम भंडरा गांव के बैरीसल जंगल में छह दिन पूर्व गांव निवासी जयपाल सिंह उर्फ भोजा का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ मिला था। इस हत्या की घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रीनगर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम व स्वाट पुलिस टीम को लगाया गया था। बताया जाता है कि बीती देरात पुलिस की टीम हत्या के साक्ष्य एकत्र करने के लिए एक बार फिर घटना स्थल पहुंची, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल टार्च की रोशनी के सहारे आता दिखाई दिया, जिस पर पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागते हुए पुलिस पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे उक्त युवक के पैर में गोली लग गई और वह जमीन पर गिर गया।

पुलिस ने बदमाश की घेराबंदी करके पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अरविंद उर्फ बत्ती दादा (25) निवासी सिविल लाइन छतरपुर बताया।

- बदमाश के पास से आलाकत्ल सहित तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय का किया निरीक्षण, सीडीओ को जांच के दिए आदेश

# मत्स्य विभाग के मंत्री ने पकड़ा फर्जी भुगतान का मामला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सोमवार को सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य पालन सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं का प्रचार-प्रसार न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कार्यालय में सूचना पट न देखकर भी काफी नाराज दिखे। प्रपत्रों की जांच में पाया कि एक गांव में मत्स्य योजना का संचालन हुए बिना संबंधित को भुगतान कर दिया गया। विकास भवन पहुंचकर सीडीओ अजय कुमार से मिले और सभी खामियों पर जांच करने के आदेश दिए।

संजय निषाद सबसे पहले कार्यालय पर पहुंचे। प्रपत्रों की जांच की तो बढ़पुरा ब्लॉक के ग्राम मिहौली में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का संचालन हुए बिना संबंधित को पूरा भुगतान कर देने का मामला सामने आया। इसी के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के प्रचार-प्रसार के बारे में जानकारी ली तो प्रचार-प्रसार धरातल पर जीरो नजर आया। उन्होंने शासन को रिपोर्ट देने की बात कही।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा, निषादराज वोट योजना सहित कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजनाएं तो चल रही हैं लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में इसका लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। सरकार की मंशा है योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिले। उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार के नाम पर विभाग पेपर में विज्ञप्ति निकलवाकर जिम्मेदारी पूरी कर रहा है।

जिले में प्रचार प्रसार के लिए सबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया है। जनपद स्तर पर टीमें बनाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जांच कराने के लिए सीडीओ को निर्देशित किया। कहा कि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी ऑफिस में बैठकर नहीं बल्कि मछुआरों के बीच पहुंचकर उनको योजनाओं का लाभ दिलाएं।


मत्स्य विभाग के कार्यालय का निरीक्षण करते कैबिनेट मंत्री संजय निषाद।

### विपक्ष कर रहा है हाथरस की घटना पर राजनीति

- कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने हाथरस घटना के सवाल पर कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस घटना पर राजनीति कर रहा है, यह ठीक नहीं है। आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर रावण के बयानों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा की चर्चाओं में बने रहें लोग इसलिए ऐसा करते हैं।

- कार्यालय में सूचना पट न देखकर मंत्री का चढ़ा पारा

### निलंबित कर्मचारी के चरित्र सत्यापन में त्रुटि

- यहां मत्स्य विभाग में तैनात मत्स्य निरीक्षक सत्येंद्र ने परिक्षेत्र का एक तालाब ठेके पर दे दिया था, जबकि इसका अधिकार मत्स्य निरीक्षक को नहीं है। विभाग ने निरीक्षक को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। यहां पर निदेशक के बदलने पर जब गायत्री पांडे ने चार्ज संभाला तो मत्स्य निरीक्षक सत्येंद्र का चरित्र सामान्य दर्शाया गया। इसको लेकर भी कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहले विभाग ही एफआईआर करा रहा है और बाद में चरित्र सामान्य बता रहा है। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## डाक मुंशी ने पेश की मिसाल

**बिधनू।** बिधनू थाने में तैनात सिपाही को रविवार शाम प्रयागराज से लौटते समय ट्रेन में एक का बैग मिला। बैग में नकदी के साथ जरूरी कागजात थे। सिपाही ने कागजात में दर्ज कन्नौज के पते के पर थाने से सूचना पहुंचाई। सोमवार को बिधनू थाने पहुंची महिला को सिपाही ने बैग सौंप दिया। बिधनू थाने में डाक मुंशी पद पर कार्यरत सिपाही ब्रजेश कुमार सिंह पांच दिन पहले तीन दिन की छुट्टी लेकर प्रयागराज अपने घर गए हुए थे। रविवार शाम वह कालिंदी एक्सप्रेस से लौट रहे थे, तभी उन्हें अपनी सीट के पास एक बैग पड़ा मिला। उसमें 50 हजार का एक एफडी बांड, दो पासबुक, दो आधार कार्ड, दो जोड़ी नई चांदी की बिछिया और 1500 रुपये की नकदी थी। आधार कार्ड में कन्नौज की किरण दीक्षित का नाम और पता दर्ज था। पते के आधार पर उन्होंने कन्नौज पुलिस के जरिये महिला को सूचना भेजी।

## यमुना में डूबे युवक की मौत

**खागा, फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी अलोक पासवान रविवार शाम घर से नित्यक्रिया के लिए जंगल गया था। जहां से स्नान करने यमुना नदी चला गया। वहां पर नहाते समय अचानक पैर फिसल जाने से वह नदी में डूब गया। चीख पुकार के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और जिंदा होने की आशंका पर उसे तत्काल जनपद कौशाम्बी के मंझनपुर ले गए, जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान सूचना पाकर घटनास्थल पर राजस्व विभाग की टीम भी पहुंची।

# ई-रिक्शा बचाने में खंती में गिरी एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र हसवां चौकी के निकट नेशनल हाईवे पर दिल्ली से वाराणसी शव लेकर जा रही तेज रफ्तार एंबुलेंस के सामने ई-रिक्शा आ जाने से चालक ने रोड किनारे की मोड़ दिया, जिससे एंबुलेंस पानी भरी खंती में जा गिरी।

हालांकि इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार यात्रियों को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं, क्योंकि ई रिक्शा में सवार चालक भी अचानक सामने तेज रफ्तार एंबुलेंस के आने से अपना नियंत्रण खो बैठा था। उधर एंबुलेंस में सवार चालक सहित दो महिलाएं भी बाल-बाल बच गईं। चौकी इंचार्ज हस्वा बृजेश कुमार यादव ने बताया कि इस हादसे में ई रिक्शा सवार यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई थीं, जो अपना प्राथमिक उपचार कराकर चले गए हैं। जबकि दिल्ली से शव लेकर बनारस को जा रही एंबुलेंस में सवार दो युवतियों समेत ड्राइवर भी सकुशल बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि दोनों युवतियों ने दूसरे वाहन को बुलाकर शव लेकर वाराणसी के लिए रवाना हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि रोड किनारे बनी खंती में पानी भरा होने से एंबुलेंस सवार सभी लोग सकुशल बच गए।

## अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** शादीशुदा शिक्षिका का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी देने वाले आरोपी शोहदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 30 जून को महिला, जो एक निजी स्कूल की शिक्षिका बताई जाती है, ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि चकदेही थाना सेमरिया जिला रीवा निवासी राम मिश्रा ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी दी। इंस्टाग्राम से फोटो निकालकर एडिट कर भी ब्लैकमेल किया। निरीक्षक लाखन सिंह ने 8 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैफई इटावा**

पत्रांक: मीमों/निविदा विज्ञप्ति- ग्रा0प0उ0/2024-25 दिनाँक 08.07.2024

अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैफाई इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कान्ट्रैक्टरों से निविदायें टेण्डर दिनांक 09.07.2024 से 14.07 2024 समय 2: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनाक 14.07.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाता के समक्ष 3.30 पर खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनाक 09.07.2024 से 14.07 2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रात: 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बंधित नियम / नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | मनरेगा | ग्रा.पं. उझियानी में उचित दर विक्रेता दुकान का निर्माण कार्य। | 669025 | 13381 | 500 |

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत उझियानी
विकास खण्ड सैफई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 456 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 08/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती प्रीती ताम्रकार पत्नी महेश ताम्रकार | श्री लक्ष्मी प्रसाद पुत्र नारायण दास ताम्रकार | चौबट्टा | 25 | 391 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 427 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 05/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री देव सिंह पुत्र बलराम | श्री बलराम पुत्र रामाधीन | दीवानपुरा -2 | 03 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 435 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 05/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 प्रेमनारायण | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व0 प्रेमनारायण व महेन्द्र कुमार पुत्र स्व0. प्रेमनारायण | खुशीपुरा | 21 | 14 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 452 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 08/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद यह का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शशि पत्नी मोहन कुमार | श्री शफीक खाँ पुत्र अनवारूल इस्लाम खाँ | बुधौलियाना -1 | 16 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

पड़ताल | समुचित जल निकासी न होने से बह गईं पुलिया, कई जगह हुआ कटान

# बह गया ऐतिहासिक संयोगिता मार्ग, आवागमन ठप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बरसात के बाद कन्नौज के राजा जयचंद की बेटी संयोगिता के नाम पर बने मार्ग का अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। इस रोड की कई पुलियां बह गईं हैं तो कई जगह कटान होने से हादसे होने की आशंका प्रबल हो गई है। स्थिति यह है कि इस रोड पर भारी वाहन नहीं निकल सकते हैं, केवल बाइक सवार ही निकल पा रहे हैं।

कन्नौज किला से लेकर फर्रुखाबाद जनपद के रजीपुर तक बने ऐतिहासिक संयोगिता मार्ग का चौड़ीकरण व नवीनीकरण पिछले वर्ष 98 लाख रुपये की लागत से किया गया था। कार्यदायी संस्था ने पक्के पुल-पुलियों के निर्माण की बजाय सीमेंट के डोल पाइप डाल दिए और किनारे फुटपाथ भी नहीं बनाया। जहां पानी का क्रास है, वहां पुलिया भी नहीं बनाई गई। एक सप्ताह से हो रही मॉनसूनी बारिश के चलते सड़क के दोनों ओर गड्ढों में ऊपर तक पानी भर गया। कई जगह बहाव काली नदी की तरफ है। पानी के तेज बहाव ने सड़क काट दी, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। संयोगिता मार्ग गंगा और काली नदी के दोआब में बना है, ऐसे में सैलाब आने की आशंका अधिक रहती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सड़क की ऊंचाई भी नहीं बढ़ाई। कटान से चार पहिया व भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है।


संयोगिता मार्ग पर ग्राम जलेसर के पास बह गई सड़क। अमृत विचार

> संयोगिता मार्ग का नवीनीकरण दो साल पहले हुआ था। कटरी क्षेत्र में बलुई मिट्टी होने के कारण कटान होना स्वाभाविक है। जेई को भेजकर सर्वे कराया जा रहा है, जल्द ही कटान वाले स्थानों को भरकर सड़क को दुरुस्त कराया जाएगा। नए पुल व पुलिया के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा।
>
> -**संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग



- पिछले साल 98 लाख रुपये से कराया गया था चौड़ीकरण

### जलेसर घाट मार्ग बंद

संयोगिता मार्ग से जलेसर घाट जाने वाली सड़क पूरी तरह बह गई है। ट्रैक्टर भी मुश्किल से निकल पा रहे हैं। बता दें कि गुरसहायगंज क्षेत्र के अधिकतर लोग जलेसर और चियासर घाट पर शवों का अंतिम संस्कार करते हैं। यह मार्ग बंद होने पर उन्हें 30 किमी दूर महादेवी घाट पर आना पड़ता है या फिर फर्रुखाबाद जनपद के सिंघीरामपुर घाट पर जाना पड़ता है।

### इन गांवों के सामने हुआ कटान

संयोगिता मार्ग पर स्थित गुनहा, करीमपुर, लालपुर, गुगरापुर, गुरगुजपुर, मधवापुर, चियासर, जलेसर सराय, गोसाईंदासपुर, मीरपुर, खंता नगला सहित कई गांवों के सामने कटान से आधी सड़क बह गई है। रात के वक्त इस सड़क से निकलना खतरे से खाली नहीं होगा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल सड़क का नवीनीकरण किया गया, जिसमें कार्यदायी संस्था ने गोलमाल किया, फिर भी अफसरों ने सड़क को पास कर दिया।

# मुख्यमंत्री चुनाव पर चर्चा कर बढ़ा रहे सभी का उत्साह

▸▸ योगी आदित्यनाथ ने मीरजापुर व आजमगढ़ मंडल के भाजपा के जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

▸▸ लखनऊ समेत अन्य मंडलों के विधायकों, सांसदों के साथ भी योगी की होगी बातचीत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद से ही भाजपा संगठन और सरकार में हार की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति बनाने की कवायद जारी है। इस क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीरजापुर व आजमगढ़ मंडल के भाजपा के जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। बैठक में यह बात सामने आयी कि विपक्ष का गठबंधन इस बार मुद्दों को अपने तरीके से जनता को समझाने में सफल रहा। भविष्य में समय रहते इसकी काट सोच लेनी होगी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को भी लखनऊ समेत अन्य मंडलों के विधायकों के साथ बैठक बुलाई है। इसमें लोकसभा चुनाव के आए हुए परिणाम पर ही चर्चा होगी। दरअसल, संगठन के पदाधिकारियों के बाद योगी अब भाजपा नेताओं से खुद इस विषय को चर्चा कर समझ रहे है। ऐसे में बुधवार को सभी विधायकों, सांसदों को लखनऊ में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री को ऐसा भी फीडबैक मिला कि, इस बार चुनाव में कार्यकर्ताओं की उदासीनता व आरक्षण को लेकर विपक्ष का प्रचार भाजपा के प्रचार अभियान पर भारी पड़ा। वहीं, उम्मीदवारों को लेकर अंतर्विरोध व आपसी खींचतान का भी नुकसान हुआ। योगी आदित्यनाथ अब तक 16 लोकसभा सीटों की समीक्षा कर चुके हैं। बैठक में वह एक एक कर मंडल के आंकड़ों की फाइल सामने लेकर बैठते है। बैठक में विधायक, एमएलसी और सांसद बुलाए जाते हैं। सहयोगी दलों के जनप्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी बैठकों में हार की हताशा से उबरते हुए सोशल मीडिया के साथ-साथ फील्ड में भी सक्रिय रहने के सुझाव दिए हैं। योगी के मुताबिक, कार्यकर्ताओं को विश्वास जीतना प्राथमिकता है। इस बार एकजुट होकर से आगामी चुनाव में उतरना होगा, जीत सुनिश्चित मिलेगी।

# नए मेडिकल कॉलेजों में नहीं शुरू होगा पहला सत्र

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ एनएमसी ने पुराने मेडिकल कॉलेजों में चेतावनी के साथ एमबीबीएस सत्र करने की दी मान्यता



**अमृत विचार।** तमाम प्रयासों के बाद भी प्रदेश में 13 नए मेडिकल कॉलेजों को सत्र शुरू करने की अनुमति नहीं मिली है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग(एनएमसी) ने शिक्षकों की कमी समेत अन्य मानकों का हवाला देते हुए मान्यता नहीं दी है। वहीं पुराने मेडिकल कॉलेजों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के बावजूद सत्र शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस संदर्भ में राज्य सरकार का कहना है कि एनएमसी के साल 2020 के मानक पूरे हैं, इसलिए सत्र शुरू करने की दोबारा अपील की जाएगी।

प्रत्येक साल की भांति एमबीबीएस का सत्र शुरू करने के पहले एनएमसी द्वारा मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण किया गया और मानक के अनुरूप शिक्षकों की कमी के चलते मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। मान्यता न पाने वाले नए मेडिकल कॉलेजों में सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कौशांबी, सुलतानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत व ओरैया जिले शामिल हैं । हालांकि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया जारी है। जिस कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति हो जाएगी, वहां पर सत्र शुरू करने के लिए 15 दिनो में दोबारा आवेदन कर देंगे।

**मानक बढ़े, हर कॉलेज में होने चाहिए करीब 70 शिक्षक :** नए मेडिकल कॉलेज के एक प्रधानाचार्य का कहना है कि एनएमसी ने न्यूनतम मानक में बदलाव कर दिया है।

हम लोगों ने साल 2020 के मानक के अनुसार एमबीबीएस प्रथम वर्ष में पढ़ाए जाने वाले शिक्षकों की संख्या लगभग 40-45 पूरी करते हैं, मगर साल 2023 के मानक में सभी विषय के शिक्षक लगभग 70 का होना जरूरी है। पुराने मानकों में छह प्रोफेसर होने चाहिए थे, जबकि नए मानकों में 17 प्रोफेसरों की अपरिहार्यता है। वहीं, एक अन्य प्रधानाचार्य का कहना है कि पूर्व के नियम में एक विभाग में एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट और एक असिस्टेंट, कुल तीन शिक्षक होते थे, नए नियम में असिस्टेंट प्रोफेसर की संख्या दो कर दी गई है, अर्थात विभाग में कुल चार शिक्षक जरूरी हैं। इसलिए मानक पूरे करने में दिक्कतें आ रहीं हैं।

### पीपीपी माडल पर खुले तीन मेडिकल कॉलेज

- शामली, महाराजगंज और संभल में पीपीपी( पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप ) माडल पर मेडिकल कॉलेज इस साल शुरू हो जाएंगे। एनएमसी ने इन तीनों को कुल 350 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दे दी है। शामली और महाराजगंज मेडिकल कॉलेजों को 150-150 एमबीबीएस की सीटें मिली हैं, जबकि संभल के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की मात्र 50 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दी गई है।

### पुराने मेडिकल कॉलेजों को चेतावनी

- झांसी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ .एनएस सेंगर का कहना है पुराने मेडिकल कॉलेजों को शिक्षकों को नियुक्त करने की चेतावनी के साथ सत्र शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। मगर, नए कॉलेजों को मानक पूरे करने होंगे। उन्होंने बताया कि उनके यहां नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं, नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

# विरोध के बीच 6 लाख में से 16,500 शिक्षकों ने लगाई ऑनलाइन हाजिरी

## लगे सरकार विरोधी नारे, जिलाधिकारियों को सौंपे ज्ञापन, काला फीता बांध किया कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विरोध के बीच सोमवार से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई जाने लगी। प्रदेश में 609,282 लाख शिक्षक हैं। पहले दिन 16,500 शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं दूसरी ओर जिलों में स्कूल छोड़कर शिक्षकों ने जमकर प्रदर्शन किया। काफी संख्या में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर भी विरोध जताया। शिक्षकों कहना है हम आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। पहले उनकी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए।

प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ एमके शनमुगा सुंदरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिलों के बीएसए को शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने के आदेश जारी किया है।

**इन जिलों में हुए प्रदर्शन :** उन्नाव, सीतापुर, गोंडा, रायबरेली, अंबेडकर नगर, हरदोई, लखीमपुर, बांदा, बलिया, गोंडा, देवारिया, सुल्तानपुर, गोरखपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी मथुरा, अलीगढ़ एटा, हाथरस और कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी और प्रतापगढ़, आजमगढ़, मऊ बरेली बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर, बस्ती संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अयोध्य, अंबेडकर नगर, अमेठी, बाराबंकी, अयोध्या और सुल्तानपुर, गोरखुपर जालौन, झांसी, ललितपुर, कानपुर।

### उन्नाव में बीएसए को धमकी

- उन्नाव में बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह को शिक्षक नेताओं ने धमकी दी। कहा कि आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। वेतन काटने की हिम्मत अगर बीएसए ने दिखाई तो आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकरियों ने सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

### छात्रवृत्ति के लिए अब 75% बायोमेट्रिक उपस्थिति जरूरी

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत पूर्वदशम्, दशमोत्तर और पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति (शुल्क प्रतिपूर्ति) अब उन्हीं छात्रों को मिलेगी, जिनकी कक्षाओं में कम से कम 75% उपस्थिति होगी। इतना ही नहीं, छात्रों की उपस्थिति अब आधार बेस्ड बायोमेट्रिक (फेशियल ऑथेंटिकेशन) के जरिए होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पहले चरण में यह व्यवस्था समूह एक के पाठ्यक्रमों पर इसी शैक्षणिक सत्र (2024-25) से सभी शासकीय, गैर शासकीय और शासकीय सहायता प्राप्त सभी शिक्षण संस्थाओं पर लागू होगी। दूसरे चरण में अगले शैक्षणिक सत्र (2025-26) से आधार बेस्ड बायोमेट्रिक उपस्थिति पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से संबंधित सभी शैक्षणिक संस्थानों में लागू की जाएगी। छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति की सुविधा मान्य होगी। निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं।

"इस व्यवस्था से शिक्षकों का समय बचेगा, मैनुअल रिकार्ड नहीं रखना पड़ेगा। रिपोर्ट स्वतः तैयार होगी। पंजिकाओं के खोने का डर भी नहीं होगा। डेटा भी सुरक्षित और वास्तविक समय में उपलब्ध रहेगा।

-कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

1,33,588 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और केजीबीवी विद्यालयों में 12 डिजिटल पंजिकाओं के प्रयोग से कागज का प्रयोग रुकेगा। यह पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल होगा। समय भी बचेगा।

-डॉ एमके शनमुगा सुंदरम
प्रमुख सचिव, बेसिक"

## दुकानों में चल रहे घरेलू कनेक्शन पर होंगे वाणिज्यिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने दुकानों व वाणिज्यिक संस्थानों में चल रहे घरेलू बिजली कनेक्शन वाणिज्यिक करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन ने वितरण निगमों को ऐसे कनेक्शनों की जांच करने का निर्देश दिया है। ऐसे कनेक्शन का पता लगाने के लिए कॉरपोरेशन वाणिज्य कर, नगर निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे करीब दर्जन भर विभागों की मदद लेने की तैयारी कर रहा है। घरेलू कनेक्शन पर कारोबारी गतिविधियां मिली तो श्रेणी वाणिज्यिक में बदली जाएगी।

## दादरी में विकास कार्य में आई तेजी

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि कुल 823 एकड़ क्षेत्र में फैले हब में से 455 एकड़ क्षेत्र को 'कोर एरिया' के तौर पर विकसित किया जा रहा है जबकि 17.5 एकड़ क्षेत्र में वाणिज्यिक सुविधाएं व 350 एकड़ क्षेत्र में रेल यार्ड व अन्य परियोजनों पर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माध्यम के जरिए विकास कार्यों को पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया ।

# मंदिरों में काम पूरा हुए बिना ही हो गया भुगतान : वेद प्रकाश गुप्त

अयोध्या कार्यालय

● डेंटिंग, पेंटिंग और चूना पोतने से काम नहीं होगा

**अमृत विचार।** अयोध्या में विकास कार्यो की गुणवत्ता को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त के तेवर तल्ख है। उन्होंने कराए गए कार्यो को लेकर सोमवार को सख्त टिप्पणी की। कहा कि डेंटिंग, पेंटिंग, फिनशिंग और चूना पोतने से काम नहीं होगा। कुछ मंदिरों में काम पूरा हुए बिना ही भुगतान हो गया।

कहा कि उन्होंने तीन मंदिरों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इनमें 1.80 करोड़ की लागत से कराए गए रंगमहल मंदिर, 1.49 करोड़ की लागत से राम कचहरी मंदिर और 1.53 करोड़ की लागत से बरेली मंदिर शामिल हैं। कहा कि पर्यटन विभाग से, एजेंसी और ठेकेदार से किए जा रहे कार्य अप टू द मार्क नहीं है। सरकार ने इतना पैसा खर्च किया है जीएसटी अलग से है, लेकिन काम ठीक नहीं है। कहा कि मंदिरों के संत-महंतो से उन्होंने अनुरोध किया कि वह मंदिर में ऐसा परिसर विकसित कराएं जहां आने वाले भक्त ठहर सकें। इससे एक समस्या का समाधान भी होगा। कहा कि उनका प्रयास होगा कि जो बना है उसमें और बेहतर क्या हो सकता है। काम मंदिर के संत-महंतों के देखरेख में हो। बताया कि रविवार को ही मुख्यमंत्री योगा आद्त्य नाथ के साथ बैठक हुई थी, उसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि अयोध्या के विकास कार्यों को स्वयं जाकर देखें। इसके बाद वह निर्माण कार्यों को देखने पहुंचे थे।

बताया कि अब तक शासन से अयोध्या के कुल 37 मंदिरों के लिए पैसा दिया गया है लेकिन आश्चर्य है कि कुछ मंदिरों में अभी पूरा काम नहीं हुआ लेकिन भुगतान हो गया। वह स्वयं इसकी जांच करेंगे। कहा कि जिस उद्देश्य के लिए पैसा दिया गया। पूरा निष्ठा के साथ उसका सदुपयोग कराना उनका दायित्व होगा। सावन मेले को लेकर उन्होंने कहा कि अयोध्या मेले में भीड़ आएगी। आसपास के जिलों से स्थानीय भीड़ ज्यादा होती है। ट्रैक्टर-ट्राली से भक्त आते हैं। उनकी हर संभव सुविधा की जाए।

## कार्यालय नगर पंचायत, तालग्राम-कन्नौज

पत्रांक- 43/न0पं0ता0/2024-25 दिनांक - 08.07.2024

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

समस्त चारे-भूसे विक्रेताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त / प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम को निम्न विवरण के अनुसार चारे-भूसे की आवश्यकता है। जिसके लिये दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 2.30 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 3.00 कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएं खोली जायेंगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी-अपनी निविदाएं प्रति किलो की दर से दे सकते है। विवरण निम्न प्रकार है

| कार्य सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | प्रति कुन्तल | कुल धनराशि | 2% अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गौवंश हेतु चारे-भूसे की आपूर्ति | 353.34 कुन्तल | 750.00 | 2,65,000.00 | 5,300.00 | 300.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

# फोरेंसिक जांच के लिए भेजी राइफल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कालपी में शव पहुंचने पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

● देररात पुलिस ने मामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

**अमृत विचार।** कृष्णानगर के प्रेमनगर में रविवार शाम को खेल-खेल में मामा की राइफल से चली गोली से किशोर की मौत के बाद उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जब्त की जा चुकी राइफल को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद किशोर के माता-पिता उसका शव कालपी ले गए जहां देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने पुलिस से कहा कि गलती से घटना हुई है। इधर पुलिस ने मामले में मामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि जालौन के कालपी स्थित आलमपुर निवासी बलबीर सिंह ने तहरीर दी कि मेरे बच्चे अप्रैल माह से प्रेमनगर निवासी मनोज कुमार शर्मा के मकान में किराए पर रहते है। बच्चे यहीं पर पढ़ाई करते हैं। चार अप्रैल को उरई जालौन का रहने वाला मेरा साला संजय सिंह मेरे बेटे शिवा और अपने बेटे दिव्य प्रताप को लेकर बेटी रेनू और रीतू के पास आया था। वह गार्ड की नौकरी तलाश कर रहा था। इसलिए अपनी लाइसेंसी राइफल साथ लेकर आया था। रविवार को शाम करीब छह बजे के आसपास संजय राइफल कमरे में रखकर सब्जी लेने चला गया। इस दौरान दिव्य और शिवा कमरे में मौजूद थे। दूसरे कमरे में मेरी दोनों बेटियां थी। दोनों बच्चे दिव्य और शिवा कमरे में खेल रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। जिस पर दोनों बेटियां अंदर गई, देखी तो शिवा के पेट में गोली लगी थी। बेटियों ने संजय को सूचना दी। संजय व रीतू शिवा को लेकर ट्रामा सेंटर गए। यहां शिवा ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। संजय की राइफल को जब्त कर ली उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## कई जगह ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल, कई ट्रेनें प्रभावित

**बरेली।** बारिश से पीताबंरपुर, बिलपुर, टिसुआ और रसुईया में ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल हो गया। इसकी वजह से रविवार रात 1 बजे से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। लखनऊ मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, सुहेलदेव सुपरफास्ट समेत करीब 24 ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ा। करीब आठ घंटे तक ट्रेनों को कॉशन देकर गुजारा गया।

रात करीब 1 बजे के ट्रैक पर पानी भरा तो सिग्नल फेल हो गया और पद्मावत एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, अर्चना एक्सप्रेस, गंगा सतलुज एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, सुहेलदेव सुपरफास्ट आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। डाउन लाइन की ट्रेनें बरेली जंक्शन से निकलने के बाद प्रभावित हुईं तो अप लाइन की ट्रेनें बरेली आते-आते लेट हो गईं।

ठगी से बचे — जालसाजों ने सीबीआई अफसर बनकर मनी लांड्रिंग में फंसने का झांसा दिया

# छह घंटे डिजिटल अरेस्ट रहे फिल्मकार

कार्यालय संवादादाता, लखनऊ



● साइबर ठगी से बचे नरेश सक्सेना

**अमृत विचार।** साहित्य और फिल्म जगत में सम्मानजनक मुकाम हासिल कर चुके राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त नरेश सक्सेना साइबर ठगी का शिकार होने से बचे। जालसाजों ने सीबीआई अफसर बनकर मनी लांड्रिंग में फंसने का झांसा देकर छह घंटे तक डिजिटल अरेस्ट किया और खातों की जानकारी हासिल कर ली। इतना ही नहीं घंटे भर तक उनसे कविताएं सुनी और बांसुरी भी बजवाई। काफी देर कर कमरे में बंद रहने पर बेटी पूर्वा और बहू सोनी पहुंची। उन्होंने वीडियो कॉल डिस्कनेक्ट कर नंबर ब्लाक करवाया।

**फेसबुक पर बताई आपबीती:** कवि नरेश सक्सेना ने फेसबुक पर लिखा, यह पोस्ट शायद मेरी मूर्खता के बारे में है क्योंकि जो बात सबको पता थी, उसका शक मुझे नहीं हुआ। फिर भी इस आशंका से लिख रहा हूं कि शायद कोई मेरे जैसा और भी हो। ...मित्रों इस समय जबकि कोई किसी की कविता पढ़ना या सुनना नहीं चाहता। उसने मेरी कविताएं घंटे भर तक सुनी। बहुत तारीफ की और बताया कि मैं उसी की तरह कविता प्रेमी हूँ। इस बीच उसने मुझसे बाँसुरी भी सुनी। फिलहाल न तो मेरी गिरफ्तारी हुई और न पैसे का नुकसान।

### रविवार को दोपहर तीन बजे आई वीडियो कॉल

- 07 जुलाई 2024 दिन के तीन बजे 'अगम बहै दरियाव' समारोह में हिस्सा लेने लिए घर से निकलने से ऐन पहले वीडियो कॉल आया। उधर से पूछा गया-क्या आपका आधार कार्ड खो गया है? चूंकि किसी और ने उसका उपयोग कर मुम्बई में एकाउंट खोल लिया है। उससे करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है। मुम्बई कोर्ट थाने में मामला दर्ज है। आपका अरेस्ट वारंट जारी हो चुका है। आप बुजुर्ग हैं। भले आदमी मालूम पड़ते हैं। पिता समान हैं। यदि जांच में सहयोग करेंगे तो मैं कोशिश करूंगा कि आप जल्दी छूट जाएं, वरना कई साल हिरासत संभव है।

### आधार के सत्यापन के बहाने हासिल किया खातों का ब्योरा

- कॉल करने वाले ने कहा, आधार कार्ड का वेरिफिकेशन करना है नंबर बताइए? कितने बैंक खाते हैं? कितनी रकम है? सालाना कितना ट्रांजेक्शन करते हैं? कितना इन्वेस्टमेंट है? इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं कि नहीं?

### कौन हैं नरेश सक्सेना

- जबलपुर से बीई आनर्स और कोलकाता से मास्टर ऑफ़ इंजीनियरिंग कर चुके नरेश सक्सेना उत्तर प्रदेश जल निगम में टेक्नालाजी मिशन में कार्यकारी निदेशक रहे। लीबिया में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया। सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य, काव्यजगत में नाम कमाया। कई फिल्में बनाईं। उन्हें वर्ष 1992 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा उन्हें हिंदी साहित्य सम्मेलन, पहल और शमशेर सम्मान भी मिल चुका है। वे बांसुरी भी काफी अच्छी बजाते हैं।

## कार्यालय : नगर पंचायत, तालग्राम-कन्नौज

पत्रांक- 42/न0पं0ता0/2024-25 दिनांक - 08.07.2024

(अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / नगर निधि योजना से प्राप्त/प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार निर्माण एवं क्रास/जाल/पुलिया/क्रास निर्माण/आपूर्ति कार्य व रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड व पेयजल व्यवस्था हेतु सामग्री आपूर्ति आदि एवं नगर की स्ट्रीट लाइट हेतु एल0ई0डी0 मरम्मत करवाना एवं नगर सीमान्तर्गत समस्त साधारण खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं पाइप लाइन लीकेज व सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में कोटेशन आमन्त्रित करती है, प्राप्त कोटेशनों को उसी दिन 03:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित कोटेशन दाताओं के समक्ष खोले जावेगे, शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्न है।

| क्र0 सं0 | कार्य/सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | समयाविध |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 1 में हर्षनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 96,565.00 | एक माह |
| 2 | वार्ड नं0 2 में शिवाजीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 95,902.00 | एक माह |
| 3 | वार्ड नं0 3 में इन्द्रानगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,970.00 | एक माह |
| 4 | वार्ड नं0 4 में किदवईनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,798.00 | एक माह |
| 5 | वार्ड नं0 5 में शास्त्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 99,174.00 | एक माह |
| 6 | वार्ड नं0 6 में लक्ष्मीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,039.00 | एक माह |
| 7 | वार्ड नं0 7 में जवाहर नगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 96,270.00 | एक माह |
| 8 | वार्ड नं0 8 में महावीरनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य । | 98,299.00 | एक माह |
| 9 | वार्ड नं0 9 में हमीदनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,724.00 | एक माह |
| 10 | वार्ड नं0 10 में इकबालनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,653.00 | एक माह |
| 11 | वार्ड नं0 11 में आजादनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,604.00 | एक माह |
| 12 | वार्ड नं0 4 में मोहल्ला गढ़ी पोखर एवं वार्ड नं0 11 में मोहल्ला जेरकिला में बरगदिया चौराहे से लेकर निजाम मास्टर के घर तक सी0सी0 रोड़ के छूटे हुए भाग का निर्माण कार्य। | 94,919.00 | एक माह |
| 13 | वार्ड नं0 11 में बरगदिया चौराहे के पास पुलिया के एप्रोच का निर्माण कार्य। | 81,865.00 | एक माह |
| 14 | वार्ड नं0 11 में श्री दिलदार कोटेदार के मकान के पास पुलिया का निर्माण कार्य। | 95,519.00 | एक माह |
| 15 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड़ के दक्षिणी तरफ सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 97,270.00 | एक माह |
| 16 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड़ के उत्तरी तरफ सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 94,960.00 | एक माह |
| 17 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ चौराहे पर सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 78,963.00 | एक माह |
| 18 | कार्यालय में 1 नग बैटरी एवं एम0आर0एफ0 सेण्टर में 1 नग बैटरी एवं इन्वेटर व ई0ओ0 आवास पर 2 बैटरी की आपूर्ति कार्य। | 75,500.00 | एक माह |
| 20 | नगर सीमान्तर्गत समस्त हैण्डपम्पों एवं पाइप लाइन लीकेज मरम्मत एवं सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय आदि कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 21 | समस्त एल0ई0डी0 90 वाट/60 वाट की लाइट मय ड्राइबर सहित मरम्मत का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 22 | 2 नग एल.एस.टी. स्टार्टर 20 एच.पी. कम्पलीट क्रय/आपूर्ति कार्य। | 87,000.00 | एक माह |
| 23 | कटआउट 200 एम्पियर, | रेट प्रति नग | एक माह |
| 24 | नलकूपों हेतु निपुल, बुस, पैकिंग, बाल, बोल्ट, जी.आई. पाइप आदि सामान क्रय कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 25 | नलकूपों हेतु सबमर्सिबल मोटर पम्प 15/12.50 एच0पी0 की आपूर्ति कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 26 | स्वागत द्वार रेडियम फोटो एवं मा0 अध्यक्ष जी एवं सभासदों को रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 27 | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी रिपेयर / मरम्मत का कार्य। | 99120.00 | एक माह |
| 28 | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी इंजन बनवाने / मरम्मत का कार्य। | 94,400.00 | एक माह |
| 29 | नगर के आवश्यक स्थानों पर ठण्डा पेयजल हेतु वाटर कूलर 60/80 लीटर का आपूर्ति कार्य। | 98,530.00 | एक माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

## एक नजर

### ऑटोडेस्क और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश में हरित व स्मार्ट रोड्स और बिल्डिंग की स्थापना में ऑटोडेस्क( अमेरिकन मल्टीनेशनल साफ्टवेयर कॉर्पोरेशन ) सहयोग करेगा। यह बात मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से सोमवार को मुलाकात के दौरान ऑटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन और अमेरिका दूतावास के रितु अरोड़ा ने कही। इस दौरान अमेरिका-भारत परिवहन कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव कहा कि ने प्रदेश में निर्मित व निर्माणाधीन एक्सप्रेसवेज, पाइप पेयजल परियोजना, स्मार्ट रोड्स, ड्रेनेज सिस्टम तथा एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट व महाकुम्भ-2025 आदि के बारे में उन्हें बताया। जिसके बाद सामूहिक सहयोग से योजनाएं संचालित करने की सहमति बनी। बैठक में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार समेत कई वरिष्ठ प्रपय मसैला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### निकाय उप चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निकायों के सदस्यों के रिक्त पड़ी सीटों पर चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मतगणना 10 जुलाई को होगी, इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 जिलों के निकायों में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए समुचित इंतजाम किये गये थे। मतदान पर सतर्क नजर रखने के लिए जिले स्तर पर चुनाव प्रेक्षक तैनात किये गये थे। सभी जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो गया। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी और इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे।

### गोवंश तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊ।** गोवंश की तस्करी में संलिप्त 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को स्पेशल टास्क फोर्स ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की गिरफ्त में चढ़े अपराधी का नाम नदीम है और वह ग्राम देवापार थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ का रहने वाला है।

# कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर पुलिस ने लड़की को पिता को सौंपा

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक अवमानना याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि अयोध्या पुलिस ने रिट कोर्ट के आदेश के बावजूद बालिग प्रेमी-प्रेमिका के शांतिपूर्ण जीवन में दखल देते हुए, लड़की को उसके पिता को सौंप दिया। कहा गया कि दोनों के अलग-अलग मजहब का होने के कारण लड़की के पिता द्वारा उनके रिश्ते का विरोध किया जा रहा है। वहीं कोर्ट के समक्ष लड़की ने अपने प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई, इस पर न्यायालय ने उसे अपनी मर्जी से कहीं भी जाने की इजाजत दे दी।

वहीं न्यायालय ने पाया कि पुलिस की ओर से अपने सफाई में लड़की के पिता के जिस शिकायत पर कार्रवाई की बात कही गई है, उसका थाने की जीडी में कोई जिक्र ही नहीं है। इस पर न्यायालय ने सम्बंधित एसएचओ और दरोगा को तलब कर लिया है। साथ ही एसएसपी, अयोध्या को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को कहा है, जवाब न आने पर उन्हें भी हाजिर होना होगा।

**▸▸ व्यक्तिगत हलफनामा दें एसएसपी अथवा हों हाजिर: हाईकोर्ट**

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने प्रेमी की अवमानना याचिका पर पारित किया है। मामला अयोध्या जनपद का है। याची की ओर से दलील दी गई कि वह हिन्दू है जबकि उसकी प्रेमिका मुस्लिम समुदाय से है, ऐसे में प्रेमिका के पिता द्वारा उनके सम्बन्धों का विरोध किया जाता है, जबकि उन दोनों ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हुए, हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर सुरक्षा की मांग की थी जिस पर रिट कोर्ट ने 5 मार्च 2024 को ही पुलिस को उनके शांतिपूर्ण जीवन में दाखल न देने का आदेश दिया था। आरोप है कि उक्त आदेश के बावजूद 22 अप्रैल को पूरा कलंदर थाने की पुलिस उसके घर आई और जबरन लड़की को उसके पिता को सौंप दिया, इस बात की पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है।

### शिकायत जीडी में दर्ज नहीं

वहीं एसएचओ पूरा कलंदर ने अपने जवाब में कहा कि 22 अप्रैल को लड़की के पिता की शिकायत पर कार्रवाई की गई थी। इस पर न्यायालय ने जब लड़की को तलब कर उसकी इच्छा पूछी तो उसने स्पष्ट तौर पर याची के साथ जाने की इच्छा जताई। वहीं न्यायालय ने 22 और 23 अप्रैल की थाने की जीडी तलब कर लिया। न्यायालय द्वारा जीडी तलब करने पर पुलिस ने स्वीकार किया कि लड़की के पिता की कोई शिकायत जीडी में दर्ज नहीं है और ऐसा न करने के लिए सब-इंस्पेक्टर रमा शंकर सरोज के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की जा चुकी है। इस पर न्यायालय ने उक्त सब-इंस्पेक्टर व एसएचओ को तलब कर लिया। मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

# प्रणता ऐश्वर्या अंबेडकरनगर की नई सीडीओ बनाई गईं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ तीन आईएएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण**

**▸▸ अनुराग जैन महाराजगंज के नए सीडीओ बने**

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अंबेडकरनगर के मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन को महराजगंज का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। पूर्व में अंबेडकरनगर के मुख्य विकास अधिकारी अनिल जैन को महाराजगंज का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया था, पर उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। अब उन्हें अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) सहकारी समितियां उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है। परिवहन निगम की अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या को अंबेडकरनगर का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

# तीन माह में 11 जिलों में तैयार होगी विरासत वृक्ष वाटिका

## 100 वर्ष की अधिक आयु के 28 प्रजाति के पेड़ विरासत वृक्ष घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत प्रदेशवासियों को चिह्नित विरासत वृक्षों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 11 जिलों में विरासत वृक्ष वाटिका तैयार की जाएगी। आने वाले तीन महीनों में यह वाटिका गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट व मीरजापुर में तैयार होगी।

प्रत्येक वाटिका में विरासत वृक्ष से तैयार पौधा, टहनी, डाल को अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। शेष पौधे स्थानीय महत्व की प्रजातियों के होंगे। इसके लिए लगभग आठ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। प्रभागों द्वारा चिह्नित 11 जिलों में पर्याप्त संख्या में विरासत वृक्ष से पौधे तैयार करने के लिए प्रत्येक प्रभाग में कम से कम 10 वृक्ष उपलब्ध कराए जाएंगे।

**▸▸ सरकार पेड़-पौधों के जरिए भी विरासत का सम्मान करने को उत्सुक**

राज्य सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत उप्र. के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी। 100 साल से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। यह वृक्ष सभी 75 जिलों में हैं। सरकार पेड़-पौधों के जरिए भी विरासत का सम्मान करने को उत्सुक है। काशी में सर्वाधिक 99, प्रयागराज में 53, हरदोई में 37, गाजीपुर में 35 व उन्नाव में विभिन्न प्रजातियों के 34 विरासत वृक्ष हैं। इनमें अरु, अर्जुन, आम, इमली, कैम, करील. कुसुम, खिरनी, शमी, गम्हार, गूलर, छितवन, चिलबिल, जामुन, नीम, एडनसोनिया, पाकड़, पीपल, पीलू, बरगद, महुआ, महोगनी, मैसूर बरगद, शीशम, साल, सेमल, हल्दू व तुमाल शामिल हैं। इसमें बरगद प्रजाति के 363 व पीपल प्रजाति के 422 वृक्ष हैं।

### आध्यात्म व स्वतंत्रता से जुड़े वृक्ष भी शामिल

विरासत वृक्ष में आध्यात्मिक व स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े वृक्ष शामिल किए गए हैं। योगी के गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर, काली मंदिर के समीप व गौशाला के अंदर बरगद व पाकड़ वृक्षों सहित पूरे जिले में 19 वृक्ष विरासत वृक्ष घोषित किए गए हैं। वहीं लखनऊ व वाराणसी के क्रमश: दशहरी आम व लंगड़ा आम के मातृ वृक्ष, फतेहपुर का बाचन इमली, मथुरा के इमलीतला मन्दिर परिसर का इमली वृक्ष, प्रतापगढ़ का करील वृक्ष, बाराबंकी में स्थित एडनसोनिया वृक्ष, हापुड़ व संत कबीर नगर में अवस्थित पाकड़ वृक्ष, सारनाथ का बोधि वृक्ष, बाबा झारखंड के नाम से प्रसिद्ध अम्बेडकर नगर का पीपल वृक्ष एवं आर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री शाहजहांपुर में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा पीपल वृक्ष शामिल है।

## पर्यटन स्थलों की होगी ब्रांडिंग और मार्केटिंग

**अमृत विचार,लखनऊः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग होगी। इसके लिए आईआईएम द्वारा संचालित सेंटर फॉर मार्केटिंग इन इमर्जिंग इकोनॉमीज (सीएमईई) में 'डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन' विषय शोध हुआ है। पर्यटन स्थलों को भविष्य की जरूरत के अनुसार विकसित किया जाएगा।

पर्यटनमंत्री ने सोमवार को जारी बयान में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को 12 पर्यटन सर्किटों में किसी एक स्थल का चयन करना होगा। हमारा लक्ष्य है कि हर आने वाले पर्यटक को अच्छा अनुभव और पुनः वापस आने की इच्छा लेकर जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि शोध में ज्ञात हुआ कि भ्रमण में यात्रियों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म खासी भूमिका निभाते हैं। शोध में पर्यटकों को तीन अलग खंडों में बांटा गया- खोजकर्ता, परंपरावादी और अधिक यात्रा करने वाले। हर समूह एक अलग ट्रैवल विहेवियर को प्रदर्शित करता है, जिसमें या फिर कम प्रचलित स्थलों पर, सुंदरता से परिपूर्ण स्थलों, एक निर्धारित बजट के अंतर्गत या ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अनुभवों को प्राथमिकता देना आदि शामिल है।



मुलाकात
सोमवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी से मीरजापुर मंडल से आए सांसद व विधायकों ने शिष्टाचार भेंट की। • अमृत विचार

# बारीकला में बढ़ेगी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी के बारीकला में एक एमएलडी एसटीपी की क्षमता को बढ़ाकर 3.5 एमएलडी क्षमता के निर्माण के लिए 27.02 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इससे सीवेज के बढ़ते प्रवाह को 'ट्रीट' कर मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट कार्यों को मज़बूत बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही, देवबंद में इंटरसेप्शन एंड डायवर्जन और एसटीपी कार्यों के लिए 134.71 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इससे स्थानीय जल निकायों के प्रदूषण व सीवेज को रोकने व मोड़ने में मदद मिल सकेगी।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ-2025 को भव्य बनाने में जुटी है। नमामि गंगे मिशन ने प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनज़र स्वच्छता संबंधित बुनियादी ढांचों के निर्माण के लिए कुल तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है, इसकी लागत 211.08 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 के लिए स्वच्छता संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 152.37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस परियोजना के अंतर्गत 54,400 शौचालय-मूत्रालय व एक प्राथमिक ठोस अपशिष्ट संग्रह प्रणाली का निर्माण किया जाएगा।

## धर्म दर्शन

# जरासंध का आक्रमण और रणछोड़





डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंचकर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिंतित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था। साम्राज्यलिप्सा थी, इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिलाकर मथुरा जा पहुंचा। चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्ध पितामह भीष्म इस समय सजग थे, लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादवगण राज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था, किंतु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किंतु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यंत फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादव प्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादव प्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए। जरासंध से यादवसेना की एक और लड़ाई विदर्भ में हुई थी, जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका चल दिए थे। वहां भी यादवसेना से परास्त होकर जरासंध भाग निकला था।

# जैन धर्म में अयोध्या का महत्व



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है- 'अयुद्ध्या' अर्थात युद्ध के अयोग्य। स्पष्ट है यह शब्द युद्ध में शत्रुओं के लिए युद्ध में अयोध्या की अपराजेयता का द्योतक है। जैनियों के अनुसार अयोध्या जैन धर्म के पांच तीर्थं करों क्रमशः ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ की जन्मस्थली रही है। जैनसाहित्य में प्राकृत या अपभ्रंश में दूसरीशती में विमलसूरि द्वारा लिखित "पउमचरियं" (पद्मचरित) विस्तार से रामकथा वर्णित है। जैन साहित्य श्रीराम का मूल नाम "पउम" या पद्म बताता है तथा यह भी स्पष्ट करता है कि अंत मे वह अर्थात श्रीराम जैन संप्रदाय में दीक्षित हो गए थे। जैनसाहित्य में 'पउमचरियं' के अतिरिक्त प्रथम शती में आचार्य यति वृषभ ने अपने 'तिलोयपण्णति' नामक ग्रंथ में अयोध्या के कई नामों का उल्लेख है। संस्कृतभाषा में प्राप्त रविषेणकृत 'पद्मपुवाण', गुणभद्र कृत संस्कृत ग्रंथ सभी के राम का नाम "पद्म" है। यही नहीं बाद मेंलिखित, सभी जैन ग्रंथ एकमत हो, श्रीराम के अंतिम समय में जिनेन्द्र की शरण में जाने का उल्लेख करते हैं। जैन परंपरा में अयोध्या नामक शाश्वत तीर्थ के अयुध्या, विनीतानगरी, साकेत, सुकौशल, रामपुरी और विशाखा जैसे विभिन्न नाम उल्लिखित है। यही नहीं सभी प्रमुख जैन ग्रंथ एक स्वर से, चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम ऋषभ देव, द्वितीय अजित नाथ, चौथे अभिनंदन नाथ,पांचवें सुमति नाथ और चौदहवें अनंतनाथ इन पांचों की जन्मभूमि अयोध्या कही गई है। स्पष्ट है कि जैन धर्मावलंबियों के लिये अयोध्या एक अत्यंत पवित्र तीर्थस्थली रही है। परवर्ती ऐतिहासिक ग्रंथों से यह तथ्य निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि बाबर के समय राममंदिर के ध्वस्तीकरण से पूर्व ही मुस्लिम शासकों के शासनकाल में सुनियोजित ढंग से हिन्दू,जैन तथा बौद्ध मंदिरों का ध्वस्तीकरण किया गया। विस्तार भय से, यहां उनका विवरण, अंकित नहीं किया गया है।

अंत में इतना लिखना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परंपरा में अयोध्या भारत ही नहीं वरन् विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केन्द्र रहा है। यही पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने अपने पुत्रों एवं पुत्रियों को अंक विद्या और लिपि विद्या की शिक्षा दी थी। जैन परंपरा अयोध्या के सरयू तट पर होने का समर्थन करती है। सिखों के लिए भी अयोध्या एक पवित्र स्थान है। गुरु नानकदेव अपनी अयोध्या यात्रा के क्रम में सरयू नदी के तट पर रूके थे। यही नहीं संवत् 1725 में सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर जी भी अपनी यात्रा के क्रम अपनी पत्नी गुजरी देवी के साथ अयोध्या आए थे। पिथौरागढ़ एवं वर्तमान नवसृजित जनपद बागेश्वर जिले के उत्तरी भाग में स्थित नंदा कोट पर्वत के निकटवर्ती "सरमूल" (सरयू का मूल) नामक स्थान से निकल कर सरयू नदी दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर प्रस्थान करती है। यह उद्गम स्थान रामभक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में सम्पूजित हो चुका है। हिमालय की तलहटी में ही आगे चलकर इसमें पूंगुर और लाहूर नदियां मिलती हैं। अपनी प्रवाह यात्रा में आगे चलकर सरयू स्वयं को पिथौरागढ़ जनपद नंदा देवी पर्वतमाला के पूर्वी ढलान से लगभग 3600मीटर या 12,000 फीट की ऊंचाई से निकल, नेपाल और भारत के बीच सीमारेखा बनाकर बहने वाली महाकाली या काली नदी में प्रवेश कर जाती है।

## वर्ग पहेली-125

**बाएं से दाएं**

1.1. हाथ की सफ़ाई, ऐसा काम या खेल जिसका रहस्य दर्शक न समझ कर आश्चर्यचकित हों, अलौकिक या अमानवीय समझा जाने वाला कार्य, बाज़ीगरी, नज़रबंदी, इंद्रजाल, (मैजिक) 2. दूसरों को मोहित करने या लुभाने की शक्ति, वशीकरण, मोहिनी, माया, जंतर-मंतर, टोना। (मु.) -करना : किसी को चमत्कृत करना, वश में करना। -चलना : जादू का प्रभाव होना, किसी बात का असर होना। -डालना : जादू करना, मोहित करना, प्रभाव डालना।

3. इंद्र का हाथी ऐरावत।

6.1. मैलापन, गंदगी 2. गाढ़ापन 3. मोटाई, स्थूलता।

7.1. जिसमें तथ्य एवं वास्तविकता न हो 2. ऊपरी, बाहरी, दिखाऊ 3. नकली, कृत्रिम।


**ऊपर से नीचे**

1.1. मध्यकाल में राजा या राज्य की ओर से विशेष सेवा के बदले या पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली भूमि या प्रदेश 2. संपत्ति 3. (अ-अ.) पुराने समय में गांव में नाई

2.1. पाला पड़ना 2. बरफ गिरना, हिमपात 3. ऐसा प्रहार जो विनाश का सूचक हो 4. अरमानों या आशाओं पर पानी फिरना,निराश होना।

4. तीसरी बार।

5.1. विस्तृत करना, फैलाना, छितराना 2. आगे की ओर करना, आगे बढ़ाना



### वर्ग पहेली -124 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 पे |
| धि | ■ | 3 रि | हा | इ | श |
| रो | ■ | सा | ■ | ■ | गी |
| 4 ह | थ | ल | प | 5 क | ■ |
| ण | ■ | दा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | र | ■ | हं | ■ |
| 6 स | रो | ■ | 7 आ | स | रा |

## सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 6 | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 5 | | 9 | | | 4 | 1 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 1 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 9 | | | | 2 | | 5 | | |
| | 1 | 3 | | | 5 | | 9 | 2 |
| | | 4 | | | 6 | | 3 | |
| 6 | | | | 9 | 8 | | 4 | |

### सुडोकू -37 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .08 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07 .52 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज व्यापार में आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। किसी कार्य के बनते बनते विघ्न बाधा आ जाएगी। नौकरी में उच्च अधिकारी से व्यर्थ का वाद विवाद हो सकता है। भोग विलास पर अत्यधिक धन खर्च होगा।

**वृष** – आज भूमि क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। सामाजिक कार्य में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी। किसी महत्वपूर्ण अभियान, आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई सुखद सूचना मिलेगी। देव स्थल के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्ग परिजनों के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में अकारण व्यवधान आ सकता है। रोजगार के लिए इधर से उधर भटकना पड़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक भरोसा करना घातक सिद्ध हो सकता है। उद्योग धंधे की योजना को खूब सोच समझकर गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं।

**कन्या** – आज राजनीति में उच्च पद मिलने के योग हैं। नौकरी में अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने के योग है। धन संपत्ति मिलने की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी।

**तुला** – आज किसी महत्वपूर्ण योजना पर कार्य करेंगे। किसी पुराने मुकदमे में जीत आपकी होगी। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। पैतृक धन संपत्ति को लेकर परिवार में वाद हो सकता है। आप किसी के कहे सुने में न आएं। उद्योग धंधे में किसी अनुभवी व्यक्ति से विशेष सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन होगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य लोगों को सफलता एवं सम्मान मिलेगा। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आज उद्योग धंधे की कोई बड़ी बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। राजनीति में सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे। खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** – आज किसी व्यापारिक योजना के सफल होने के योग हैं। नौकरी में आपके कार्य से बॉस का ध्यान आपकी ओर आकर्षित होगा। किसी प्रियजन के कारण समाज में मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अस्त्र-शस्त्र में अभिरुचि रहेगी। शस्त्र खरीदने की योजना बन सकती है।

**मीन** – आज नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के संयोग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने में अचानक मनोबल में वृद्धि होगी। कला, खेल,विज्ञान की दुनिया में लोगों को सरकार से महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
देवता – सुबह : 11.31
कहानी किस्मत की – शाम : 06 .20


&pictures
कार्तिकेय 2 – सुबह :11.06
स्क्वाड – रात : 08 .00

Sony PIX
स्पाइडर मैन – सुबह : 10 .26
मॉन्स्टर हंटर – रात : 09 .00

Zee Cinema
बंगाराजू – सुबह : 11.06
गदर 2 – रात : 08 .00

Colors Cineplex
कसम – सुबह : 09 .25
दामिनी – रात : 09 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** : गेहूं दड़ा 2400-2410 आर. आर.21 2550-2600 गेहूं फारम 2600-2700 जौ 2000 -2100 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200 -2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** : चना 6300 -6400 अरहर 9000 -10000 मसूर 5500 -5600 मटर 3700 -3800 उड़दहरा 11000 -11500 उड़द काला 8000 -9000 मूंग 7800 -8000 **दाल (प्रति क्वि.)** : अरहर फूल 16500-16600 अरहर स्पेशल 14600-14700 चना दाल 7900-8000 मटरदाल 4600-4700 मसूर मलका 7200-7250 मसूर दाल 7400-7450 उड़द दाल 9000- 13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंगदाल 8100 -9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** : अरवा 2800-3500 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** : आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** : शाहपसंद 1370-1410 **तिलहन (प्रति क्वि.)** : लाही 5600-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11500- 12200 मूंगफली दानाशिवपुरी 10000- 11200 बटाली 8600 -10500 सेहुआं 4000 - 4500 **तेल (प्रति क्वि.)** : सरसों कोल्हू 12300-12400 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** : सोयाबीन 1590-1611 सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** : बावर्ची 1585-1585 मयूर 1585-1585

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94050 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

## दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मी. टन से बढ़कर 32.55 लाख मी. टन हो गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** तीन चार साल में दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो जाएगा। दरअसल, राज्य सरकार के इस दिशा में तय किए गए लक्ष्य पर चलते हुए बीते सात साल के नतीजे शानदार रहे हैं। इस दौरान दलहन उत्पादन में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि इसका प्रमाण है। इस दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 32.55 लाख मीट्रिक टन हो गया।

- **दलहन उत्पादन में रिकॉर्ड 36 फीसद की वृद्धि**

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार, राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अरहर, उरद एवं मूंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 27200 हेक्टेयर फसल प्रदर्शन आयोजित होंगे। इसी क्रम में दलहन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 31553 कुंतल बीज वितरण एवं 27356 कुंतल प्रमाणित बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा भी बचेगी

सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की,और म्यांमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश की पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

### एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित

दलहनी फसलों के उत्पादन के बाद बाजार में उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए सरकार इन सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। किसान इनके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हों इनके लिए अन्य फसलों की तुलना में इनकी एमएसपी में भी अधिक वृद्धि कर रही है।

### बुंदेलखंड में विकसित होंगे आदर्श दलहन ग्राम

दलहन उत्पादन में अग्रणी बुंदेलखंड के जिलों- बांदा, महोबा, जालौन, चित्रकूट और ललितपुर में आदर्श दलहन ग्राम विकसित किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है। लेकिन, अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है।

# अमर कौल सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक-सीईओ

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बिजली क्षेत्र की कंपनी सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने अमर कौल को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कौल की नियुक्ति 25 जलाई, 2024 से पांच साल के लिए की गयी है। यह जरूरी मंजूरियों पर निर्भर है।

निदेशक मंडल ने कौल को नौ जुलाई से 24 जुलाई, 2024 तक के लिए मनोनीत प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। वह नटराजन श्रीनिवासन का स्थान लेंगे। श्रीनिवासन 26 नवंबर, 2020 से कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं और 24 जुलाई, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

# पॉलिटेक्स इंडिया और स्टार फिनसर्व का पंजीकरण रद

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की प्रथाओं के कारण स्टार फिनसर्व इंडिया लिमिटेड और पॉलिटेक्स इंडिया लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद कर दिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद कर दिया गया है।

उसने कहा कि कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिसमें क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण स्वीकृति के साथ-साथ केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया जैसे मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को सेवा प्रदाता को आउटसोर्स किया गया है। कंपनी ने सेवा प्रदाता को ग्राहक डेटा तक पूरी पहुँच प्रदान करके डेटा गोपनीयता और ग्राहक जानकारी की सुरक्षा पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। कंपनी ने अपने ग्राहकों को स्थानीय भाषा में ऋण समझौते और स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न कराकर निष्पक्ष व्यवहार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

# भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का यूएई में निधन

**दुबई।** प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में यूएई में रविवार को निधन हो गया। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।



# यूरोपीय व विकसित देशों में कृषि उत्पाद का निर्यात आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार ने उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पाद के निर्यात की राह आसान कर दी है। अब जल, वायु व सड़क मार्ग से फल, सब्जी व अन्य उत्पाद भेजने पर जो खर्च आएगा उस पर 25 फीसद प्रोत्साहन राशि कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) और निर्यातकों को मिलेगी। इसकी वार्षिक अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये की है। इससे खासकर यूरोपीय व विकसित देशों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि, अधिक दूरी होने के कारण फल व सब्जियों के साथ जल्द खराब होने वाले अन्य उत्पाद वायु मार्ग से जाते हैं। इसमें खर्च अधिक आता है और अनुदान कम मिलता है। इस वजह से निर्यात बढ़ नहीं पा रहा है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर किसानों को समृद्ध करने के लिए यह प्रस्ताव कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने शासन में रखा था। उप निदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला ने बताया कि कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा होगा।

- **सरकार जल, वायु व सड़क मार्ग के खर्च पर 25 फीसद देगी अनुदान**
- **तीनों मार्गों पर 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हुआ वार्षिक अनुदान**



### इन वर्षों में यह हुआ निर्यात

| वर्ष | उपज (एमटी में) | रुपये (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,763,534 | 17,729 |
| 2021-22 | 1,844,770 | 18,049 |
| 2022-23 | 1,763,534 .83 | 17,729 |

### एक समान अनुदान, वार्षिक 10 लाख की बढ़ोतरी

अब तक जल व वायु मार्ग पर प्रति किलो 10 रुपये अनुदान मिलता था। जबकि वार्षिक वायु मार्ग पर 10 लाख रुपये और जल मार्ग पर 20 लाख रुपये अधिकतम अनुदान थी। इसके अतिरिक्त सड़क व रेलवे मार्ग पर पांच रुपये प्रति किलो अनुदान राशि दी जाती थी। लेकिन, अब सभी मार्गों पर एक समान 25 फीसद और वार्षिक 20 लाख रुपये व्यय पर अनुदान मिलेगा।

### वायु मार्ग पर 200-250 रुपये प्रति किलो खर्च

प्रदेश से यूरोपीय देश बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड आदि में वायु मार्ग से निर्यात करने पर एक किलो पर 200-250 रुपये दूरी के हिसाब से खर्च आता है। इसी तरह विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, रूस व आस्ट्रेलिया आदि में 150-200 रुपये, जबकि खाड़ी देश कतर, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान आदि की दूरी कम होने पर 50 से 70 रुपये प्रति किलो खर्च आता है। इन सभी में अनुदान 10 रुपये प्रति किलो होने पर खाड़ी देश में ज्यादा निर्यात होता है।

# नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली नौवीं संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित बनाने से जुड़े दस्तावेज पर चर्चा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नीति आयोग की शीर्ष नीतिगत इकाई परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 जुलाई को होगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### उपराज्यपाल के निर्देश के बाद शिक्षकों के तबादले का आदेश स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना के आदेशों पर कार्रवाई करते हुए पांच हजार स्कूल शिक्षकों के तबादले का आदेश सोमवार को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया। ये शिक्षक 10 से अधिक वर्ष से एक ही स्कूल में तैनात हैं। सक्सेना ने रविवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया। यह तबादला आदेश पिछले सप्ताह जारी किया गया था। उपराज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एक अंतरिम उपाय के रूप में तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित रखने का निर्देश दिया। दिल्ली की शिक्षा मंत्री ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तबादले के आदेश के पीछे भाजपा की साजिश का आरोप लगाया।

### कीर्ति चक्र विजेता की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के अहमद के.ने सोशल मीडिया पर कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी की फोटो पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की है। यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 79 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत अपराध है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इसकी कडी निंदा की है और पुलिस से इस पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

# असम में बाढ़ के कारण 28 जिलों में करीब 23 लाख लोग प्रभावित

## राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की जान जा चुकी है

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित हुई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के अनुसार, अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई जबकि इनमें से केवल बाढ़ के कारण 66 लोगों की मौत हुई।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सोमवार को सिलचर पहुंचने और मणिपुर जाते समय कछार जिले के फुलेर्तल में बाढ़ राहत शिविर का दौरा करने का कार्यक्रम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों में पूरी व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों की सुरक्षा और स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है और उनकी टीम लोगों के संपर्क में है। वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है। धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। कुल 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि शिविरों में नहीं रह रहे 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

### भूस्खलन के कारण अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का सड़क संपर्क टूटा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जिलों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शि-योमी जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के कारण अप्रैल से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### गोवा में मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न, तीन लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा में सोमवार को लगातार तीसरे दिन मूसलाधार बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को उत्तर गोवा में भारी बारिश के बीच कुंदैम इंडस्ट्रियल एस्टेट में दीवार गिरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में मजदूर दिलीप यादव (37), मुकेश कुमार सिंह (38) और ट्रिनिटी नायक (47) की मौत हो गयी।

### मुंबई में भारी बारिश से उपनगरीय रेल, विमान सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण पटरियों पर जलभराव के चलते मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और हवाईअड्डे पर भी परिचालन पर असर पड़ा जिसके कारण सोमवार को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारी बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को जलमग्न सड़कों से गुजरते देखा गया। राज्य सरकार ने मुंबई, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुंबई के कुछ इलाकों में सुबह सात बजे तक मात्र छह घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे सड़कें और निचले इलाके जलमग्न हो गए। पूरे दिन शहर में भारी बारिश हुई। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई, क्योंकि भारी बारिश के कारण कई सदस्य और अधिकारी विधान भवन नहीं पहुंच सके।



### 30 से अधिक जानवरों को बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश के बीच 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों को बचाया गया है। रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर के संस्थापक और अध्यक्ष एवं वन विभाग के मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया, हमें 24 घंटों में 60 से अधिक फोन कॉल प्राप्त हुए हैं और मुंबई तथा आसपास के जिलों ठाणे, रायगढ़ और पालघर से 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों, सरीसृपों को बचाया है।

# पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों से निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के कथित मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सदस्य शेख शाहजहां और अन्य पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गत 10 अप्रैल को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल के संदेशखालि में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

# एक्स से महुआ की पोस्ट की डिटेल मांगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी एक्स से लोकसभा सदस्य की अब हटाई जा चुकी टिप्पणी का विवरण मांगा।

मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द का इस्तेमाल, भाव-भंगिमा या कृत्य करने से संबंधित है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किये गए एक वीडियो पर यह टिप्पणी की थी। वीडियो में, शर्मा उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ स्थल पर चार जुलाई को जाती हुई दिख रही थीं। हालांकि, मोइत्रा ने बाद में उस पोस्ट को हटा दिया, जिसमें एनसीडब्ल्यू प्रमुख के साथ छाता पकड़े एक व्यक्ति के चलने का जिक्र किया गया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' को पत्र लिखा है और सोशल मीडिया कंपनी से जवाब मिलने का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि पोस्ट का विवरण जांच के लिए जरूरी है, हालांकि जांचकर्ता इसका स्क्रीनशॉट पहले ही ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर, आगामी दिनों में मोइत्रा को तलब किया जा सकता है।



- **दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी को भेजा पत्र**

# मणिपुर पहुंचे राहुल, जातीय हिंसा पीड़ितों से की बात

इंफाल, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा कि हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी (राहुल गांधी की) तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



- **राहत शिविरों का दौरा कर सुनीं समस्याएं**
- **200 से अधिक लोगों की मौत**

# हेमंत सोरेन सरकार को विश्वास मत, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

रांची, एजेंसी

झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।



रांची के राजभवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य मंत्रिमंडल के नव शपथ ग्रहण मंत्रियों के साथ झारखंड के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन। ● एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक मतों की गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। विश्वास मत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, आज एक बार फिर सबको सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता और ताकत देखने को मिली। मैं (विधानसभा) अध्यक्ष और गठबंधन के सभी विधायकों का आभार जताता हूं।

सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन 2019 में सत्ता में आने के बाद से संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहा है और यह आज एक बार फिर देखने को मिला। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, सदन में मुझे फिर से देखने के बाद कोई भी भाजपा विधायकों का व्यवहार देख सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के पास राज्य के लिए कोई एजेंडा नहीं है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने उनको (भाजपा) आइना दिखा दिया। आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ेगा।

# दिव्यांगों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभावपूर्ण

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दृश्य मीडिया और फिल्मों में दिव्यांग व्यक्तियों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी भाषा जो दिव्यांग व्यक्तियों को अपमानित करती है, उन्हें और अधिक हाशिये पर धकेलती है तथा उनकी सामाजिक भागीदारी में आने वाली बाधाओं को बढ़ाती है, उस पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए।



- **शीर्ष अदालत ने कहा- अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं**

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शब्द संस्थागत भेदभाव पैदा करते हैं और दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में सामाजिक धारणा में अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं। शीर्ष अदालत ने दृश्य मीडिया में दिव्यांग व्यक्तियों के चित्रण की रूपरेखा पर कहा कि वे नकारात्मक आत्म-छवि में योगदान करते हैं और समाज में भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और प्रथाओं को कायम रखते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी भाषा जो दिव्यांगता को वैयक्तिकृत करती है, उससे बचा जाना चाहिए या उसे सामाजिक मानक के विपरीत भाषा के रूप में पर्याप्त रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए।

# भारतीय हॉकी टीम स्विट्जरलैंड रवाना

बेंगलुरु, एजेंसी

ओलंपिक की तैयारी



भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया है।

इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा हमने अभी बेंगलुरू में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी।

भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में रहना होगा।

## जेसविन-अंकिता को एथलेटिक्स टीम में मिली जगह



**नई दिल्ली।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया है। दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई हैं। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकितना ध्यान के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है। वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:28.08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16:10.31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

## भारत के मिशन प्रमुख होंगे गगन नारंग, सिंधू महिला ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद उप मिशन प्रमुख नारंग को मिशन प्रमुख बनाया जाना स्वतः पसंद थी। उषा ने कहा, मैं अपने दल की अगुआई के लिए ओलंपिक पदक विजेता को ढूंढ रही थी और मेरे युवा साथी मेरीकोम के उपयुक्त विकल्प हैं। पीटीआई ने इससे पहले खबर दी थी कि नारंग भारतीय दल का मिशन प्रमुख बनने की दौड़ में शामिल हैं। उषा ने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।

# भारत के खिलाफ शृंखला से पूर्व सनत जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच

कोलंबो, एजेंसी



- टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर सिल्वरवुड ने दे दिया था इस्तीफा एसएलसी ने सनत को सौंपी जिम्मेदारी

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में स्थायी समाधान मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है।

भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा श्रीलंका क्रिकेट सनत जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम के अंतरिम प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। वह सितंबर 2024 में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के पूरा होने तक इस पद पर कार्य करेंगे। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के पूर्व वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह अंतरिम आधार पर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिल्वरवुड ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी-20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे। एसएलसी ने कहा जयसूर्या वर्तमान में श्रीलंका क्रिकेट के पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। एसएलसी के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा जब तक कि हमें स्थायी समाधान नहीं मिल जाता तब तक सनत जयसूर्या राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त हैं।

## खेल डायरी

### ओडिशा के दो खिलाड़ियों को 15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी। माझी ने कहा कि जेना और रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके अपने गृह नगरों के साथ पूरे राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के प्रयास, इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता से राज्य में युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुष फुटबॉल के लिए अमेरिका की टीम घोषित

**वॉशिंगटन।** पेरिस ओलंपिक 2024 में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अमेरिका ने सोमवार को मिहेलोविच, रॉबिन्सन और जिमरमैन सहित 18 पुरुष खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को वैकल्पक रूप में रखा गया है। गोलकीपर : पैट्रिक शुल्टे , गागा स्लोनिना, डिफेंडर : मैक्सिमिलियन डाइट्ज, नाथन हैरियल, माइल्स रॉबिन्सन, जॉन टोल्किन, कैलेब विले और वॉकर जिमरमैन। मिडफील्डर्स : जियानलुका बुसियो, बेंजामिन क्रेमास्ची, जैक मैकग्लिन, जोर्डजे मिहैलोविक और टान्नर टेसमैन। फॉरवर्ड : पैक्सटन आरोनसन, टेलर बूथ, डंकन मैकगायर, केविन परेडेस और ग्रिफिन यो। वैकल्पिक : जोश, जैकब, जोहान गोमेज और जॉन पल्सकैम्प शामिल हैं।

### ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे चोतरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले 22 वर्षीय चोतरानी ने मैक्सिको के दूसरे वरीय अल्फ्रेडो अविला वर्गारा को 11-3 9-11 11-7 11-7 से हराकर पांचवीं बार किसी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया था।

### अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में खरीदी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में 3 से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। अश्विन ने कहा हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। सह मालिक के रूप में मैं यात्रा का गवाह बनने और सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।

# गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 में जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन की जरूरत

चेन्नई, एजेंसी



भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में मंगलवार को आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।

दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि शृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें। बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी-20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाए है। दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

### मैच : शाम 07:00 बजे

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर : बाली



**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। 21 वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी। बाली ने छेत्री का बचाव किया और कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शॉर्ट लेग पर जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया वह सराहनीय है। बाली ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि उसे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। टेस्ट मैच के दौरान उसने 70 से 80 ओवर तक फील्डिंग की थी। वह बहादुर लड़की है। शॉर्ट लेग पर फील्डिंग करना आसान नहीं होता है। उसे तब चोट भी लगी थी लेकिन दर्द के बावजूद भी उसने वहां पर फील्डिंग की। उसका रवैया शानदार है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। मुझे बहुत खुशी है कि उसने ब्रिट्स को स्टंप आउट किया।

# अब युवराज को मुझ पर गर्व होगा : अभिषेक

हरारे, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है।

अभिषेक भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे। जिंबॉब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा मैंने कल युवराज से बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।

## मालदीव के पर्यटन निकाय ने टी-20 विश्वविजेता टीम को किया आमंत्रित

**माले।** मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी-20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने संयुक्त बयान में कहा मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने के बाद गुरुवार को भारत लौटी है। इसमें कहा गया हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों को दर्शाता है। शिउरी ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी का हिस्सा बनना मालदीव के लिए बहुत सम्मान की बात होगी।

# इटली के तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

लंदन, एजेंसी

- रिबाकिना और स्वितोलिना भी जीतीं लोरेंजो ने जियोवान्नी को हराया



फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी के खिलाफ मैच के दौरान कोर्ट पर गिरे लोरेंजो मुसेत्ती।

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने पांच फुट आठ इंच लंबे फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुसेत्ती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को विंबलडन प्री क्वार्टर फाइनल में 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर और महिला वर्ग में सातवीं रैंकिंग वाली जैसमीन पाओलिनी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। यह पहली बार हुआ है कि इटली के तीन खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हों।

सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। मुसेत्ती का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव या टेलर फ्रिट्ज से होगा। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच या होल्गर रूने से होगा। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

# फाइनल के लिए स्पेन को भेदना होगा फ्रांस का रक्षा कवच

यूरो कप 2024

म्यूनिख, एजेंसी



• फाइल फोटो

यूरो कप 2024 टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रही स्पेन की फुटबॉल टीम को मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपना विजय क्रम जारी रखते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदना होगा।

टूर्नामेंट में अब तक स्पेन की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उसने अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं और 11 गोल दागकर वहीं शीर्ष पर बनी हुई है जोकि उनके कौशल को दर्शाता है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। दूसरी ओर फ्रांस को अपनी मजबूत रक्षापंक्ति पर भरोसा है, जो पूरे टूर्नामेंट में लगभग अभेद्य रही है। हालांकि उसका अभी तक आक्रामक प्रदर्शन सामने नहीं आया है। केवल उनकी रक्षापंक्ति उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है। फ्रांस ने अभी तक केवल एक ही गोल खाया है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स का भी मानना है कि सेमीफाइनल में बेहतर आक्रामक खेल की आवश्यकता होगी। यह सेमीफाइनल पिछले चार प्रमुख टूर्नामेंटों में फ्रांस की तीसरी उपस्थिति है, जो उनकी स्थायी गुणवत्ता और जीतने की मानसिकता का प्रमाण है। हालांकि, इस तरह के शानदार फॉर्म में चल रही स्पेनिश टीम का सामना करना उनकी अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। लेकिन उनकी रक्षापंक्ति निर्णायक साबित हो सकती है।

## दोस्ताना मैच में म्यांमार पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमार टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमार के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे। इससे पहले भारतीय टीम चार बार एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार से हारी है। भारतीय कप्तान एल आशालता देवी ने कहा हमने उनके खिलाफ पहले भी खेला है तो हमें उनके बारे में पता है। म्यांमार की टीम शारीरिक रूप से काफी मजबूत है और उनकी रफ्तार भी अच्छी है। हम बेहतर प्रदर्शन करके उन्हें हरा सकते हैं।



अभ्यास सत्र में दौड़ लगातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको काम पर लौटेंगे

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको कृषि मंत्री के साथ एक कार्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह मई के मध्य में एक हत्या के प्रयास में बच गए थे। फिको और कृषि मंत्री रिचर्ड स्लोवेन्स्का नोवा वेस गांव में कृषि संघ एग्रो वोडेराडी का दौरा करेंगे, जहां वह कृषि और खाद्य चैंबर और स्थानीय किसानों के प्रतिनिधियों के साथ फसल की प्रगति की जानकारी लेंगे। मई के मध्य में हत्या के प्रयास के बाद शुक्रवार शाम को प्रधानमंत्री पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए थे।

### यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी में इस सप्ताह आयोजित होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करने की संभावना है। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और वित्तीय सहायता देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जा सकती हैं।
अधिकारियों के मुताबिक, सम्मेलन में यूरोपीय संघ और हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ अमेरिका के सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

### सोने की अवैध खदान में भूस्खलन, 12 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। गोरोंटालो प्रांत की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रवक्ता अफीफुद्दीन इलाहुदे ने बताया कि इस प्रांत के दूरस्थ बोन बोलांगो में एक छोटी, पारंपरिक, सोने की खदान में एक गड्ढे में रविवार को करीब 33 ग्रामीण खुदाई कर रहे थे तभी आसपास की पहाड़ियों से कई टन मिट्टी गिरी और वे दब गए। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने रविवार को दो घायलों को बचाया और सोमवार तक 12 शव बरामद किए। वे अब भी 20 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता बताए जा रहे हैं।

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति टीनूबू बने इकोवास के अध्यक्ष

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू को पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। टीनूबू को पहली बार 9 जुलाई 2023 को गिनी-बिसाऊ में इस पद के लिए चुना गया था। समाचार एजेंसी ने टीनूबू के हवाले से कहा मैंने बुर्किना फासो, माली और नाइजर गणराज्य के लिए हमारे विशेष दूत बनने के लिए सेनेगल के राष्ट्रपति बस्सिरौ दियोमाये फेय को नियुक्त किया है, साथ ही टोगो के राष्ट्रपति फॉरे ग्नसिंगबे को माली में नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में बुर्किना फासो, नाइजर और माली ने समुदाय से अपनी वापसी की घोषणा की।

### सिंगापुर ने 16 कीड़ों को मानव भोजन के रूप में दी मंजूरी

**सिंगापुर।** खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। द स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते हैं। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं।

# पांव पसार रहा ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ऐसे बचें

**अमृत विचार नेटवर्क।** बदलते वक्त के साथ ही भारत में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम भी तेजी से पांव पसार रहा है। एक सर्वे में पता चला है कि पांच में से एक शहरी भारतीय ऑनलाइन स्कैम का सामना करता है और इसके कारण वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। 20% शहरी भारतीय ऑनलाइन घोटालों के शिकार हुए हैं, जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सबसे अधिक है। इस ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों में नकली वेबसाइट फिशिंग ईमेल सोशल मीडिया विज्ञापन और नकली शिपिंग अलर्ट शामिल हैं। इसमें स्कैमर्स भुगतान जानकारी चुराने के लिए असली सेलर जैसी नकली वेबसाइट बनाते हैं। इसके बाद फिशिंग ईमेल पीड़ितों को नकली वेबसाइटों पर व्यक्तिगत डिटेल डालने के लिए बरगलाते हैं।




### ऐसे समझिए ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम क्या है

स्कैमर्स किसी भी साइट की नकली और बिल्कुल हू-ब-हू वेबसाइट बनाते हैं, जिससे अक्सर लोग प्रभावित हो जाते हैं। स्कैमर्स ऐसी वेबसाइटों पर उत्पाद का प्रचार जमकर करते हैं क्योंकि वह जानते हैं खरीदार उत्पाद देखकर फंस जाएगा। इसके अलावा वे फर्जी इमेल भेजते हैं, जिसमें लिंक होता है, क्लिक करते ही लोग जाल में फंस जाते हैं।

### स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल के तरीके

- **नकली वेबसाइट :** स्कैमर्स असली ऑनलाइन रिटेलर्स की नकल करते हैं और लोकप्रिय वस्तुओं पर भारी छूट देते हैं। एक बार जब आप अपना भुगतान विवरण डालते हैं, तो वे आपके पैसे चुरा लेते हैं और गायब हो जाते हैं।
- **फिशिंग ईमेल :** इसमें स्कैमर्स विश्वसनीय कंपनियों (बैंक, क्रेडिट कार्ड) से ईमेल के रूप लिंक भेजते हैं। उनमें असली वेबसाइटों की नकल करने वाली नकली वेबसाइटों पर जाने वाले लिंक होते हैं। इन नकली साइटों पर अपनी जानकारी दर्ज करने से उनको आपकी व्यक्तिगत जानकारी मिल जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन :** भ्रामक सोशल मीडिया विज्ञापन अविश्वसनीय डील के साथ नकली प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा देते हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने से आप नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो जाते हैं, जहां आपको अपनी भुगतान जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जाता है।
- **नकली शिपिंग अलर्ट :** ये अलर्ट, जो वैध शिपिंग कंपनियों से लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली वेबसाइटों के लिंक होते हैं। उन पर क्लिक करने से आपको अपनी शिपिंग जानकारी अपडेटट करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अनजाने में आप अपने व्यक्तिगत विवरण स्कैमर्स को सौंप देते हैं।




### इस तरह से आप बच सकते हैं फ्रॉड से

- हमेशा सही ऑनलाइन रिटेलर्स से ही खरीदारी करें। यदि आप किसी स्टोर से परिचित नहीं हैं, तो खरीदारी करने से पहले उसकी वैधता की जांच करें।
- ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों में एम्बेड किए गए लिंक पर तब तक क्लिक न करें जब तक कि आप उनके सोर्स के बारे में पूरी तरह सुनिश्चित न हों।
- लिंक पर माउस घुमाने से वास्तविक गंतव्य वेबसाइट का पता चल सकता है।
- सुनिश्चित करें कि वेबसाइट URL खुदरा विक्रेता के नाम से मेल खाता हो और सुरक्षित कनेक्शन के लिए https से शुरू होता हो।
- कभी भी अविश्वसनीय वेबसाइटों पर व्यक्तिगत विवरण (नाम, पता, फोन नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी) साझा न करें।
- सुरक्षा की दृष्टि से डेबिट कार्ड की तुलना में क्रेडिट कार्ड बेहतर होते हैं।

# रूस से अच्छे संबंधों से भारत को होगा फायदा

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, राष्ट्रपति पुतिन ने दिया प्राइवेट डिनर

- आर्थिक संबंधों व प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर केंद्रित होगी वार्ता
- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे हैं रूस
- यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद यह मोदी की पहली यात्रा

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार से अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा शुरू की जिसमें वह व्यापार, ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान देते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। मॉस्को पहुंचते ही मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को गहन बनाने को लेकर आशान्वित हैं और भारत तथा रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस ने वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की।

यह पिछले पांच साल में मोदी की रूस की पहली यात्रा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद उनकी पहली मॉस्को यात्रा है। पुतिन ने मॉस्को में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के तहत मंगलवार को होने वाली वार्ता से पहले सोमवार रात को मोदी को प्राइवेट डिनर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मॉस्को पहुंचने पर भारतीय प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। शहर में कार्लटन होटल में भारतीय मूल के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कुछ रूसी कलाकारों ने हिंदी गीतों की धुन पर नृत्य कर उनका स्वागत किया। मोदी ने भारत से रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा कि भारत एक शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक की भूमिका निभाना चाहता है।



मास्को हवाई अड्डे पर भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

### भारतीय समुदाय मंदिर के निर्माण की मांग करेगा

**मॉस्को।** रूस में भारतीय समुदाय के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी से देश में एक हिंदू मंदिर, एक नई भारतीय स्कूल इमारत का निर्माण करने तथा भारत तक अधिक सीधी उड़ान सेवाओं की उपलब्धता के लिए उनसे सहयोग देने का अनुरोध करेंगे। रूस में रह रहे पटना के राकेश कुमार ने कहा कुछ चीजें हैं जो समाज में अब भी नदारद हैं। हम मोदी से एक हिंदू मंदिर के निर्माण की मांग करेंगे। एअर इंडिया जैसी कोई अन्य एयरलाइन रूस तक उड़ानों का संचालन करती है तो सीटों की उपलब्धता के साथ ही उड़ानों की संख्या भी बढ़ेगी।

### रूस यात्रा के बाद जाएंगे आस्ट्रिया

**मॉस्को।** रूस में नौ जुलाई को अपनी यात्रा पूरी करने के बाद मोदी ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होंगे। यह, विगत 40 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वहां की पहली यात्रा होगी। रूस के साथ अपनी मजबूत दोस्ती को इंगित करते हुए भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

### मोदी सरकार को सराहने को फिर मजबूर हुआ चीन

**बीजिंग।** चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। उसने कहा कि भारत ने अमेरिका की परेशान करने वाली हरकतों के बावजूद रूस के साथ संबंधों को मजबूत किया है। अखबार ने लिखा यह काफी आश्चर्यजनक है कि अमेरिका का दुनिया भर में इतना प्रभाव है, जबकि वह वैश्विक आबादी का 5 प्रतिशत से भी कम प्रतिनिधित्व करता है।

# बाइडेन का राष्ट्रपति पद की दावेदारी छोड़ने से इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- डेमोक्रेट सांसदों को नाटक समाप्त करने को कहा

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डेमोक्रेट सांसदों को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने से इनकार किया। साथ ही पार्टी के भीतर चल रहे उस नाटक को समाप्त करने का आह्वान किया, जिसने डेमोक्रेट नेताओं को इस बात पर विभाजित कर दिया है कि बाइडेन को दौड़ में बने रहना चाहिए या नहीं। बाइडेन ने सोमवार को दो पन्नों के पत्र में लिखा आगे कैसे बढ़ना है, यह सवाल पिछले एक सप्ताह से खूब चर्चा में है और अब इसे खत्म करने का समय आ गया है।

उन्होंने जोर दिया कि पार्टी का एक ही काम है कि नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराया जाए। बाइडेन ने पत्र में कहा कि आम चुनाव में 119 दिन बाकी हैं। कमजोर संकल्प या आगे के अभियान के बारे में स्पष्टता की कमी से सिर्फ ट्रंप को मदद मिलेगी और हमें नुकसान होगा। अब समय आ गया है कि हम एक साथ आएं, एक एकीकृत पार्टी के तौर पर आगे बढ़ें और डोनाल्ड ट्रंप को हराएं। राष्ट्रपति जो बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में मतभेद गहरे हो रहे हैं तथा इस बात को लेकर कई सांसद मुखर हो रहे हैं।



### बाइडेन को पद के विरोध में डेमोक्रेटिक के पांच सांसद

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के पांच सांसदों ने रविवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडेन को बाहर हो जाना चाहिए। अटलांटा में 27 जून को हुई बहस में रिपब्लिकन पार्टी से अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बाइडेन के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा फोन कॉल पर की गई चर्चा के दौरान सांसदों- जेरी नाडलर, मार्क ताकानो, जो मोरेल, टेड लियू और एडम स्मिथ ने अपने विचार व्यक्त किए।

# देश की स्थिरता के लिए नहीं बदला पीएम

**पेरिस, एजेंसी**

- फ्रांस चुनाव से 20 दिन पहले बने गठबंधन ने जीतीं सर्वाधिक सीटें
- मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चुनाव परिणाम के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अटल के इस्तीफे से इनकार करते हुए उन्हें अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा। इस चुनाव परिणाम के बाद सरकार का भविष्य अधर में है। फ्रांस में कोई भी पार्टी (वाम, मध्यमार्ग या दक्षिणपंथ समर्थक) सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के नजदीक भी नहीं पहुंच पाई है।

रविवार को हुए मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप होने का खतरा बढ़ गया है। मैक्रों ने दांव खेला था कि समय पूर्व चुनाव कराने के उनके फैसले से फ्रांस को एक स्पष्ट दिशा मिलेगी, लेकिन परिणाम बिल्कुल विपरीत आया। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में तीन हफ्ते से कम समय बचा है जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहेगा। मैक्रों के शीर्ष राजनीतिक सहयोगी राष्ट्रपति भवन में अटल के साथ बैठक में शामिल हुए। अटल ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह अचानक चुनाव कराने के मैक्रों के फैसले से असहमत थे। दो दौर के मतदान के बाद आए नतीजों में पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन, दूसरे स्थान पर रहे मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन या धुर दक्षिणपंथी गठबंधन में से किसी को भी सरकार बनाने का कोई स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। फ्रांस में राजनीतिक गतिरोध का यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति और यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।



### गठबंधन के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर

सोमवार को जारी किए गए आधिकारिक चुनाव परिणाम के अनुसार, फ्रांस की दो सदन वाली विधायिका में से सर्वाधिक शक्तिशाली 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। तीनों ही गठबंधन बहुमत के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर हैं। चुनाव परिणाम के मुताबिक, पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट को 180 से कुछ अधिक सीट मिली हैं, जबकि मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को 160 से अधिक सीट प्राप्त हुई हैं। मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली और उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 140 से अधिक सीट पर विजय मिली।

**बीएमडब्ल्यू हादसा मामला**

### शिवसेना नेता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में शिवसेना नेता राजेश शाह को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में उनका बेटा भी आरोपी है और इस समय फरार है।

पुलिस ने बताया कि शिवसेना नेता का बेटा मिहिर शाह (24) कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रहा था, जिसने रविवार सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और इस हादसे में बाइक पर सवार कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई, वहीं उनके पति प्रदीप घायल हो गए। मामले में शाह का ड्राइवर राजर्षि बिदावत भी आरोपी है। उसे मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सीवरी अदालत) एसपी भोसले ने मंगलवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# 737 मैक्स विमान हादसों में आरोप स्वीकार करेगा बोइंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- न्याय विभाग ने दी जानकारी, 2 घटनाओं में 346 की मौत पर भी सेफ्टी का नहीं रखा ध्यान

अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग उसके 737 मैक्स विमानों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं संबंधी आपराधिक धोखाधड़ी के मामले में आरोपों को स्वीकार करेगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने रविवार रात को यह जानकारी दी। इससे पहले अमेरिकी सरकार ने कहा था कि कंपनी ने उस समझौते का उल्लंघन किया है जिसने उसे अभियोग से तीन साल से अधिक समय तक बचाए रखा। संघीय अभियोजकों ने इस सप्ताह बोइंग को विकल्प दिया था कि वह अपनी सजा के तहत या तो अपने आरोप स्वीकार कर जुर्माना भरे या अमेरिका के साथ धोखाधड़ी के षड्यंत्र के आपराधिक आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना करे। अभियोजकों ने अमेरिकी कंपनी पर उन नियामकों को धोखा देने का आरोप लगाया जिन्होंने विमान और पायलट-प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को मंजूरी दी थी। अमेरिकी सरकार और बोइंग के बीच समझौते को अभी किसी संघीय न्यायाधीश की मंजूरी मिलनी बाकी है। इस समझौते के तहत बोइंग को 24 करोड़ 36 लाख डॉलर का अतिरिक्त जुर्माना भरना होगा। बोइंग ने 2021 में हुए समझौते के तहत इतनी ही राशि का भुगतान किया था। अमेरिकी न्याय मंत्रालय का कहना है कि कंपनी ने इस समझौते का उल्लंघन किया था।




### रूस-यूक्रेन के बीच सीधा संवाद शुरू कराने में मदद का आह्वान

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से मुलाकात के दौरान वैश्विक महाशक्तियों से सीधा संवाद बहाल करने में रूस और यूक्रेन की मदद करने का आह्वान किया। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। ओरबान पिछले सप्ताह रूस और यूक्रेन की यात्रा करने के बाद अचानक चीन पहुंचे। वह यूक्रेन में शांति समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए ये यात्राएं कर रहे हैं। ओरबान ने शांति के लिए चीन की पहल की तारीफ करते हुए उसे सकारात्मक और महत्वपूर्ण बताया तथा उसे वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत करार दिया। ओरबान ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि रूस और यूक्रेन के अलावा युद्ध खत्म होना तीन वैश्विक महाशक्तियों... अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन के निर्णय पर निर्भर करता है।

## बॉलीवुड हलचल

### इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक'' फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। बताया जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे और इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है और इसे बदला भी जा सकता है। आदित्य इस फिल्म को अपने भाई लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।



### फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में वापसी करेंगी नोरा फतेही

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही है। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म मटका में नोरा फतेही, वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली : द बिगिनिंग, किक 2 और ऊपरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा, मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया।



### सुनील शेट्टी बोले क्या बेटा अपने पिता के लिए चुनौती हो सकता है

**इंदौर।** सिनेमा बनाम ओटीटी मंचों की बहस को लेकर अभिनेता सुनील शेट्टी ने सोमवार को कहा कि सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने हालांकि कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच नये और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के लिए सिनेमा के बड़े माध्यम में प्रवेश की राह जरूर तैयार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ओटीटी मंचों को सिनेमा के लिए चुनौती मानते हैं, जिसपर शेट्टी ने कहा बिल्कुल नहीं। क्या एक पिता के लिए उसका बेटा चुनौती हो सकता है? सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब वीडियो कैसेट के बारे में कहा गया था कि इनके कारण सिनेमा जगत में उथल-पुथल मच जाएगी लेकिन ये कैसेट सिनेमा माध्यम का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाईं।

**बदलाव** अत्यधिक सौर सक्रियता को लेकर भी लगने लगे हैं कयास

# पहले प्रचंड गर्मी अब भीषण बारिश जलवायु परिवर्तन के संकेत

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** पहले बियावान सूखा, फिर प्रचंड गर्मी के बाद अब भीषण बरसात जलवायु भविष्य के लिए अच्छे संकेत नही हैं। इसके पीछे की वजह ग्लोबल वार्मिंग तो मुख्य वजह मानी जाती रही है, वहीं इस बार सूर्य के रिकॉर्ड तोड़ सक्रिय होने के कयास भी लगाए जाने लगे हैं। बहरहाल इसका हमारी जलवायु पर असर डालने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नही है।

मौसम की दुश्वारियां इस बार सिर चढ़कर बोली हैं। शरदकाल सूखे की भेंट चढ़ गया और मई जून की भीषण गर्मी ने देश में सैंकड़ों जाने लेली। इसके बाद मानसून ने शुरुआत में ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है। इसकदर तबाही मचाने वाले मानसून पहले कम ही देखने को मिला है। 2013 में आए मानसून ने केदार जैसी भयानक आपदा को जन्म दिया था। उसका कारण मानसून के साथ पश्चिमी विक्षोभ का शामिल होना था। उत्तराखंड में वह मानसून शुरुआती चरण का था और इस बार भी मानसून का प्रारंभ अच्छे लक्षण नही हैं। पिछले सप्ताहभर से बरस रहा मानसून जारी है। मौसम की बिगड़ी फितरत को लेकर मौसम के जानकारों का कहना है कि वैश्विक ताप इसकी प्रमुख वजह है। मगर दूसरी ओर लोग सौर सक्रियता भी इसकी वजह होने के कयास लगाने लगे हैं। दरअसल सूर्य पिछले करीब एक वर्ष से जबर्दस्त सक्रिय है। जिसने एक्स क्लास समेत एम व सी श्रेणी की सैकड़ों ज्वालाएं उगली हैं, जो अपनेआप में ऐतिहासिक रही हैं। जिसे लेकर कयास लगाने स्वाभाविक भी है, लेकिन इनकी वैज्ञानिक प्रमाणिकता नही होने के कारण कुछ नही कहा जा सकता है। मगर इस तथ्य से इंकार भी नही किया जा सकता है।



### जलवायु परिवर्तन के दूसरे कारणों से भी इनकार नही किया जा सकता

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि इसमें दोराय नही कि ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण है। मगर दूसरे कारण भी हो सकते हैं। जिनके बारे में हम अंजान हों। इस दिशा में व्यापक शोध की जरुरत है। सूर्य की गतिविधियों पर अधिक शोध किए जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। हमारे सौरमंडल के अन्य ग्रहों पर भी पर्यवारण संबंधी शोध कर कुछ नए परिणाम आ सकते हैं। जिनसे पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन को नई दिशा भी मिल सकती है।